हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

जंतर मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन से एक दिन पहले दिल्ली में 37 पॉइंट पर कड़ी नाकेबंदी
आम आदमी व यात्रियों का सवाल


हमारा क्या कसूर?

दिल्ली 'सील'



मैदान में आराम करती पैरामिलिट्री फोर्स

- स्कूल-कॉलेज भी बंद, ऑनलाइन क्लास व टेस्ट चलेंगे
- मसजिदों से मुनादी- कोई भी जंतर मंतर पर न जाए
- रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर यात्रियों पर निगरानी
- दिल्ली से लगते आसपास के राज्यों के बॉर्डर सील
- लगभग 23 हजार से ज्यादा पुलिसवाले तैनात
- जंतर मंतर पर जाना प्रतिबंधित किया गया



सीसीटीवी लगाते हुए

इंटरनेट बंद और 66 ट्रेनें रद्द
बॉर्डर पर सीमेंटेड बैरिकेडिंग
57 मेट्रो स्टेशन बंद, कनॉट प्लेस में दुकानें-रेस्तरां भी बंद

रात भर होती रही बाकी ट्रेनों-बसों, पीजी और हॉस्टल से जेन-जी की धरपकड़, कहीं-कहीं हाउस अरेस्ट भी किए गए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के विरोध में 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। राजधानी को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी सीमेंटेड बैरिकेड लगाए जा रहे हैं, जबकि गाजियाबाद और फरीदाबाद की सीमाओं पर भी पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। प्रदर्शन से पहले 57 मेट्रो स्टेशनों को बंद करने, 66 ट्रेनों को रद्द करने और नई दिल्ली के चार किलोमीटर के दायरे में इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने के आदेश दिए गए हैं। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश राजस्थान और अन्य राज्यों से दिल्ली आने वाली कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। मुंबई से आने वाली दो राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों को पांच घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। जनपथ-कर्तव्य पथ चौराहे के आसपास चार किमी के दायरे में 9 से रात 10 बजे से 10 अक्टूबर रात 10 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रखने ▸▸शेष पेज 4 पर

जनपथ-कर्तव्य पथ चौराहे के आसपास 4 किलोमीटर के दायरे में 9 अक्टूबर रात 10 बजे से 10 अक्टूबर रात 10 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रखने का आदेश



मेट्रो की बैरिकेडिंग

सीजेपी के प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट की सरकार को सलाह

'मक्खी' मारने के लिए 'हथौड़ा' न उठाएं

मेट्रो स्टेशन बंद करने और रेल सेवाएं रोकने पर जताई आपत्ति, कहा- प्रतिबंध जरूरत के मुताबिक हों, आम लोगों को परेशानी न हो

दिल्ली में लगाए गए प्रतिबंधों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को पुनर्विचार करने की सलाह दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे कदम नहीं उठाए जाने चाहिए, जिनसे आम लोगों को अनावश्यक परेशानी हो। अदालत ने टिप्पणी की कि 'मक्खी मारने के लिए हथौड़ा' नहीं उठाना चाहिए। शुक्रवार को वरिष्ठ वकीलों ▸▸शेष पेज 4 पर

दीपके बोले- आंदोलन होकर रहेगा, कर लें गिरफ्तार



सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि आंदोलन होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर प्रदर्शन के लिए तय जगह है। संविधान का अनुच्छेद 19 प्रदर्शन करने ▸▸शेष पेज 4 पर

कुछ भी हो जाए, हाथ हमारा नहीं उठेगा



सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने प्रदर्शन से पहले समर्थकों से हिंसा से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विरोध के दौरान कुछ भी हो जाए, समर्थकों का हाथ नहीं उठना चाहिए। रांका ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उन्हें गर्व है कि समर्थक अब तक लंबा सफर तय कर चुके हैं और वे अगले दिन इतिहास रचने जा रहे हैं।

सरकार ने खुद दिल्ली बंद बुलाया



कॉकरोच जनता पार्टी के सह-संयोजक सौरव दास ने कहा कि दिल्ली में पूरी तरह बंद जैसे हालात सरकार ने खुद पैदा किए हैं। सरकार को डर है कि अगर ज्ञानेश कुमार गए, तो सब चले जाएंगे। भारत सरकार ने कल दिल्ली बंद का आह्वान किया है।

सीजेपी के प्रदर्शन को टिकैत का समर्थन



किसान नेता राकेश टिकैत ने सीजेपी के 10 अक्टूबर को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया है। उन्होंने युवाओं और किसानों से दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होने या अपने-अपने जिलों में ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराने की अपील की है। सीजेपी के नेता अभिजीत दिपके ने समर्थन के लिए टिकैत का आभार जताया है।

शान-ए-भोपाल, महाकौशल और संपर्क क्रांति भी प्रभावित

भोपाल-जबलपुर से दिल्ली जाने वाली आधा दर्जन ट्रेनें निरस्त

भोपाल। दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों को अचानक ट्रेनों के निरस्त होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। भोपाल और जबलपुर से दिल्ली के लिए चलने वाली प्रमुख ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने से यात्रियों की यात्रा योजनाएं बिगड़ गईं। निरस्त होने वाली ट्रेनों में राजधानी एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस शामिल हैं। वहीं, रैक की अनुपलब्धता के कारण हजरत निजामुद्दीन से आने वाली भोपाल एक्सप्रेस 10 अक्टूबर को भी निरस्त रहेगी।

सीजेपी के 16 कार्यकर्ताओं को गोवा एक्सप्रेस से उतारा, रिसॉर्ट में भेजा




इटारसी। दिल्ली में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले इटारसी रेलवे स्टेशन पर कॉन्करॉच जनता पार्टी (सीजेपी) के कार्यकर्ताओं को ट्रेन से उतार लिया गया। गुरुवार शाम गोवा एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे कार्यकर्ताओं को इटारसी में रोक लिया गया। इसके बाद उन्हें पुलिस अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई को लेकर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच विवाद की स्थिति बनी। सीजेपी के मुताबिक, उनके 16 कार्यकर्ताओं को ट्रेन से उतारा गया था, जिनमें युवक और युवतियां शामिल थीं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना स्पष्ट कारण बताए ट्रेन से उतारा गया और उनकी दिल्ली यात्रा रोक दी गई। महाराष्ट्र की एक युवती ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार करने और कपड़े खींचने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं के अनुसार, ट्रेन से उतारे जाने के बाद उन्हें इटारसी के द पार्क रिसॉर्ट में रखा गया। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराज दिवांग ने इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

ध्रुव राठी के खिलाफ गृह मंत्रालय से जांच की मांग



बेंगलुरु। बेंगलुरु के पूर्व पुलिस आयुक्त भास्कर राव ने एसआईआर विरोधी प्रदर्शन में यूट्यूबर ध्रुव राठी की भागीदारी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय से उनकी नागरिकता, वीजा और आव्रजन नियमों के अनुपालन की जांच कराने की मांग की है। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में राव ने कहा कि जर्मनी की नागरिकता रखने वाले राठी ने अभिनेता-कार्यकर्ता प्रकाश राज और अन्य लोगों के साथ बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। यह कार्यक्रम एसआईआर के विरोध में आयोजित किया गया था। राव ने पत्र में पूछा है कि क्या किसी विदेशी नागरिक को भारतीय संवैधानिक संस्थाओं से जुड़े राजनीतिक विरोध प्रदर्शन में भाग लेने की अनुमति है।

राष्ट्रपति मुर्मू से मिला इंडिया ब्लॉक का प्रतिनिधिमंडल, ज्ञापन भी सौंपा

राहुल बोले-राष्ट्रपति ने नहीं खारिज की वोट चोरी की बात, सबूत मांगे



मीडिया को जानकारी देते इंडिया ब्लॉक के नेता

- राहुल ने कहा कि विपक्ष सबूत राष्ट्रपति को सौंपेगा
- आज सुप्रीम कोर्ट जाएंगे सीजेआई सूर्यकांत को सौंपेंगे ज्ञापन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर वोट चोरी का मुद्दा उठाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने उनकी बातों को खारिज नहीं किया और इससे जुड़े सबूत मांगे। राहुल ने कहा कि विपक्ष राष्ट्रपति को सबूत मुहैया कराएगा। विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी नेता सोमवार को सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और सीजेआई सूर्यकांत को ज्ञापन सौंपेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी, नेशनल कॉन्फ्रेंस ▸▸शेष पेज 4 पर



राष्ट्रपति से चर्चा करते हुए

नेताओं ने राष्ट्रपति से सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग भी उठाई

बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाए- खरगे

खरगे ने मीडिया से कहा कि विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हम वोट चोरी के बारे में बताने के लिए राष्ट्रपति के पास गए थे हमने उनसे आग्रह किया कि ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाए। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ▸▸शेष पेज 4 पर

राष्ट्रपति भवन की ओर किया मार्च

इससे पहले विपक्षी नेताओं ने बैठक की और 'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाने तथा सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर रणनीति पर मंथन किया। बैठक के बाद विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च शुरू किया लेकिन पुलिस ने उन्हें विजय चौक पर ही रोक दिया। ▸▸शेष पेज 4 पर

भाजपा ने इंडिया ब्लॉक के नेताओं के बयानों पर सवाल उठाए

राष्ट्रपति से बातचीत को गलत तरीके से किया पेशः त्रिवेदी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से इंडिया ब्लॉक के नेताओं की मुलाकात के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिए गए बयान पर सियासी बवाल बढ़ गया है। भाजपा ने राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा है। सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज राष्ट्रपति ने इंडिया ब्लॉक के नेताओं को मुलाकात का समय दिया। राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के नेता पिछले कई दिनों से बेतुका और निराधार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति को लेकर ऐसा ▸▸शेष पेज 4 पर

सीएम ने हरदा में समाधान ऑनलाइन में समस्याएं सुनकर किया निराकरण

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान

10 माह से मानदेय लंबित, आदिम जाति के जिला संयोजक 'निलंबित'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री ने हरदा पहुंचते ही सबसे पहले जिला चिकित्सालय व वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया



समाधान ऑनलाइन में लोगों की समस्याएं सुनते सीएम

- सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर जताई नाराजगी
- लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा में समाधान ऑनलाइन में जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा करते हुए पांच आवेदकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में अनावश्यक विलंब और शिकायत के निराकरण में लापरवाही बरतने पर मुख्यमंत्री ने आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक प्रमोद माथुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत हरदा पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने हरदा पहुंचते ही सबसे पहले जिला चिकित्सालय व वृद्धाआश्रम का निरीक्षण किया। इसके बाद वहीं ▸▸शेष पेज 4 पर

विद्युत बिल संबंधी शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संदीप गौर से चर्चा कर कृषि यंत्रों पर सब्सिडी से संबंधित उनकी शिकायत सुनी। सतीश उइके की विद्युत बिल से संबंधित समस्या पर चर्चा करते हुए महाप्रबंधक विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं के निराकरण ▸▸शेष पेज 4 पर

शिकायतों की मॉनिटरिंग अनिवार्य तौर पर करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों का निराकरण इस स्तर पर किया जाए कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए समाधान ऑनलाइन तक पहुंचने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए कलेक्टर सभी शिकायतों की व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करें। शिकायतों की विवेचना और निराकरण में देरी या लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस विभाग से संबंधित 100 दिवस से अधिक समय से लंबित 27 शिकायतें सामने आने पर मुख्यमंत्री ने अप्रसन्नता व्यक्त की।

उपचुनावों में भाजपा की जीत से गदगद पीएम

बोले- जनता का भरोसा हमारी ताकत पार्टी की सफलता सुशासन का परिणाम



पुडुचेरी में सहयोगी को भी जीत की दी बधाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उपचुनावों में भाजपा और एनडीए के उम्मीदवारों की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि ये नतीजे भाजपा-एनडीए के सुशासन के एजेंडे पर लोगों के गहरे भरोसे को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की।

मोदी ने असम के नगांव और पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम व रेजीनगर सीटों पर भाजपा की जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता का लगातार मिल रहा समर्थन। ▸▸शेष पेज 4 पर

बलात्कार और यौन हिंसा को अंतरराष्ट्रीय अपराधों के रूप में मान्यता दिलाने तथा मानवता के खिलाफ अपराधों के मामलों में जवाबदेही तय करने में उनकी अहम भूमिका रही

भारतीय मूल की नवी पिल्लई को नोबेल शांति पुरस्कार, ट्रंप को फिर नहीं मिली कामयाबी

खुद भी झेला भेदभाव, अफ्रीकी कानून विशेषज्ञ बनीं, पिल्लई के दादा तमिलनाडु के रहने वाले थे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



नवी पिल्लई

भारतीय मूल की दक्षिण अफ्रीकी नागरिक नवनेथम 'नवी' पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने शांति और अंतरराष्ट्रीय कानून को बढ़ावा देने में उनके योगदान को सम्मान का आधार बताया। पिल्लई के दादा तमिलनाडु के रहने वाले थे। वह प्रख्यात वकील और न्यायविद हैं तथा रवांडा के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण की अध्यक्ष रह चुकी हैं। 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में जन्मीं पिल्लई ने नस्लीय भेदभाव के दौर में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने 2008 से 2014 तक संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में काम किया। वह दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय में न्यायाधीश रहीं और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से भी ▸▸शेष पेज 4 पर

भारत से कैसा नाता है?



नवी भारतीय मूल की तमिल परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा गन्ना किसान थे। गौर करने वाली बात यह है कि उनके पूर्वज भारत से गिरमिटिया मजदूर के रूप में दक्षिण अफ्रीका गए थे। भारत से गहरी भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव के चलते उन्होंने अपनी पारंपरिक तमिल संस्कृति, संस्कारों और मूल्यों को संजोए रखा, जो उनके संघर्षशील और न्यायप्रिय जीवन में स्पष्ट रूप से झलकता है।

ट्रंप बोले थे- मुझे पुरस्कार नहीं तो यह समिति की ही बदनामी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से नोबेल शांति पुरस्कार पाने की इच्छा जाहिर करते रहे हैं। उनका दावा है कि उन्होंने आठ युद्धों को समाप्त कराने या संघर्षों को रोकने में भूमिका निभाई है। ट्रंप ने पुरस्कार की घोषणा से पहले 7 अक्टूबर को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा था कि उन्हें नहीं पता कि समिति क्या फैसला करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें पुरस्कार नहीं मिलता, तो यह समिति के लिए बदनामी की बात होगी।

खबर संक्षेप



निश्नात दाधोरे बने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर

भोपाल। भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रबंधन शाखा के होनहार छात्र निश्नात दाधोरे ने एसएससी सीजीएल 2025 परीक्षा में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। निश्नात ऑल इंडिया रैंक 294 प्राप्त कर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रसाद पिल्लई, प्रति कुलपति डॉ. भारती सातनकर, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. मनोज शुक्ला, कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकर अधिष्ठाता प्रबंधन डॉ. ब्रिज त्रिपाठी एवं फैकल्टी सदस्यों ने दाधोरे को बधाई दी।

एम्सः सहायक प्रोफेसर पदों के लिए अब 17 अक्टूबर अंतिम तिथि

भोपाल। एम्स भोपाल में संविदा के आधार पर 45 सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि सात दिन बढ़ाकर 17 अक्टूबर कर दी गई है। भर्ती सामान्य चिकित्सा, कार्डियोलॉजी, बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी, मेडिकल जेनेटिक्स, पीडियाट्रिक सर्जरी आदि विभागों में होनी है। अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित ई-मेल से भेज सकते हैं।

पितृ मोक्ष अमावस्या पर निःशुल्क तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन

भोपाल। पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में पितरों की आत्मशांति, सद्गति एवं उनके प्रति श्रद्धा अर्पित करने हेतु विशाल स्तर पर निःशुल्क तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता एवं स्मरण का विशेष महत्व है। यह अवसर अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनकी स्मृति में पुण्य कर्म करने का है। अतः भोपाल एवं आसपास के सभी श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में गायत्री शक्तिपीठ आकर इस धार्मिक आयोजन में सहभागी बनें तथा विधि-विधान से तर्पण एवं पिंडदान कर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा अर्पित करें।

राजधानी में अग्रसेन महाराज के गूंजे जयकारे, निकली शोभायात्रा



भोपाल। अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन जयंती शुक्रवार को श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर समाज की ओर से सामूहिक रूप से अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना की और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प लिया। इसके बाद देर शाम को आकर्षक चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।



सोमनाथ मंदिर से केदारनाथ धाम तक की झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र

राजधानी में 1200 जगह विराजेंगी मां दुर्गा, 22 से ज्यादा स्थानों पर गरबा की धूम

1.30 करोड़ की लागत से तैयार हुई सोमनाथ मंदिर की प्रतिकृति, 42 कारीगरों ने तीन महीने में किया निर्माण



मां अम्बे की प्रतिमा को लेकर जाते समिति सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पितृपक्ष के समापन के साथ ही राजधानी में नवरात्रि की रौनक शुरू हो जाएगी। रविवार से शुरू हो रहे दस दिवसीय पर्व को लेकर शहर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार भोपाल में करीब 1200 स्थानों पर मां जगदम्बा की स्थापना होगी, जबकि 22 से अधिक स्थानों पर गरबा महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। शहर के प्रमुख बाजारों और कॉलोनियों में दुर्गा पंडाल सजकर तैयार हो रहे हैं। कहीं भव्य मंदिरों की प्रतिकृतियां बनाई गई हैं, तो कहीं आकर्षक झांकियों के जरिए धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने की तैयारी है। कलाकार प्रतिमाओं की सजावट और पंडालों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। नवरात्रि के दौरान न्यू मार्केट, बिट्टुल मार्केट, बरखेड़ा, नेहरू नगर और अन्ना नगर की झांकियां प्रमुख आकर्षण रहेंगी।

1.30 करोड़ से तैयार हुई सोमनाथ मंदिर की झांकी

बिट्टुल मार्केट हाट बाजार में जय मां वैष्णो दुर्गा उत्सव एवं श्री राम रसोई समिति अपने 24वें आयोजन में बाबा सोमनाथ मंदिर की भव्य प्रतिकृति प्रस्तुत करेगी। करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से तैयार इस झांकी के निर्माण में कोलकाता के 42 कारीगर पिछले तीन महीने से जुटे हुए हैं। झांकी में 45 से 48 मूर्तियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समिति संयोजक हरिओम खटीक ने बताया कि झांकी के माध्यम से सोमनाथ मंदिर की भव्यता, आध्यात्मिक महत्ता और सनातन संस्कृति को दर्शाया जाएगा। पंडाल में भगवान गणेश, सूर्यदेव, बाबा सोमनाथ के भव्य गर्भगृह और मां जगत जननी दुर्गा के दर्शन होंगे। समिति के संरक्षक राजेंद्र गुप्ता, झांकी अध्यक्ष विजय गुप्ता और संरक्षक सुनील पांडे ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।



रेतघाट चौराहे पर नवरात्र के अवसर पर सजा झांकी पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

जंबूरी मैदान में गरबा के साथ दिखेगा केदारनाथ धाम



भोपाल के न्यू मार्केट के रोशनपुरा चौराहे पर झांकी पंडाल।

राजधानी के सबसे बड़े गरबा आयोजनों में शामिल भोजपाल महोत्सव मेला समिति का आयोजन जंबूरी मैदान पर होगा। समिति अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष नवरात्रि में धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इस बार गरबा महोत्सव के साथ पहली बार बाबा केदारनाथ धाम की भव्य झांकी भी तैयार की जा रही है। 11 से 20 अक्टूबर तक श्रद्धालु यहां केदारनाथ धाम के दर्शन कर सकेंगे। झांकी में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

लाइटिंग, झूले और फूड स्टॉल भी रहेंगे

समिति के महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि करीब 300 बाय 300 फीट क्षेत्र में आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ झूले और फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा के लिए गार्ड और समिति के 100 से अधिक वॉलंटियर तैनात रहेंगे। पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी।

इन स्थानों पर भी होगा गरबा

राजधानी में नेहरू नगर के खुशीलाल ग्राउंड पर गायत्री गरबा महोत्सव आयोजित होगा। यहां 14, 15 और 16 अक्टूबर को गरबा होगा। इसके अलावा कटारा हिल्स, लाहरपुर, पीपल्स मॉल और लालघाटी सहित शहर के 22 से अधिक स्थानों पर गरबा महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। नवरात्रि के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ गरबा की धूम भी रहेगी।



करुणाधाम आश्रम पहुंचेगी मां बड़ी अम्मा

पहली पंचमुखी महाकाली 'बड़ी अम्मा' करुणाधाम में होंगी विराजमान

मध्यप्रदेश की पहली पंचमुखी महाकाली के रूप में प्रतिष्ठित माँ 'बड़ी अम्मा' का भव्य आगमन करुणाधाम आश्रम, नेहरू नगर में होने जा रहा है। मां की 21 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। शनिवार 10 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे प्लैटिनम प्लाजा चौराहे पर माँ बड़ी अम्मा का भक्तिमय वातावरण में भव्य स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर पीठाधीश्वर श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज के साथ बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहेंगे। आश्रम के युवा समिति के अध्यक्ष श्री शाश्वत शांडिल्य ने बताया कि 9 रातें, 9 रंग और 9 दिव्य रूपों के साथ माँ बड़ी अम्मा के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 10 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे प्लैटिनम प्लाजा चौराहे पर माँ की आरती-पूजन किया जाएगा। इसके बाद माता मंदिर से होते हुए मैनिट चौराहे के रास्ते माँ की प्रतिमा को करुणाधाम आश्रम, नेहरू नगर के लिए प्रस्थान कराया जाएगा। आगमन के दौरान बारेलाल बैंड की विशेष प्रस्तुति होगी। वहीं, ट्रस्ट की ओर से माँ बड़ी अम्मा का स्वागत किया जाएगा। धार्मिक आस्था और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की उम्मीद है।

21 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा के आगमन पर होगा विशेष आयोजन

11 से 22 अक्टूबर तक 5 मिनट रुकेंगी ट्रेनें, श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

नवरात्रि में माता के दर्शन करना होंगे आसान मैहर में 14 जोड़ी ट्रेनों को अस्थाई ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारदीय नवरात्र में मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने बड़ा निर्णय लिया है। भोपाल मंडल होकर गुजरने वाली 14 जोड़ी ट्रेनों को 11 से 22 अक्टूबर तक मैहर स्टेशन पर पांच मिनट का अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। इससे देश के अलग-अलग शहरों से मां शारदा के दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों को उतरने और अपनी यात्रा पूरी करने में सुविधा मिलेगी। रेलवे के इस निर्णय से नवरात्र मेले के दौरान मैहर जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। निर्धारित अवधि में लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा, चेन्नई-छपरा और वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस सहित 14 जोड़ी ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर अस्थायी ठहराव रहेगा।

11 से 22 अक्टूबर तक पांच मिनट रुकेंगी ट्रेनें

इन ट्रेनों के समय में ठहराव

लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस (11055) मैहर स्टेशन पर रात 3:10 बजे पहुंचकर 3:15 बजे रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 11056 रात 8:25 बजे पहुंचेगी और 8:30 बजे रवाना होगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस (11059) रात 3:10 से 3:15 बजे तक, चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस (12669) रात 8:50 से 8:55 बजे तक और वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस (19051) दोपहर 3:05 से 3:10 बजे तक मैहर स्टेशन पर रुकेगी। इसके अलावा पुणे-गोरखपुर, पुणे-बनारस, बांद्रा टर्मिनस-पटना, एलटीटी-रक्सौल, पूर्णा-पटना, एलटीटी-रांची, एलटीटी-अयोध्या कैंट, एलटीटी-गुवाहाटी और सूरत-छपरा सहित अन्य ट्रेनों को भी निर्धारित तिथियों में अस्थायी ठहराव दिया गया है।

15 अक्टूबर तक होंगे आयोजन,

डाक सप्ताह शुरू : बैंकिंग डिजिटल सेवाओं तक की मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डाक सेवाओं की उपयोगिता और आमजन के जीवन में उनकी भूमिका बताने के लिए मध्यप्रदेश डाक परिमंडल में 9 से 15 अक्टूबर तक डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व डाक दिवस की थीम डाक नेटवर्क अनंत संभावनाएं रखी गई है। शुक्रवार को विश्व डाक दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य डाक सेवाओं के महत्व, उनकी सामाजिक भूमिका और आमजन तक आवश्यक सेवाएं पहुंचाने में विभाग के योगदान के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। 12 अक्टूबर को फिलैटली दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत डाक टिकट संग्रह के प्रति रुचि विकसित करने भारतीय इतिहास, संस्कृति, कला और विरासत से परिचित कराने के लिए गतिविधियां आयोजित होंगी।

बैंकिंग, पार्सल और तकनीक पर रहेगा फोकस

13 अक्टूबर को वित्तीय समावेशन दिवस के अवसर पर डाक विभाग की बचत योजनाओं, डाकघर बैंकिंग, बीमा और अन्य वित्तीय सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।14 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान डाक और पार्सल सेवाओं की उपयोगिता, विश्वसनीयता और व्यापक पहुंच के प्रति ग्राहकों, व्यापारियों तथा ई-कॉमर्स क्षेत्र से जुड़े हितधारकों को जागरूक किया जाएगा।

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजन

भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया महामति प्राणनाथजी का 409वां प्रगटन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सामाजिक समरसता के हितैषी बुद्ध निष्कलंक कल्कि अवतार महामति प्राणनाथजी का 409वा प्रगटन महोत्सव श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 12 बजे भजन कीर्तन और जय कारो के बीच सुन्दरसाथ ने अपने प्रियतम के दर्शन किये। शाम 6 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो मंदिर प्रांगण से सेकंड स्टाफ, माता मंदिर, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, तुलसी नगर होते हुए मंदिर आई । ततपश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की विस्तृत श्रृंखला प्रारंभ हुई जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका डॉ लालिमा शर्मा, संदीप शर्मा,डॉ कामिनी तिवारी,बिंदुवाला शर्मा, कीर्ति शर्मा, बबीता शर्मा, प्रमोदनी शर्मा,सीता शर्मा, पूर्णिमा शर्मा ने वाणी गायन किया । विंध्य में सिंध समाया रे साधो । राजा रे मलोरे राणा राय तनो, धर्म जाता रे कोई दौड़ो । सांस्कृतिक श्रंखला में हर उम्र के लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज की । मंदिर महंत पं रूपराज शर्मा,संस्थापक सदस्य कृष्णा परनामी , संरक्षक पंडित भीखराज त्रिपाठी, प्रो संजना शर्मा, विदुषी मीना त्रिपाठी ने महामति प्राणनाथजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपने पूरे जीवन काल में सर्वधर्म समभाव और अखंड भारत की परिकल्पना पर कार्य किया।



सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या और शनिश्चरी अमावस्या एक ही दिन

पितरों की विदाई के साथ शनिदेव की आराधना, आज है दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पितृपक्ष के अंतिम दिन शनिवार को पितृ मोक्ष अमावस्या होगी। यह दिन पितरों की विदाई का भी होता है। इस अमावस्या का खास कर उन लोगों को विशेष इंतजार रहता है, जिन्हें अपने किसी पितृ की तिथि ज्ञात नहीं है। शास्त्रों में ऐसे देवलोक गमन करने वाले पितरों के निमित्त इसी दिन तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध करने का उल्लेख है। सभी चाहते हैं कि उनके पितृ खुश होकर रवाना हों और उनके निमित्त वे जो अनुष्ठान कर रहे है, वह भी मंगलकारी हो। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या (महालया अमावस्या) 10 शनिवार को है। इस दिन शनि



अमावस्या (शनिश्चरी अमावस्या) का भी दुर्लभ संयोग बन रहा है। पंडित रामजीवन दुबे के अनुसार पितृपक्ष का समापन इस बार खास संयोग में होगा। शनिवार, 10 अक्टूबर को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या है और इसी दिन शनिश्चरी अमावस्या भी पड़ रही है। यानी पितरों को विदाई देने के साथ शनि की पूजा का मौका भी एक ही दिन मिलेगा। भोपाल में 10 स्थानों पर तर्पण की फ्री व्यवस्था रहेगी। अमावस्या तिथि 9 अक्टूबर की रात करीब 9:35 बजे शुरू हो गई। जोकि 10 अक्टूबर की रात करीब 9:19 बजे तक रहेगी। सूर्योदय के समय अमावस्या 10 अक्टूबर को है, इसलिए पर्व इसी दिन मनेगा। इस दिन हस्त नक्षत्र रात करीब 9:42 बजे तक और इंद्र योग रात करीब 10 बजे तक रहेगा। पितरों के निमित्त सर्वाधिक कर्मकांड शनिवार को पितृ मोक्ष अमावस्या पर होंगे। इस दिन ऐसे लोग भी अपने उन पूर्वजों के निमित्त तर्पण और पिंडदान व श्राद्ध आदि जिनकी तिथि उन्हें ज्ञात नहीं है। कई वे लोग भी रहेंगे,जो समयाभाव के कारण पूरे पितृपक्ष में तर्पण नहीं कर पाते हैं, वे अमावस्या पर करते हैं। शनि अमावस्या के चलते शनि मंदिरों में भक्त भगवान शनि देव की पूजा पाठ करेंगे।

शीतलदास की बगिया से लेकर नर्मदा तक पहुंचे लोग

पितृ-मोक्ष अमावस्या पर शीतलदास की बगिया गिन्नौरी, छोटी झील पर स्थित काली मंदिर घाट कंठाली, माता मंदिर घाट, खटलापुरा घाट व गायत्री शक्ति पीठ सहित बुदनी मां नर्मदा घाट पर बड़ी संख्या में लोग तर्पण कर अपने पितरों से क्षमायाचना के साथ विदाई देंगे। इस दौरान मां चामुण्डा दरबार भोपाल अपने भक्तों के साथ होशगाबाद में बुदनी घाट पर मां नर्मदा में स्नान करने पहुंचेंगे। इस दौरान पूर्वजों की पूजा-पाठ, तर्पण, हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इन मंदिरों में होगा विशेष आयोजन व पूजन

शनिश्चरी अमावस्या पर शहर के शनि मंदिरों में बड़े स्तर पर धार्मिक अनुष्ठान, हवन पूजन का आयोजन किया जाएगा। राजधानी के मर्घाटिया मंदिर शाहजहाँनाबाद, नेहरू नगर स्थित प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर, टीटी नगर स्थित श्री शिरडी शनि शिंग्नापुर धाम,बरखेड़ी स्थित प्राचीन शनि मंदिर में सुबह से भगवान शनि का अभिषेक किया जाएगा।

तीन दशक से श्राद्ध पक्ष में निभा रहा प्रबंधन सेवा की परंपरा


भदभदा मुक्ति धाम से 38 अस्थियां प्रयागराज रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सामाजिक सरोकार की पुनीत भावना को लेकर भदभदा मुक्ति धाम प्रबंधन हर वर्ष श्राद्ध पक्ष में उन अस्थियों को प्रयागराज लेकर जाता है, जिन्हें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार लेकर जाने में असमर्थ रहते हैं। शुक्रवार को अध्यक्ष अरुण चौधरी, सचिव पंडित मम्तेश शर्मा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और लाड सिंह सेन ने रामकुमार पासी और भदभदा स्टाफ के माध्यम से 38 अस्थि कलश प्रयागराज रवाना किए। भदभदा प्रबंधन ने बताया कि विगत तीन दशकों से यह सेवा श्राद्ध पक्ष में अनवरत रूप से की जा रही है।



भोपाल, शनिवार 10 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या ■ वर्ष : 13, अंक : 190 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 34 न्यून. 21 haribhoomi.com



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



मप्र में ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

इस फैसले के बाद प्रदेश में तेज होगा सियासी घमासान

27% ओबीसी आरक्षण नहीं ये अब '14 प्रतिशत' ही रहेगा

ओबीसी पक्ष इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने वर्ष 2019 में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले संशोधन कानून को असंवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया है। इसके बाद प्रदेश में ओबीसी आरक्षण फिर से 14 प्रतिशत रहेगा। साथ ही सरकारी भर्तियों में लंबे समय से रोके गए 13 प्रतिशत पदों पर अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के निर्देश दिए गए हैं। भर्ती एजेंसियों को यह प्रक्रिया तीन महीने में पूरी करनी होगी। हालांकि, ओबीसी पक्ष ने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है।

ओबीसी महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य और याचिकाकर्ता लोकेंद्र गुर्जर ने कहा कि महासभा इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। ओबीसी वर्ग के अधिकारों के लिए प्रदेशव्यापी आंदोलन भी किया जाएगा। यह फैसला डब्ल्यूपी नंबर 5901/2019, अशिता दुबे एवं अन्य बनाम मप्र शासन एवं अन्य और इससे जुड़ी याचिकाओं पर दिया गया है। गौर हो कि केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्ती और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए ओबीसी को 27% आरक्षण दिया गया है। यह व्यवस्था महाराष्ट्र सहित पूरे देश में लागू है। हालांकि राज्य सरकारों की नौकरियों में आरक्षण का मामला संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची के अंतर्गत आता है। ▶▶पढ़ें पेज 02 भी

हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले 2019 के संशोधन कानून को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द किया

13% होल्ड पदों पर तीन महीने में अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों की होगी भर्ती



जबलपुर हाईकोर्ट

यह फैसला डब्ल्यूपी नंबर 5901/2019, अशिता दुबे एवं अन्य बनाम मध्य प्रदेश शासन एवं अन्य और इससे जुड़ी याचिकाओं पर दिया गया

होल्ड पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

ओबीसी आरक्षण विवाद के कारण 29 सितंबर 2022 से कई सरकारी भर्तियों में 87:13 प्रतिशत का फार्मूला अपनाया जा रहा था। इसके तहत 87 प्रतिशत पदों पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती थी, जबकि बाकी 13 प्रतिशत पदों को अंतिम निर्णय तक रोककर रखा गया था। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद इन पदों पर अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का रास्ता खुल गया है।

कमलनाथ सरकार ने 2019 में बढ़ाया था आरक्षण

2019 में तत्कालीन सीएम कमलनाथ सरकार ने ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया था। इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जिसने संबंधित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई और फैसला करने के लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को भेज दिया था। सुनवाई 5 अगस्त 2026 को पूरी हुई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे 9 अक्टूबर 2026 को सुनाया गया।

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल की प्रतिक्रिया

ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार नाथ सरकार ने जल्दबाजी में लाया था अध्यादेश



ओबीसी आरक्षण पर जबलपुर हाईकोर्ट के फैसले के बाद कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी और मजबूती से अपना पक्ष रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में 27 प्रतिशत आरक्षण का अध्यादेश लाया था, जिसमें संवैधानिक खामियां थीं। पटेल ने कहा कि हाईकोर्ट ने भी अध्यादेश लाने ▶▶शेष पेज 4 पर

कमलनाथ बोले

सरकार ने सही तथ्य नहीं रखे



पूर्व सीएम कमलनाथ का कहना है कि सरकार की कमजोर पैरवी और आधी-अधूरी सूचनाएं देने से हाई कोर्ट ने ओबीसी को 27% आरक्षण को रद्द कर दिया है। इस तरह से भाजपा ने अदालत में कमजोर पक्ष रखकर ओबीसी वर्ग की पीठ में छुरा घोंपा है। अदालत के आदेश से साफ़ है कि भाजपा सरकार अदालत को अपने तर्कों से संतुष्ट नहीं कर पाई। वहीं, मध्य प्रदेश राज्य ▶▶शेष पेज 4 पर



रंगोली से पीएम मोदी की बनी आकृति का अवलोकन करते सीएम

'सेवा के रंग-राष्ट्र के संग' कार्यक्रम

रंगोली से बच्चों ने राष्ट्र के प्रति अपने 'भाव' का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इसी के साथ ही मप्र तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव को पूरे एक माह तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर सेवा के रंग-राष्ट्र के संग कार्यक्रम में विशाल और आकर्षक रंगोलियां तैयार की गईं। रंगोली के माध्यम से बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और राष्ट्र के प्रति अपने भावों का प्रकटीकरण किया है। सीएम ने 'सेवा के रंग-राष्ट्र के संग' कार्यक्रम के तहत मानव रंगोली निर्माण कार्यक्रम को टीटी नगर स्टेडियम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुक्रवार को स्टेडियम में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर, पीएम मोदी और विकसित भारत के संकल्प पर आधारित विशाल रंगोलियों का अवलोकन किया। सीएम ने भारत के नक्शे के रूप में बनी मानव रंगोली में शामिल बच्चों के बीच जाकर बैठे और बच्चों से संवाद किया। इस अवसर पर रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। स्टेडियम में उपस्थित युवाओं ने देश को @2047 ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 02भी

सीएम ने बच्चों के साथ संवाद किया

राज्य सरकार का बड़ा फैसला

रिश्वतखोरी के मामले में डिप्टी सीएम के ओएसडी को हटाया



खुद डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के ओएसडी दीपम रायचूरा को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। रायचूरा आबकारी विभाग में सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल के पद पर पदस्थ थे। इसके साथ ही उन्हें ओएसडी के पद पर भी पदस्थ किया गया था। किंतु राज्य शासन के आदेश के बाद उन्हें फिर से सहायक आबकारी आयुक्त राज्य स्तरीय उड़नदस्ता में पदस्थ कर दिया ▶▶शेष पेज 4 पर

केन-बेतवा परियोजना पर हाईकोर्ट सख्त

पूछा-सीईसी की रिपोर्ट पर सरकार ने क्या किया?



पन्ना टाइगर रिजर्व का आधे से ज्यादा हिस्सा डूबने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

केन-बेतवा लिंक परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने रिपोर्ट में बताई गई कथित अनियमितताओं, सुप्रीम कोर्ट में चल रही कार्यवाही और उसके आधार पर मध्यप्रदेश सरकार की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा भी मांगा है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश ▶▶शेष पेज 4 पर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ओबीसी आरक्षण को लेकर दी प्रतिक्रिया

राजनीतिक लाभ लेने की जल्दबाजी में कांग्रेस ने ओबीसी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए उन्हें गुमराह भी किया : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर मप्र उच्च न्यायालय के निर्णय को लेकर कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ लेने की जल्दबाजी में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का अध्यादेश जारी किया, लेकिन उसे मजबूत संवैधानिक एवं कानूनी आधार देने में गंभीर चूक की। अब कांग्रेस अपनी सरकार की गलतियों की जिम्मेदारी लेने के बजाय भाजपा सरकार पर आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय की कंडिका 215 में वर्ष 2019 में पारित अध्यादेश को पर्याप्त तैयारी के अभाव में और अनुचित जल्दबाजी में पारित किए जाने का उल्लेख किया है। यह टिप्पणी उस समय की कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग के हितों के नाम पर जल्दबाजी में निर्णय तो लिया, लेकिन कानून को न्यायिक कसौटी पर मजबूत बनाने के लिए आवश्यक तैयारी और सावधानी नहीं बरती। इसका परिणाम आज आरक्षण को लेकर पैदा हुई कानूनी अनिश्चितता के रूप में सामने आया है।

■ खंडेलवाल बोले- 2019 का अध्यादेश पर्याप्त तैयारी के बिना और अनुचित जल्दबाजी में लाया गया



जल्दबाजी में लिए निर्णय की जवाबदेही से कब तक बचती रहेगी?

खण्डेलवाल ने कहा कि ओबीसी आरक्षण का विषय लाखों नागरिकों के अधिकारों, युवाओं के भविष्य और सामाजिक न्याय से जुड़ा है। इस विषय पर राजनीति करने के बजाय सभी पक्षों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जल्दबाजी में लिए गए अपने निर्णय की जवाबदेही से वह कब तक बचती रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के संकल्प को पूरा करने की दिशा में प्रदेश सरकार सभी आवश्यक कानूनी विकल्पों पर विचार करेगी और संवैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप आगे बढ़ेगी।

हाईकोर्ट के फैसले पर कांग्रेस का हमला: सरकार की लचर पैरवी से छिना पिछड़ों का हक

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 27 प्रतिशत आरक्षण को रद्द किए जाने के निर्णय के बाद राज्य की सियासत में भूचाल आ गया है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने इस फैसले के लिए राज्य की भाजपा सरकार की नीयत और कमजोर कानूनी पैरवी को जिम्मेदार ठहराया है। पप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संयुक्त स्वर में भाजपा पर पिछड़े वर्ग के अधिकारों पर कुठाराघात करने का आरोप लगाते हुए आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है।

ओबीसी के नाम पर ढोंग करती है भाजपा



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए इसे भाजपा की सुनियोजित साजिश करार दिया। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए ओबीसी के नाम पर ढोंग करती है, जबकि हकीकत में वह पिछड़ों, दलितों और शोषितों के हक को छीनने में लगी है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का पिछड़ा वर्ग अब भाजपा की इस दोमुंही नीति को बर्दाश्त नहीं करेगा। सरकार बताए कि न्यायालय में योग्य अधिवक्ताओं का पैनल खड़ा कर मजबूती से पक्ष क्यों नहीं रखा गया? कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। हम इस कानूनी अन्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे और जरूरत पड़ी तो प्रदेशभर के युवाओं और छात्रों के साथ सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन खड़ा करेंगे।

विस में पूरी ताकत से मुद्दे को उठाएगी कांग्रेस



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह फैसला भाजपा की प्रशासनिक और कानूनी विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जब भी आरक्षण पर चर्चा होती है, सरकार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन अदालत में उसके वकीलों की खामोशी सब कुछ बयां कर देती है। सिंघार ने आरोप लगाया कि 87-13 फीसदी के फॉर्मूले में वर्षों से चयनित अभ्यर्थियों को उलझाकर रखा गया और अंततः पूरा हक ही छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को विधानसभा के आगामी सत्र में पूरी ताकत से उठाएगा और सरकार से जवाब मांगेगा। यदि सरकार की नीयत साफ है, तो वह अविलंब सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल करे और पिछड़ों को उनका 27 प्रतिशत संवैधानिक अधिकार दिलाए।

बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से बोले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

आगर में 3800 करोड़ की मैक्केन फूड परियोजना होगी शुरू, 2 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आगर में शुक्रवार को आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में सहभागिता करते हुए किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कृषक कल्याण वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रमों में किसानों से कृषि गतिविधियों, शासन की किसान हितैषी योजनाओं से मिल रहे लाभ, कृषि के क्षेत्र में नवाचार तथा किसानों की आवश्यकताओं के संबंध में संवाद किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगर में 3800 करोड़ की मैक्केन फूड परियोजना शुरू हो रही है, इसमें 2 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। पशुपालन किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण साधन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगर-मालवा जिले के लालूखेड़ी में आलू प्रसंस्करण का 200 करोड़ का उद्योग स्थापित हो रहा है, लालूखेड़ी के साथ ही अब आगर-मालवा जिले के किसान भी आलू उगाऐंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक गेहूं 2700 से के भाव में खरीदेंगे।

पशुपालन, किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण साधन है



20 हजार से अधिक गोवंश की समुचित देखभाल

उन्होंने कहा कि आगर जिला गौ-सेवा के लिये भी विशेष पहचान रखता है। गौ-अभयारण्य सालरिया एवं जिले की अन्य गौशालाओं में 20 हजार से अधिक गौवंश की समुचित देखभाल की जा रही है। सरकार प्रति गौवंश 40 रूपए प्रतिदिन की दर से गौवंश की देखभाल के लिये गौशालाओं को राशि प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने बिनायगा बड़ौद के प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसान राधेश्याम परिहार, आखाखेड़ी तनोडिया के प्राकृतिक अरहर खेती करने वाले किसान रोहित शर्मा एवं अन्य उपस्थित प्रगतिशील कृषकों से वर्चुअली संवाद कर उनकी ओर से की जा रही प्राकृतिक, जैविक एवं उन्नत कृषि के बारे में जानकारी ली तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा में अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत बच्चों को बांटे निःशुल्क चश्मे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हरदा जिला चिकित्सालय पहुंचकर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से चर्चा कर उनके उपचार एवं अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्में वितरित किए। साथ ही क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषण सहायता के उद्देश्य से फूड बास्केट प्रदान की।



अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों से की चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों से चर्चा करते हुए उपचार की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एक बुजुर्ग महिला से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। बुजुर्ग महिला ने बताया कि इलाज बहुत अच्छा मिल रहा है और अब पहले से आराम है। मुख्यमंत्री बच्चों से दुलार करते भी नजर आए। उपस्थित बच्चों के सर पर दुलार से हाथ फेरते हुए उनका भी हाल-चाल पूछा।

वृद्धजनों का किया सम्मान, मिला स्नेह और आशीर्वाद

सीएम यादव ने सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम अंतर्गत हरदा में सार्थक सेवा वृद्धजन आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से आत्मीय भेंट की। उन्होंने वृद्धजनों को शाल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। वृद्धजनों ने डॉ. यादव के प्रति स्नेह व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। डॉ. यादव ने वृद्धाश्रम का भ्रमण किया तथा आश्रम में आयोजित विभिन्न गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सार्थक सेवा आश्रय समिति को सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संस्था के रूप में शासन स्तर से मान्यता प्रदान की गई है। समिति द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशन में वृद्धाश्रम का आधिकारिक संचालन किया जा रहा है।

अस्पताल को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा जिला अस्पताल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्राप्त आईएसओ सर्टिफिकेट भी कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह को प्रदान किया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, सचिव मुख्यमंत्री सुदाम खाड़े, कमिश्नर नर्मदापुरम श्रीकांत बनोठ आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री कल करेंगे 502 करोड़ रुपए की आरटीई फीस प्रतिपूर्ति राशि अंतरित

प्रदेश के 20 हजार 456 अशासकीय स्कूलों को राशि होगी अंतरित

8 लाख 19 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क शिक्षा का लाभ

नरसिंहपुर में सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय के नवीन भवन का होगा लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 अक्टूबर को नरसिंहपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 की फीस प्रतिपूर्ति राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे। इसके तहत प्रदेश के 20 हजार 456 अशासकीय स्कूलों के खातों में 502 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। इससे 8 लाख 19 हजार से अधिक विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले में 45 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण भी करेंगे। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य अतिथि तथा बड़ी संख्या विद्यार्थी एवं अभिभावक मौजूद रहेंगे।

अब तक 3,600 करोड़ की राशि हो चुकी है जारी

शिक्षा के अधिकार से प्रदेश का कोई भी बच्चा वंचित न रहे, इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 वीं तक गरीब एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिलाया जा रहा है। इन विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति सरकार की ओर से सीधे संबंधित निजी स्कूलों को दी जाती है। इस योजना के तहत वर्ष 2011 से अब तक 16 लाख 85 हजार से अधिक विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति के रूप में 3,600 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है, जिससे जरूरतमंद बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का मार्ग आसान हुआ है।

आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

मप्र के सांदीपनी विद्यालय बेहतर शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्रदेश सरकार की ओर से गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में अशासकीय स्कूलों को फीस प्रतिपूर्ति की राशि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पात्र विद्यार्थियों की निःशुल्क शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।

विद्यार्थियों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की ओ रसे सांदीपनि विद्यालय योजना के तहत प्रथम चरण में नरसिंहपुर जिले में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का सर्वसुविधायुक्त नवीन भवन का निर्माण कराया गया है। केजी-1 से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक, शारीरिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए एक आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण तैयार किया गया है। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए सुसज्जित डिजिटल क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला, समृद्ध पुस्तकालय, मल्टीपर्पज हॉल एवं ऑडिटोरियम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

मप्र कांग्रेस के महासचिव शर्मा ने की पीसी

मेमोरियल अस्पताल में कथित अनियमितताओं पर जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कांग्रेस के महासचिव अमित शर्मा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान पर मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, पूर्व प्रवक्ता गण अभिनव बरोलिया एवं राहुल राज उपस्थित रहे। उन्होंने कहा भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में मरीजों के इलाज, आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती, अस्पताल की व्यवस्थाओं तथा महंगी चिकित्सा मशीनों के उपयोग को लेकर लगातार गंभीर शिकायतें सामने आ रही हैं। इन शिकायतों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में डॉ. अमन चतुर्वेदी को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनके विरुद्ध शिकायतों के बाद उन्हें अस्पताल से हटाया गया। साथ ही उन पर शराब एवं नशीले पदार्थों के सेवन की स्थिति में मरीजों का ऑपरेशन करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र मेडिकल एवं प्रशासनिक जांच कराई जाना आवश्यक है।

जीएसटी सुधारों से कारोबार को मिलेगी रफ्तार, व्यापारियों का भरोसा बढ़ेगा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी में किए गए सुधार व्यापारिक गतिविधियों को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद द्वारा स्वीकृत सुधारों से कर अनुपालन आसान होगा। गिरफ्तारी संबंधी प्रावधान हटाने, स्वचालित रिफंड और प्रक्रियाओं के सरलीकरण से व्यापारियों एवं उद्यमियों का सरकार पर विश्वास मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सुधारों से देश में कारोबारी गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा।

17 दिन में रिफंड, अभियोजन की सीमा 5 करोड़ रखने जैसे फैसलों पर हुई चर्चा

जीएसटी काउंसिल के पांच बड़े सुधारों पर भोपाल में स्टडी सर्किल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन की ओर से जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर विशेष स्टडी सर्किल आयोजित किया गया।

इसमें मुख्य वक्ता सीए नवनीत गर्ग ने जीएसटी से जुड़े पांच प्रमुख सुधारों की जानकारी देते हुए उनके प्रावधानों और करदाताओं पर संभावित प्रभावों को समझाया। सीए नवनीत गर्ग ने बताया कि भारत मंडपम में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में रिफंड प्रक्रिया को तेज करने, अभियोजन संबंधी प्रावधानों में बदलाव, ईमानदार खरीदारों के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की सुरक्षा और बायोमेट्रिक पंजीयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए गए। चर्चा के दौरान 17 दिन में रिफंड, गिरफ्तारी संबंधी शक्तियों को समाप्त करने, अभियोजन की सीमा 5 करोड़ रुपये करने, पात्र खरीदारों के आईटीसी को सुरक्षित रखने और बायोमेट्रिक पंजीयन को प्रमुख सुधारों के रूप में रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेन्द्र वैद्य ने की।

सलाहकारों ने किया मंथन

स्टडी सर्किल का उद्देश्य कर सलाहकारों को जीएसटी काउंसिल के निर्णयों से अवगत कराना और कर व्यवस्था में हुए बदलावों की समझ विकसित करना रहा। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सचिव प्रशांत काबरा, कोषाध्यक्ष जयंत जोशी, सह सचिव प्रेम मोटवानी, कार्यकारिणी सदस्य संतोष चौरे और संदीप साहू सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता मृदुल आर्य, राजेश्वर दयाल, शंकर वसंता, अनिल जैन, मनोज परेख, धीरज अग्रवाल, अमित तिवारी, हर्ष गुप्ता, केके पांडे आदि सलाहकारों ने भाग लिया।

अलग न्यायाधिकरण बनाने की मांग

आरक्षित वर्ग के 42 अफसरों की पदोन्नति रोकी गई

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फूलसिंह बरैया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ कथित भेदभाव रोकने के लिए अलग प्रशासनिक न्यायाधिकरण बनाने की मांग की है।बरैया ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान अनियमितताएं हुईं। वर्ष 2006 से 2008 के बीच अनुसूचित जाति-जनजाति के 42 अधिकारियों को पदोन्नति से वंचित रखने की जानकारी सामने आई है। वर्ष 2010 से 2019 के दौरान भी आरक्षित वर्ग के अधिकारियों की पदोन्नति रोके जाने की शिकायतें मिली हैं।उन्होंने कहा कि कुछ सामान्य वर्ग के अधिकारियों पर विभागीय जांच और गंभीर मामले लंबित होने के बावजूद उन्हें पदोन्नति दी गई, जबकि आरक्षित वर्ग के अधिकारियों की पदोन्नति मामूली या प्रक्रियात्मक आधारों पर रोके जाने के आरोप हैं। बरैया ने संविदा नियुक्तियों में भी चयनित अभ्यर्थियों के नाम सूची से हटाने की शिकायतों का उल्लेख करते हुए जांच और स्टेट एससी-एसटी-ओबीसी प्रशासनिक न्यायाधिकरण के गठन की मांग की।

मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम में की सहभागिता

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नए दौर में प्रवेश कर चुका है : सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इस अवसर पर भगवान श्रीराम मंदिर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विकसित भारत के संकल्प पर आधारित विशाल रंगोलियों का अवलोकन कर कार्यक्रम को संबोधित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्स पर चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत टीटी नगर स्टेडियम में मानव रंगोली से भारत का नक्शा बनाया गया।

रंगोलियों के माध्यम से बच्चों ने प्रस्तुत किया अपना राष्ट्रप्रेम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता के नए युग में प्रवेश कर चुका है। मध्यप्रदेश भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। रंगोली भारतीय संस्कृति, परंपरा और रचनात्मकता का प्रतीक है। इस आयोजन में बच्चों ने विशाल एवं आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता, राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति अपने भावों को खूबसूरती से अभिव्यक्त किया है। इन रंगोलियों में विकसित भारत के संकल्प और उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखाई देती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऐसे आयोजन राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बच्चों ने खूबसूरत रंगोली के माध्यम से विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को साकार करने का प्रेरक संदेश दिया है। प्रधानमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री का विजन है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। इस संकल्प को पूरा करने में समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत के नक्शे के रूप में बनाई मानव रंगोली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने टी.टी. नगर स्टेडिटम में भारत के नक्शे के रूप में बनी मानव रंगोली में शामिल बच्चों के बीच जाकर बैठकर संवाद किया। उन्होंने रंगीन गुब्बारे भी आसमान में छोड़े।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

9 अमरनाथ कॉलोनी के पास कलियासोत...



11 गाइड, गाइडलाइंस और गियर के रूप में...



स्टेशन पहुंचे तो पता चला ट्रेन रद्द, किसी का इंटरव्यू छूटा, किसी का श्राद्ध-कर्म

दिल्ली जाने वाली भोपाल एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनें निरस्त, भोपाल एक्सप्रेस के करीब 1400 यात्रियों पर असर, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली जाने के लिए कोई नौकरी के इंटरव्यू की तैयारी कर रहा था, तो कोई अपनी मां के ऑपरेशन के लिए निकल रहा था, लेकिन रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पता चला कि ट्रेन ही निरस्त हो गई है। अचानक बदले इस शेड्यूल ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। कई यात्रियों को वैकल्पिक साधन तलाशने पड़े, लेकिन दूसरी ट्रेनों में पहले से ही भीड़ होने के कारण उन्हें राहत नहीं मिली।

दिल्ली में 10 अक्टूबर को सीजेपी समेत कई संगठनों के प्रस्तावित प्रदर्शनों के मद्देनजर संभावित ट्रैफिक ट्रैफिक जाम और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए रेलवे ने भोपाल और जबलपुर से चलने वाली आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनों को निरस्त कर दिया। इनमें शान-ए-भोपाल एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस और एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें शामिल हैं। वहीं, रैक की अनुपलब्धता के कारण हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति आने वाली भोपाल एक्सप्रेस भी 10 अक्टूबर को निरस्त रहेगी। इसका असर भोपाल और रानी कमलापति से यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ा।

दिल्ली में सीजेपी के विरोध प्रदर्शन का असर भोपाल के रेल यात्रियों पर, कार्यक्रमों को करना पड़ा रद्द

पितृ मोक्ष अमावस्या पर परिवार के साथ पूजन-पाठ के लिए झांसी जाना अटका



आरकेएमपी पर इंतजार करते पहाड़ सिह व परिवार।

ट्रेन निरस्त होने की जानकारी समय पर नहीं मिलने से कई सामान्य श्रेणी के यात्री स्टेशन पहुंच गए। वहां पहुंचने पर उन्हें ट्रेन रद्द होने का पता चला। परिवार के साथ पहुंचे रेलयात्री पहाड़ सिंह चौहान ने बताया कि पितृ मोक्ष अमावस्या पर परिवार के साथ पूजन-पाठ के लिए झांसी जाना था, लेकिन भोपाल एक्सप्रेस निरस्त होने से बच्चों के साथ दूसरी ट्रेन के इंतजार में परेशानी उठानी पड़ रही है।

बीना, झांसी ग्वालियर जाने वाले यात्री अटके

भोपाल एक्सप्रेस के निरस्त होने से करीब 1400 यात्रियों के प्रभावित होने की बात सामने आई है। भोपाल एक्सप्रेस निरस्त होने से झांसी और ग्वालियर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों को भोपाल स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन रद्द होने की जानकारी मिली। बीना और झांसी जाने के लिए दूसरी ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से मिलने की सूचना पर कुछ स्टूडेंट और परिवार आनन-फानन में वहां पहुंचे। इससे उनकी यात्रा की योजना बिगड़ गई।



ट्रेनों के लिए भटकती महिला यात्री।

सुबह 4 से दोपहर 2 बजे के बीच दिल्ली पहुंचने वाली ट्रेनें प्रभावित

रेलवे के अनुसार, 9 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे के बाद शुरूआती स्टेशनों से रवाना होने वाली उन ट्रेनों को निरस्त किया गया है, जिन्हें 10 अक्टूबर को सुबह 4 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच नई दिल्ली या हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचना था। फिलहाल यह व्यवस्था 9 और 10 अक्टूबर के लिए लागू की गई है। यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जांचने की सलाह दी गई है।

स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाई स्टाफ की लगाई ड्यूटी

संभावित प्रदर्शन और सुरक्षा संबंधी परिस्थितियों को देखते हुए भोपाल रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों के अंदर और बाहरी परिसरों में चौकसी बढ़ा दी गई है। रेलवे सुरक्षा बल को अलर्ट पर रखा गया है। यात्रियों की सहायता के लिए स्टेशन पर कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

यात्रियों की जुबानी उनकी कहानी...

दिल्ली में इंटरव्यू था ट्रेन रद्द की गई

मुझे दिल्ली में नौकरी के इंटरव्यू के लिए जाना था। भोपाल एक्सप्रेस से यात्रा करनी थी, लेकिन स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन निरस्त होने की जानकारी मिली। अब दूसरा साधन तलाशना होगा।



आशीष बडेकर, यात्री

मां के ऑपरेशन के लिए जाना था, ट्रेन निरस्त है

मुझे अपनी मां के ऑपरेशन के लिए दिल्ली जाना था। भोपाल एक्सप्रेस से जाने की तैयारी थी, लेकिन स्टेशन आने पर पता चला कि ट्रेन निरस्त है। अचानक हुई इस परेशानी से आगे की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया।



तपस्या तिवारी, यात्री

यात्रियों को मैसेज भेजकर सूचना दी

भोपाल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे बोर्ड के निर्देश पर निर्धारित समयावधि में दिल्ली पहुंचने वाली ट्रेनों को निरस्त किया गया है। यात्रियों को मैसेज भेजकर सूचना दी गई। स्टेशनों पर अनाउंसमेंट कराया जा रहा है और यात्रियों की सहायता के लिए स्टाफ तैनात किया गया है।

मप्र पटवारी संघ ने सीएम से भेंट की, स्वामित्व योजना में आवश्यक न्यायिक संरक्षण की व्यवस्था

काम पर लौटेंगे पटवारी... मप्र में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में करेंगे पूर्ण सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मध्यप्रदेश पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश शर्मा और भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रस्तावित सम्मेलन के लिए भी आमंत्रित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट के पश्चात मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव से उनकी सार्थक चर्चा हुई है। स्वामित्व योजना में आवश्यक न्यायिक संरक्षण की व्यवस्था कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहृदयतापूर्वक आवश्यक आदेश जारी करने की बात कही है। मध्यप्रदेश प्रांतीय पटवारी संघ के अश्विन सैनी ने कहा कि स्वामित्व योजना से जुड़े कार्यों को सभी निष्ठा से करने के लिए तत्पर रहेंगे। भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय मंत्री कुलदीप सिंह ने कहा कि स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है। पटवारी बंधु अपने दायित्व निर्वहन में पीछे नहीं रहेंगे। जनकल्याण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रत्येक निर्णय में सभी सहभागी होंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने पटवारी संघ के पदाधिकारियों से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का परिचय करवाया।

सरकार से सहमति के बाद 17 सितंबर से सभी कार्रवाई शून्य की जाएंगी

स्वामित्व योजना में न्यायिक संरक्षण के आदेश जारी कर दिए गए: बघेल



सीएम डॉ. यादव से भेंट करते मप्र पटवारी संघ के पदाधिकारी।

पटवारियों की मांगों पर सहमति बनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ सकारात्मक चर्चा के बाद पटवारियों की मांगों पर सहमति बन गई है। स्वामित्व योजना में न्यायिक संरक्षण के आदेश जारी कर दिए गए हैं और 17 सितंबर के बाद की सभी कार्रवाई शून्य की जाएंगी। पटवारी संघ द्वारा सोमवार से स्वामित्व योजना का कार्य पुनः प्रारंभ किया जाएगा।

उपेन्द्र सिंह बघेल, प्रांतीय अध्यक्ष,मप्र पटवारी संघ

पांच पटवारी सस्पेंड, आठ को फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं करने पर नोटिस, शुक्रवार को भी तहसील दफ्तरों में सन्नाटा



तहसील दफ्तर में पसरा सन्नाटा।

पिछले 22 दिन से पटवारियों द्वारा स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री नहीं करने को लेकर सरकार से चल रहे टकराव के बाद पटवारियों पर एक्शन शुरु हो गया है। प्रदेश के देवास, आगर मालवा, गुना, नीमच, खरगोन, रतलाम, निवाड़ी, शाजापुर और सतना के भोपाल में भी पटवारियों पर कार्रवाई शुरु कर दी गई है। जिसके तहत हुजूर तहसील के तीन और बैरसिया के दो पटवारियों को काम में लापरवाही का हवाला देते हुए सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि हुजूर, बैरसिया और कोलार के 8 पटवारियों को फार्मर रजिस्ट्री नहीं करने पर नोटिस जारी किए गए हैं।

स्वामित्व योजना के तहत पटवारियों ने भोपाल जिले के ग्रामीण क्षेत्र में आबादी क्षेत्र में बसे 41 हजार 726 परिवारों के नाम खसरे में दर्ज किए थे, जिसके बाद इन लोगों के नाम से रजिस्ट्री की जानी है। रजिस्ट्री में निष्पादक की भूमिका को लेकर पटवारी संघ शुरु से विरोध कर रहा है। जिसको लेकर अब 22 दिन बाद भोपाल में भी सख्ती शुरू कर दी गई है, जिसके तहत हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने पटवारी करन जाटव, भारती महावर और निधि नेमा को सस्पेंड किया गया है। जबकि बैरसिया एसडीएम शिवांगी बघेल ने शुभम कुशवाह और आकांक्षा सक्सेना को सस्पेंड किया है। जारी आदेश में सरकारी कामों में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पटवारियों के सामूहिक अवकाश को लेकर शुक्रवार को भी तहसील दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। तहसील दफ्तरों में आम लोग नामांतरण, सीमांकन और अन्य राजस्व कामों को लेकर दिन भर परेशान होते रहे।

मास्टर प्लानः 13 दिन में 810 लोगों ने पेश की दावे-आपत्तियां

भोपाल को भोपाल ही रहने दो, मुंबई न बनाओ पुराने शहर को हेरिटेज पहचान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के मास्टर प्लान को लेकर आम लोगों के दावे-आपत्तियों का सिलसिला जारी है। पिछले 13 दिन में अब तक 810 लोगों ने आपत्तियां पेश की हैं, जिसमें बदलाव को लेकर मांग भी रखी गई हैं। पुराने शहर से आ रही आपत्तियों में अधिकतर लोगों का कहना है कि भोपाल को भोपाल ही रहने दो मुंबई न बनाओ। पुराने शहर को हेरिटेज शहर की पहचान दिलाने की मांग भी रखी गई है। आम लोग 25 अक्टूबर तक आपत्तियां पेश कर सकते हैं।

बावड़िया कलां और बाग मुंगालिया समेत कई इलाकों के रहवासियों ने पश्चिमी बायपास से सड़कों के जुड़ाव को लेकर भी अपने सुझाव व आपत्तियां दर्ज कराई हैं। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के सचिव धीरज अग्रवाल का कहना है कि पुराने शहर को हेरिटेज दर्जा देते हुए शहर के फुटपाथों को सुगम बनाया जाए। जिसके लिए स्पेशल टॉस्क फोर्स का गठन करने की मांग भी रखी गई।

भोपाल की पहचान कायम रखने की जरूरत

दस नंबर मार्केट व्यापारी संघ के महासचिव हरीश चौथानी ने अपना दावा पेश करते हुए मांग रखी कि शहर की पहचान कायम रहना चाहिए। भोपाल को भोपाल ही रहने दिया जाना चाहिए। शहर को व्यवस्थित कर यहां रहने वाले लोगों की भावनाओं को भी समझना चाहिए।

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संचालक को सौंपा ज्ञापन

शुक्रवार को मास्टर प्लान के ड्राफ्ट 2047 पर दावा-आपत्ति के संबंध में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल के साथ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संचालक महोदय से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मास्टर प्लान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान आकर्षित करते हुए जनहित में आवश्यक संशोधन एवं उचित कार्रवाई की मांग रखी। पीसी शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य जनभावनाओं, स्थानीय आवश्यकताओं और जनहित को ध्यान में रखते हुए एक बेहतर एवं व्यवस्थित मास्टर प्लान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस शिवी शर्मा, कांग्रेस नेता दिनेश मारण, शोएब खान, कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रोहित राजपूत उपस्थित रहे।



स्वामित्व योजना के तहत 17 जिलों के 82 हितग्राहियों को मिले संपत्ति के मालिकाना हक के दस्तावेज

मप्र में ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का वैधानिक अधिकार उपलब्ध कराने की दिशा में स्वामित्व योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार 9 अक्टूबर को प्रदेश के 17 जिलों के 82 हितग्राहियों को संपत्ति के मालिकाना हक के दस्तावेज प्रदान किए गए। डिजिटल तकनीक के माध्यम से पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाकर ग्रामीणों को उनकी संपत्ति के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

17 जिलों हितग्राहियों को मिला लाभ

स्वामित्व योजना के तहत छिंदवाड़ा जिले में 34, हरदा में 10 और सिंगरौली में 6 हितग्राहियों के संपत्ति दस्तावेजों का पंजीयन पूर्ण किया है। डिंडोरी, मंडला और रायसेन में 5-5, अनूपपुर, उमरिया और नरसिंहपुर में 3-3 हितग्राहियों अशोकनगर, आलीराजपुर, कटनी, ग्वालियर, बालाघाट, श्योपुर, सागर सीधी में एक-एक हितग्राही के दस्तावेजों का पंजीयन पूर्ण किया गया है।

ग्रामीणों को संपत्ति के वैधानिक अधिकार और वित्तीय सशक्तिकरण का आधार

स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी भूमि पर स्थित मकानों एवं भूखंडों का ड्रोन तकनीक से सर्वेक्षण कर संपत्ति संबंधी अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से पात्र हितग्राहियों को संपत्ति के स्वामित्व के वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाते हैं। इन दस्तावेजों से ग्रामीणों को बैंक ऋण सहित अन्य वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी मदद मिलती है।

छिंदवाड़ा में पटवारी ने प्रदर्शित की डिजिटल पंजीयन प्रक्रिया

छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ विकासखंड की ग्राम पंचायत जमुनिया कला में आयोजित जनविश्वास शिविर में पटवारी सुनील गागड़े ने 'सारा एप' के माध्यम से संपत्ति पंजीयन की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इसके बाद 'संपदा 2.0' के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई।

टीईटीः अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने की डॉ. मोहन से चर्चा

सीएम से चर्चा के बाद शिक्षकों का प्रदर्शन 20 दिसंबर तक स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने सहित विभिन्न मांगों लेकर करीब 13 दिन से प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया है।

प्रदेशभर से आए शिक्षक अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले राजधानी के नीलम पार्क में 13 दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। मोर्चा का कहना है कि शिक्षकों की तीनों मांग पर अमल का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस मामले में राज्य सरकार बात करेगी। शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में लगी क्यूरेटिव याचिका में राज्य सरकार भी शिक्षकों के पक्ष में अपना मत रखेगी।

इसलिए आंदोलन 20 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी जगदीश यादव ने यह आंदोलन 20 दिसम्बर तक के लिए स्थगित हुआ है और मांगें पूरी नहीं हुईं तो 21 दिसंबर से पुनः आंदोलन शुरू किया जाएगा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के धरना आंदोलन खत्म करने को लेकर मुख्यमंत्री यादव के साथ स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के साथ भी चर्चा हुई है।

शिक्षकों की तीनों मांगों पर अमल का मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस मामले में राज्य सरकार करेगी बात

शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी



सीएम डॉ. यादव व शिक्षा मंत्री से भेंट करते शिक्षक।

पद वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक भर्ती वर्ग 2 व वर्ग 3 के अभ्यर्थी लोक शिक्षण संचालनालय के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने बताया कि वह 50 दिनों से धरने पर बैठे हैं, लेकिन किसी ने अब तक उनकी सुध नहीं ली है। वहीं मप्र शिक्षक भर्ती वर्ग-3 में मेरिट होल्डर के रूप में चयनित सैकड़ों अभ्यर्थी नियुक्ति और जॉइनिंग की मांग को लेकर लगातार बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डटे हैं। अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रशासन से आश्वासन मिला है कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई जाएगी।



जैकेट का शेष

दिल्ली ...

का आदेश है। वहीं, दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशनों पर प्रवेश और निकास बंद किए गए हैं। सराय काले खां और न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन भी 10 अक्टूबर रात 10 बजे तक बंद रहेंगे। आनंद विहार से मोदीपुरम के बीच नमो भारत सेवाएं निर्धारित समय के अनुसार चलती रहेंगी।

'मक्खी' मारने के लिए ...

के एक समूह की याचिका में प्रतिबंध का मुद्दा उठाया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के सुझाव पर सहमति जताई। हालांकि, उन्होंने कहा कि शनिवार को परिस्थितियां कैसी होंगी, इसकी जानकारी नहीं होने के कारण वह किसी विशेष कदम का आश्वासन नहीं दे सकते। केंद्र ने राज्यों के डीजीपी को लिखी चिट्ठी : केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने 9 अक्टूबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुखों को पत्र लिखकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

दीपके बोले- आंदोलन ...

का मौलिक अधिकार देता है, फिर अनुमति लेने की क्या जरूरत है? दीपके ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, "क्या 13 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाने से पहले अनुमति ली गई थी? क्या आप चाहते हैं कि चुनाव में धांधली करने वालों के खिलाफ हम प्रदर्शन भी न करें? देश को बचाने के लिए हम प्रदर्शन करेंगे।

राहुल बोले- राष्ट्रपति ...

के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी के नेता राजीव राय समेत दस नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति से मिलने के बाद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रची है। गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति ने विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दों को खारिज नहीं किया और चुनावों में गड़बड़ियों के संबंध में सबूत पेश करने को कहा। राहुल ने बताया कि हमने उनसे कहा कि चुनाव दर चुनाव यह चोरी की गई है। हमने जो सबूत जुटाए हैं, उन्हें राष्ट्रपति जब भी चाहेंगी, सौंप दिया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें इस बात पर आश्चर्य हुआ कि राष्ट्रपति ने विपक्ष की बातों को स्वीकार किया।

बैलेट पेपर से चुनाव...

पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करेंगी। ममता बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति ने सबूत मांगे हैं। हमने उनसे कहा कि आप भारतीय गणराज्य की प्रहरी हैं, आप इस मामले को देखें।

राष्ट्रपति भवन ...

विपक्षी नेताओं ने एक बड़ा बैनर लिया था जिस पर 'सेव डेमोक्रेसी' (लोकतंत्र बचाओ) लिखा हुआ था। उन्होंने 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' के नारे लगाए। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद विपक्षी सांसद वहीं सड़क पर बैठक गए और सरकार तथा ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारे लगाए। बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, एनसीपी (एसपी) की नेता सुप्रिया सुले, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ई.टी. मोहम्मद बशीर, माकपा महासचिव एम.ए. बेबी, माकपा महासचिव डी. राजा, समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय और मोहिबुल्लाह नदवी, निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल और कई अन्य नेता मौजूद थे।

राष्ट्रपति से बातचीत को गलत ...

बयान दिया है, जो न केवल अजीब है, बल्कि उसमें सच्चाई से ज्यादा राजनीतिक चालबाजी नजर आती है। त्रिवेदी ने कहा कि उनका (राहुल गांधी) यह दावा कि राष्ट्रपति ने उनके आरोपों को स्वीकार कर लिया है, राहुल गांधी के उस दुर्भावनापूर्ण रवैये को उजागर करता है, जिसके तहत वह देश की हर संवैधानिक संस्था को अपनी राजनीति का शिकार बनाने की कोशिश करते हैं। आज ऐसा लगता है कि उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं।
भाजपा सांसद ने कहा कि बैठक के अंदर वास्तव में क्या हुआ, यह केवल वहां मौजूद कोई व्यक्ति ही बता सकता है। हालांकि, जब राहुल गांधी बोल रहे थे, तो उनके बगल में खड़े नेताओं की शारीरिक भाव-भंगिमा और चेहरे के हाव-भाव से साफ संकेत मिल रहे थे कि उनकी बातें शायद सच्चाई से मेल नहीं खाती थीं।

10 माह से मानदेय लंबित ...

से आगर मालवा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में वर्चुअल शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने उद्यमी, कृषि नागरिक संवाद व स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। अधिकारी जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर पहुंचकर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, राजस्व और गृह विभाग से संबंधित 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की।

नल-जल योजनाओं की निरंतर निगरानी के निर्देश: मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कलेक्टर को निर्देशित किया कि हस्तांतरित नल-जल योजनाओं की निरंतर निगरानी की जाए। योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर उसका तत्काल निराकरण करें, ताकि आमजन को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। मुख्य सचिव ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी नल-जल योजनाओं का हस्तांतरण शीघ्र सुनिश्चित किया जाए।

विद्युत बिल संबंधी शिकायतों ...

के लिए मीटरों की सैंपल विवरण कर जानकारी लेने के निर्देश दिए। विद्युत बिल संबंधी शिकायतों के समय पर निराकरण में देरी पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की।
मुख्यमंत्री ने शबाना, रेखा यादव और अरविंद इवने सहित अन्य आवेदकों से की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने समय-सीमा में शिकायतों का निराकरण नहीं करने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अर्थदंड अधिरोपित करने को कहा।

बोले- जनता का भरोसा...

पार्टी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश लोगों की भलाई और उनके बेहतर व समृद्ध भविष्य के लिए काम करने के संकल्प को और मजबूत करेगा। पश्चिम बंगाल की रेजीनगर सीट पर भाजपा उम्मीदवार शंकर राव सरकार ने 1,29,914 वोट हासिल कर 75 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं, नंदीग्राम में भी भाजपा ने अपनी स्थिति कायम रखी। असम के नगांव में जीत को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने पुडुचेरी की थट्टनचावडी सीट पर जीत के लिए एनडीए के सहयोगी दल ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद सरकार को विकास और जनकल्याण के प्रयास जारी रखने की प्रेरणा देता है।

खुद भी झेला भेदभाव, ...

जुड़ी रहीं। पिल्लई ने कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र जांच आयोग की अध्यक्षता की। वह म्यांमार में नरसंहार के आरोपों से जुड़े मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की न्यायाधीश भी हैं। बलात्कार और यौन हिंसा को अंतरराष्ट्रीय अपराधों के रूप में मान्यता दिलाने तथा मानवता के खिलाफ अपराधों के मामलों में जवाबदेही तय करने में उनकी अहम भूमिका रही है।

पेज 1 का शेष

ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट ...

की प्रक्रिया और 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पार करने के लिए ठोस आधार नहीं दिए जाने पर टिप्पणी की है। उनके मुताबिक, तत्कालीन सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग से सहमति लेना भी उचित नहीं समझा, जबकि आयोग को संवैधानिक दर्जा मिल चुका था। इसी अनदेखी के कारण आज यह स्थिति बनी है। मंत्री ने कहा कि भाजपा हमेशा पिछड़े वर्ग के हितों के लिए काम करती रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस विषय पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी की सहमति से न्यायालय में पक्ष रखा था। हाईकोर्ट के फैसले में वर्ष 2019 से 2022 के बीच हुई नियुक्तियों में कार्यरत लोगों को नौकरी से नहीं हटाने के निर्णय को उन्होंने उचित बताया।

सरकार ने सही तथ्य ...

पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष जेपी धनोपिया ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के संबंध में हाईकोर्ट का आदेश प्रदेश सरकार की बदनीयती का नतीजा है। मुख्यमंत्री स्वयं ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसके बावजूद सरकार ने अदालत के सामने सही तथ्यों को मजबूती से नहीं रखा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि कांग्रेस ओबीसी वर्ग को 27%आरक्षण दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। भाजपा सरकार पर ओबीसी समाज के साथ धोखा करने का आरोप लगाया।

रंगोली से बच्चों ने राष्ट्र ...

तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वी विल डू इट और भारत माता की जय के नारे लगाए।

रिश्वतखोरी के मामले ...

गया। आरोप है कि पिछले वर्ष 2024-25 में ओएसडी बनते ही रायचूरा ने एक शराब कारोबारी से कथित रूप से एक करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने अपने ओएसडी रायचूरा को हटाने का नोटशीट मंत्रालय स्थित वाणिज्यिक कर विभाग को भेजा था। उनके नोटशीट के तत्काल बाद आबकारी विभाग के अपर सचिव राजेश ओगरे ने रायचूरा को हटाने का आदेश जारी कर दिया।

पूछा - सीईसी की ...

यशवंत कोगजे और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने गुरुवार को जबलपुर के अधिवक्ता अरिहंत तिवारी की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए। दावा है कि परियोजना के कारण पन्ना टाइगर रिजर्व का आधे से अधिक हिस्सा डूब क्षेत्र में आ सकता है और करीब 60 लाख पेड़ों की कटाई हो सकती है।

परिशिष्ट B संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल बीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल

(नोटिस प्रकाशन हेतु उत्तराधिकार)
एमजेसी एसयूसी/84/2025
श्रीमती मुल्लो बाई बनाम प्रभारी सहायक अधीक्षक नगर निगम भोपाल
NEXT DATE: 12-10-2026
प्रेषिती- सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मुल्लो बाई पता 260 सुनपुरा खजुरी कला भोपाल एम पी ने मृतक स्व. श्री अमर सिंह की 7,98,955/- रुपये राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12-10-2026 को नियत है।यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12-10-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 12-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। नोट- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

न्यायाधीश कृष्णकांत बागरे
बीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म. प्र.)

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

// आम सूचना //

राजीवनगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-ए-33 ए-सेक्टर श्री नबी अहमद आत्मज श्री मोहम्मद खां एवं श्रीमती अन्नपूर्णा पाटिल पत्नि श्री अशोक पाटिल के संयुक्त नाम आवंटन आदेश क्रं 1723-28 दिनांक 24/02/2001 के द्वारा संयुक्त नाम आवंटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/02/2001 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत किया गया है। श्री नवी अहमद आत्मज श्री मोहम्मद खां के द्वारा उनके जीवनकाल में उक्त भवन हेतु वसीयतनामा दिनांक 02/01/2001 को पंजीकृत किया गया था। उक्त संपत्ति आवेदिका द्वारा श्रीमती अन्नपूर्णा पाटिल द्वारा अपने एकल नाम से हस्तान्तरण करने हेतु दिनांक 07/09/2026 को ऑनलाईन आवेदन, शपथ-पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति के साथ घोषणापत्र, परिचय सत्यापन पत्र वसीयतनामा इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है कि श्री नबी अहमद आत्मज श्री मोहम्मद खां एवं उनके परिवार का कहीं अता-पता नहीं चल रहा है एवं श्री नबी अहमद वर्तमान में जीवित है या नहीं इसकी जानकारी श्रीमती अन्नपूर्णा पाटिल द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। श्रीमती अन्नपूर्णा पाटिल द्वारा शपथ पत्र में उल्लेख किया गया है कि हस्तांतरण उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होंगी। उपरोक्तानुसार प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती अन्नपूर्णा पाटिल के एकल नाम पर हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

// आम सूचना //

सोनागिरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल स्थित भूखंड/भवन क्रं सी-26 सी-सेक्टर नामांतरण आदेश क्रं 664 दिनांक 02/04/2025 के द्वारा श्रीमती नूतन बाने पत्नि श्री देवीदास बाने के नाम पर नामांतरित है। जिसका सेलडीड/लीजडीड दिनांक 30/07/1984 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत किया गया है। जिसका लीज नवीनीकरण दिनांक 17/08/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत किया गया है। श्रीमती नूतन बाने पत्नि स्व. श्री देवीदास बाने के द्वारा उक्त भवन विक्रय पत्र दिनांक 24/09/2026 के द्वारा श्रीमती ललताबाई साहू पत्नि श्री पुरुषोत्तम साहू एवं श्री बालकृष्ण साहू आत्मज श्री पुरुषोत्तम साहू को विक्रय कर दिया गया है। अतः उक्त संपत्ति क्रेता / विक्रेता द्वारा श्रीमती ललताबाई साहू एवं श्री बालकृष्ण साहू के संयुक्त नाम से हस्तान्तरण करने हेतु दिनांक 04/10/2026 को ऑनलाईन आवेदन, शपथ-पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति के साथ घोषणापत्र, परिचय सत्यापन पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती ललताबाई साहू पत्नि श्री पुरुषोत्तम साहू एवं श्री बालकृष्ण साहू आत्मज श्री पुरुषोत्तम साहू के नाम पर हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सरस्वती नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 381, चतुर्थ तल ब्लाक क्रमांक- 9 मण्डल द्वारा श्री सुभाष लधेरीवाले आत्मज श्री एन. आर. लधेरीवाले के नाम पर आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 14/02/1990 को पंजीकृत है। श्री सुभाष लधेरीवाले का स्वर्गवास दिनांक 26/07/2025 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती स्वाती लधेरीवाले का स्वर्गवास दिनांक 21/01/2008 को हो गया है। आवेदक आवंटी के 2 पुत्र (1) श्री सुबोध लधेरीवाले आत्मज स्व. श्री सुभाष लधेरीवाले (2) श्री समीर लधेरीवाले आत्मज स्व. श्री सुभाष लधेरीवाले द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, शास्त्री नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एच/71, भू तल मण्डल द्वारा श्रीमती भारती व्यास पत्नी स्व. श्री नित्यानंद व्यास के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 08/06/2012 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 17/03/2023 को पंजीकृत है। श्रीमती भारती व्यास पत्नी स्व. श्री नित्यानंद व्यास द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री नितिन कुमार जैन आत्मज स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26/08/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र एवं विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री नितिन कुमार जैन आत्मज स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल













नाम परिवर्तन सूचना

मैं कोसर फातेमा (KOSAR FATEMA) पत्नी शब्बीर हुसैन निवासी एफ-1, रॉयल हाउस, मास्टर गुलाम फखरुद्दीन की गली, ओल्ड सोफिया कॉलेज रोड, बेलदापुरा भोपाल। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम कोसर फातेमा हुसैन (KOSAR FATEMA HUSAIN) था। जो कि अब परिवर्तन होकर मेरा नाम कोसर फातेमा (KOSAR FATEMA) हो गया है। भविष्य में सभी सरकारी व गैर सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम कोसर फातेमा (KOSAR FATEMA) जाना व पहचाना जाए।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

ई-खुली निविदा सूचना सं.-एस-टी/सोन/ई-खुली निविदा/26-27/40 दिनांक : 06.10.2026. मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई-निविदा' आमंत्रित करते है। ई-निविदा की अंतिम तिथि 30.10.2026 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट- www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।
1. ई-निविदा सं. : एस&टी/सोन./ई-खुली निविदा /26-27/40. 2. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : सोनपुर मंडल में एलसी सं. 03 (हरौली फतेहपुर-लालगंज पकरी), एलसी सं. 9 'सी' (घटारो हाल्ट-लालगंज पकरी), एलसी सं. 10 (लालगंज पकरी-वैशाली), एलसी सं. 12 'सी' (लालगंज पकरी-वैशाली), एलसी सं. 13 'सी' (लालगंज पकरी-वैशाली), एलसी सं. 16 (लालगंज पकरी-वैशाली) और एलसी सं. 18 (कुढ़नी-गौरौल) के स्थान पर आरयूबी (RUB) के प्रावधान के संबंध में संबंधित एसएंडटी (S&T) कार्य। 3. अनुमानित लागत (रू. में) : ₹2,12,06,521.77, 4. बयाने की राशि (रू. में) : ₹4,24,200.00, 5. निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में) : ₹0.00, 6. समापन अवधि : एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 09 (नौ) माह तक।
उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 06.10.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार-किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनीयर/पूमरे/सोनपुर
पीआर/1089/एसईई/सि./टी/26-27/48

नाम परिवर्तन

यह कि, मेरी पुत्री आरती वर्मा (ARTI VERMA) के आधार कार्ड (8512 3271 6733) में उसका नाम कुमकुम kumkum अंकित हो गया है जो कि गलत व अधुरा है। और इस गलत नाम को हमेशा के लिए त्याग दिया है। अब मेरी पुत्री को आरती वर्मा (ARTI VERMA) पिता देवचंद वर्मा (DEVCHAND VERMA) के नाम से जाना पहचाना एवं दर्ज किया जावे।
भवदीय
देवचंद पिता मदनलाल
नि. ग्राम पनाली, पोस्ट भीलवाड़िया तेहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ मप्र

नाम परिवर्तन

यह कि, मेरी पुत्री प्रतिज्ञा शर्मा पिता विष्णु प्रसाद शर्मा के आधार कार्ड नं. 4295 6340 9986 में उसका नाम हिन्दी व अग्रजी में प्रतिध्या (Pratighya) अंकित हो गया है जो कि गलत व अधुरा है और जिसको हमेशा के लिए त्याग दिया है। अब मेरी पुत्री को हमेशा के लिए प्रतिज्ञा शर्मा (Pratigya Sharma) पिता विष्णु प्रसाद शर्मा (Vishnu prasad Sharma) के नाम से ही हमेशा जाना पहचाना एवं दर्ज किया जावे।
भवदीय
रीना बाई पति विष्णु प्रसाद शर्मा
नि.- ग्राम गोवर्धन पोस्ट भूमरिया, तेहसील खिलचीपुर जिला राजगढ़ मप्र.

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

शब्द पहेली - 6373

खबर संक्षेप

मीवी 5जी स्मार्टफोन पेश, कीमत 11,999 रु.

नागपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी ब्रांड मीवी ने अपना पहला स्मार्टफोन मीवी वन 5जी पेश किया है। यह फोन फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज बिक्री के दौरान विशेष कीमत पर उपलब्ध होगा। इसके 4 जीबी रैम और 128 जीबी भंडारण वाले संस्करण की प्रभावी कीमत 11,999 रखी गई है। 6 जीबी रैम वाला संस्करण 13,499 और 8 जीबी रैम वाला संस्करण 14,999 रुपए में मिलेगा। फोन में 6000 एमएएच की बैटरी, 18 वॉट तेज़ चार्जिंग, 50 मेगापिक्सल का दोहरा कैमरा और 8 मेगापिक्सल का सामने वाला कैमरा मिलता है।

वैभव व्यापार का आईपीओ 13 को खुलेगा

मुंबई। वैभव व्यापार लिमिटेड का आईपीओ 13 अक्टूबर 2026 को खुलेगा और 15 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी इस इश्यू के जरिए अधिकतम प्राइस बैंड पर 42.10 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखती है। आईपीओ का प्राइस बैंड 51 से 54 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इसमें 5 रुपए अंकित मूल्य वाले कुल 77,96,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। एंकर निवेशकों के लिए बोली 12 अक्टूबर को होगी। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग कंपनी अपने पूंजी आधार को मजबूत करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी।

भोपाल में पापड़मलजी एग्रो फूड्स का विस्तार

भोपाल। बीकानेर स्थित पापड़मलजी एग्रो फूड्स लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में कारोबार विस्तार की तैयारी तेज कर दी है। कंपनी ने भोपाल में नए वितरक की नियुक्ति की घोषणा की है। इसके पहले चरण में प्रदेश के करीब 50 आधुनिक खुदरा स्टोर तक अपने उत्पाद पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी के प्रमोटर एवं प्रबंध निदेशक जय अग्रवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश में विस्तार से आधुनिक खुदरा बाजार में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी।

रविता इंजीनियरिंग का आईपीओ 13 को

मुंबई। रविता इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 13 अक्टूबर 2026 को खुलेगा और 15 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी इस इश्यू के जरिए अपर प्राइस बैंड पर 116.05 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखती है। आईपीओ का प्राइस बैंड 105 से 112 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इसमें 5 रुपए अंकित मूल्य वाले कुल 1,03,62,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। एंकर निवेशकों के लिए बोली 12 अक्टूबर को होगी। लॉट साइज 1,200 शेयर है, जबकि न्यूनतम बोली 2,400 शेयरों के लिए लगानी होगी।

सोयाबीन तेल 153 रुपए और पाम ऑयल 151 रुपए किलो

2023 के बाद पहली बार सोयाबीन तेल से नीचे आया पाम ऑयल का भाव, ग्राहकों को मिलेगी अब और राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खाद्य तेल बाजार में वर्ष 2023 के बाद पहली बार पाम ऑयल का भाव सोयाबीन तेल से नीचे आ गया है। भोपाल के हनुमानगंज और जुमेराती स्थित थोक जिंस बाजार में सोयाबीन तेल 153 रुपए किलो, जबकि पाम ऑयल 151 रुपए किलो के भाव पर बिक रहा है। दोनों तेलों की कीमत में दो रुपए प्रति किलो का अंतर आ गया है। कारोबारियों के अनुसार, बाजार में फिलहाल खाद्य तेलों की कीमतों में नरमी का रुख बना हुआ है।

तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 से सितंबर 2026 तक पाम ऑयल का भाव सोयाबीन तेल की तुलना में ऊंचा बना हुआ था। अब कीमतों में बदलाव देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार की ओर से आयात शुल्क में कटौती के बाद खाद्य तेलों की लागत पर असर पड़ा है, जिससे बाजार में कीमतों के समीकरण बदले हैं।

स्थानीय थोक बाजार में मूंगफली तेल 200 रुपए किलो, सरसों तेल 185 से 190 रुपए किलो और वनस्पति 160 से 165 रुपए किलो के भाव पर बिक रहा है। कारोबारियों का कहना है कि खाद्य तेलों के बाजार में फिलहाल मंदी का रुख है। आगे कीमतों की दिशा मांग, आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय बाजार की चाल पर निर्भर करेगी।

मूंगफली तेल 200 रुपए सरसों तेल 185 से 190 रुपए किलो

बाजार की दिशा पाम ऑयल और सोया तेल की कीमतों पर होगी तय

आयात शुल्क में कटौती का असर



उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने सितंबर में कच्चे और रिफाइंड सोयाबीन तेल, पाम ऑयल तथा सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क घटाया था। कच्चे पाम ऑयल और कच्चे सोयाबीन तेल पर शुल्क 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया, जबकि रिफाइंड पाम ऑयल और रिफाइंड सोयाबीन तेल पर इसे 32.5 प्रतिशत से घटाकर 27.5 प्रतिशत कर दिया गया। आयात शुल्क में इस कटौती से विदेशों से आने वाले खाद्य तेलों की लागत प्रभावित होती है। हालांकि, घरेलू बाजार में कीमतें अंतरराष्ट्रीय दरों, रुपये की विनिमय दर, परिवहन लागत और मांग-आपूर्ति जैसे कारकों पर भी निर्भर करती हैं।

मूल्य परिवर्तन पर नजर रखना जरूरी

विशेषज्ञों के अनुसार, केवल थोक कीमतों में गिरावट के आधार पर खुदरा तेलों के सस्ता होने का निश्चित अनुमान लगाना उचित नहीं होगा। बाजार में मूल्य परिवर्तन पर नजर रखना जरूरी है। बाजार की दिशा तय करने में अंतरराष्ट्रीय पाम ऑयल और सोयाबीन तेल की कीमतें, प्रमुख उत्पादक देशों की आपूर्ति, आयात की मात्रा, रुपये-डॉलर विनिमय दर और घरेलू मांग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

सीआईआई का निवेश, औद्योगिक विकास, तकनीक और रोजगार सृजन पर जोर

भारत की अगली विकास यात्रा में अहम भूमिका निभाने को 'मप्र' तैयार: आडवाणी

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, बेहतर होते बुनियादी ढांचे, विविध अर्थव्यवस्था और निवेश अनुकूल माहौल के दम पर देश के प्रमुख विकास केंद्रों में उभर रहा है। यह बात सीआईआई वेस्टर्न रीजन के चेयरमैन वीर एस. आडवाणी ने इंदौर में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से आयोजित मीडिया राउंडटेबल में कही।

उन्होंने कहा कि राज्य में मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग और टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। आडवाणी ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए उद्योग, सरकार और संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ाने और आर्थिक बदलाव को गति देने में मदद मिलेगी।

कुशल प्रतिभाओं को तैयार करना आवश्यक



डॉ. अल्पा अंतानी, रीजनल डायरेक्टर,सीआईआई वीरएस आडवाणी, चेयरमैन, सीआईआई वेस्टर्न रीजन, मिलन के नाग, डिप्टी चेयरमैन, सीआईआई वेस्टर्न रीजन और सिद्धार्थ चतुर्वेदी, चेयरमैन, सीआईआई मध्य प्रदेश।

सीआईआई वेस्टर्न रीजन के डिप्टी चेयरमैन मिलन के. नाग ने कहा कि औद्योगिक विकास को मजबूत बनाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करना, आधुनिक तकनीक अपनाना और कुशल प्रतिभाओं को तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, इंडस्ट्री 4.0 और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ने पर जोर दिया।

उद्योग आधारित विकास को बढ़ावा

सीआईआई मध्य प्रदेश के चेयरमैन सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन राज्य में निवेश प्रोत्साहन, एमएसएमई विकास, कौशल प्रशिक्षण, नीतिगत सहयोग और उद्योग-अकादमिक संस्थानों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है। इन पहलों का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और समावेशी विकास को गति देना है। सीआईआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विनिर्माण, कृषि, लॉजिस्टिक्स, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में भी योगदान दे रहे हैं। विदिशा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से कृषि उत्पादकता और ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सीआईआई ने मध्य प्रदेश को प्रतिस्पर्धी, नवाचार आधारित और भविष्य के लिए तैयार औद्योगिक केंद्र बनाने में सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

जानकारी देने के लिए रोजाना मुनादी कराने के निर्देश दिए

भावांतर योजना : 14 अक्टूबर तक मंडियों में सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का अल्टीमेटम



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खरीफ सीजन 2026 में सोयाबीन की भावांतर योजना के संचालन और मंडियों में संभावित बंपर आवक को देखते हुए मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने सोयाबीन भावांतर योजना को लेकर मंडियों के लिए समय-सीमा तय कर दी है। किसान भवन भोपाल से अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना के आदेश क्रमांक 322/2026/ एसएएमबी के तहत सभी संयुक्त संचालकों, आंचलिक कार्यालयों और मंडी सचिवों को आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडीवार रिपोर्ट 15 अक्टूबर तक मुख्यालय भेजी जानी है।

15 अक्टूबर तक भेजनी है मुख्यालय मंडीवार रिपोर्ट

बोर्ड ने मंडियों में किसानों को योजना की जानकारी देने के लिए रोजाना मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। किसानों को मंडी में सोयाबीन बिक्री के समय आधार नंबर, पंजीयन क्रमांक और संबंधित रसीद साथ लाने के लिए जागरूक किया जाएगा। योजना के तहत भुगतान केवल ऑनलाइन बैंक खाते में किया जाएगा, नकद भुगतान का प्रावधान नहीं रहेगा।

भावांतर योजना का लाभ मंडी या उपमंडी प्रांगण में सोयाबीन की बिक्री करने पर ही मिलेगा। एमपी फार्मेट एप के माध्यम से बिक्री करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, किसान स्वयं अथवा उसके खून के रिश्तेदार द्वारा सरकारी पहचान पत्र के साथ बिक्री किए जाने की व्यवस्था रहेगी। राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि मंडियां सीधे मुख्यालय को रिपोर्ट नहीं भेजेंगी। मंडी स्तर की जानकारी संबंधित आंचलिक कार्यालय को दी जाएगी। इसके बाद आंचलिक कार्यालय अपने संभाग की सभी मंडियों की रिपोर्ट संकलित कर मुख्यालय भोपाल को भेजेगा। मंडी सीजन शुरू होने से पहले व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने और भावांतर योजना के सुचारु संचालन के लिए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। 14 अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों का सत्यापन पूरा करना होगा। उपमंडी प्रांगणों में भी योजना के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड ने कहा है कि मंडियां अपनी तैयारियों की जानकारी संबंधित आंचलिक कार्यालय को उपलब्ध कराएंगी।

सिस्टेक में भोपाल के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्लाउड कंप्यूटिंग उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग महाविद्यालय ने तकनीकी शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान ने जार्थी के साथ साझेदारी में भोपाल के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्लाउड कंप्यूटिंग उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ किया। यह केंद्र सिस्टेक के गांधीनगर और रातीबड़ परिसर में स्थापित किया गया है। केंद्र का उद्घाटन जार्थी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदित्य गर्ग ने अपनी नेतृत्व टीम के साथ किया। इस अवसर पर सिस्टेक की



समूह निदेशक डॉ. ज्योति देशमुख, प्राचार्य डॉ. मनीष बिल्लोरे, डॉ. अभिषेक चौबे, समूह प्रमुख प्राची श्रीवास्तव सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

शुभारंभ के बाद सिस्टेक और जार्थी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग का प्रत्यक्ष अनुभव, व्यावहारिक प्रशिक्षण, कार्य-अनुभव और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के वास्तविक उपयोग, समस्या समाधान और नवाचार को समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर सागर समूह के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल ने कहा कि उद्योग जगत को ऐसे कुशल तकनीकी विशेषज्ञों की आवश्यकता है, जो नई तकनीकों के विकास में प्रभावी योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सिस्टेक का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव और रोजगारपरक कौशल से जोड़ना है।

किफायती आवास का पैमाना सिर्फ फ्लैट का आकार नहीं ईएमआई से लेकर रखरखाव और आवागमन तक का हो पूरा हिसाब

क्रेडाई भोपाल ने पहली बार घर खरीदने वालों को लक्षित राहत देने की मांग की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रेपो दर में बढ़ोतरी के बाद घर खरीदने वालों की जेब पर बढ़ते दबाव के बीच क्रेडाई भोपाल ने पहली बार घर खरीदने वालों और किफायती आवास के लिए लक्षित पंजीयन राहत देने का सुझाव दिया है। संगठन का कहना है कि 2047 के भोपाल में किफायती घर की पहचान केवल फ्लैट के आकार या एफएआर से नहीं, बल्कि परिवार की कुल मासिक लागत से तय होनी चाहिए।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बीते दिनों रेपो दर में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर



दिया। फरवरी 2023 के बाद यह पहली बढ़ोतरी है। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज सिंह मीक के अनुसार, फ्लोटिंग ब्याज दर वाले गृह ऋण की दर बढ़ने पर ईएमआई बढ़ सकती है या ऋण की अवधि लंबी हो सकती है। हालांकि इसका असर बैंक, ऋण के बेंचमार्क और ब्याज दर में बदलाव की तारीख पर निर्भर करेगा।

एफएआर नहीं, पूरी जेब का हिसाब

मीक ने आवास की किफायत को ईएमआई, शुरुआती भुगतान, पंजीयन शुल्क, रखरखाव और रोजाना आवागमन की संयुक्त लागत से आंकने की जरूरत बताई गई है। उनका कहना है कि घर तभी किफायती है, जब परिवार उसकी पूरी मासिक लागत लंबे समय तक उठा सके। भोपाल विकास योजना-2047 के प्रारूप के खंड 15.35-15.36 में 60 वर्गमीटर तक कारपेट क्षेत्र वाली पात्र किफायती आवास इकाइयों के लिए एफएआर प्रोत्साहन और किराया आवास के लिए 0.50 अतिरिक्त एफएआर का प्रस्ताव है। मीक ने कहा कि महंगाई नियंत्रण जरूरी है, लेकिन घर खरीदारों की भुगतान क्षमता भी सुरक्षित रहनी चाहिए। किफायत केवल फ्लैट के आकार से नहीं, बल्कि किस्त, रखरखाव और आवागमन की कुल लागत से मापी जाए।

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

खुली निविदा क्रमांक.: WCR-CRWS-TOILETUP-25-32R1

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** अप-ग्रेडेसन ऑफ टॉइलेट ऑफ एलएचबी नॉन-एसी कोचेस एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। **कार्य की लागत:** ₹ 27,53,59,032.00 **निविदा फ़ॉर्म का मूल्य:** ₹ 0.00 **धरोहर राशि:** ₹ 55,07,200.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय:** 15.10.2026/ 29.10.2026 को 16.00 बजे तक **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय:** 29.10.2026 को 16.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/ भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, प.म.रे.,भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

बिजनेस न्यूज

एसबीआई लाइफ का भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय नई लोकेशन 'बावड़िया कलां' में स्थानांतरित

भोपाल। जीवन बीमा सेवाओं को ग्राहकों के और करीब पहुंचाने के उद्देश्य से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने भोपाल में अपने क्षेत्रीय कार्यालय को नई लोकेशन पर स्थानांतरित किया है। कंपनी का मानना है कि नए कार्यालय से ग्राहकों को जीवन बीमा संबंधी व्यक्तिगत सहायता और बेहतर सुविधा मिल सकेगी।



एसबीआई लाइफ का नया क्षेत्रीय कार्यालय फॉर्च्यून बिजनेस आर्केड, दूसरी मंजिल, ई एंड एक्सटेंशन, बावड़िया कलां, 80 फीट मेन रोड, भोपाल में शुरू किया गया है। इससे पहले कार्यालय एमपी नगर जोन-2 स्थित रंजीत टावर में संचालित हो रहा था। नए कार्यालय का उद्घाटन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित झिंगरन ने किया। इस अवसर पर एसबीआई भोपाल सर्किल के सीजीएम प्रवाश कुमार सुबुद्धि, एसबीआई लाइफ के प्रेसिडेंट एवं चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर एम. आनंद, वेस्ट जोन के जोनल डायरेक्टर राजीव श्रीवास्तव और भोपाल रीजन के रीजनल डायरेक्टर अमित कुमार साहा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर अमित झिंगरन ने कहा कि मध्य प्रदेश में आर्थिक और सामाजिक प्रगति के साथ लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। कंपनी के अनुसार, मध्य प्रदेश में एसबीआई लाइफ की कुल 66 शाखाएं हैं।

मानसरोवर मेडिकल कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य महोत्सव का समापन

भोपाल। मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल, बिलकिसगंज में आयोजित तीन दिवसीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य महोत्सव का समापन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने क्विज, नृत्य और 'एमजीयू गॉट टैलेंट' सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद अठावले ने दीप प्रज्वलित कर किया। पहले दिन विद्यार्थियों और नर्सिंग स्टाफ के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं



आयोजित की गईं। एमजीयू क्विज का संचालन डॉ. पुलकित पाण्डेय और डॉ. जगदीश सिंह मीणा ने किया। समापन समारोह का संचालन श्रीमती रंजना तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मेंटल हेल्थ विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु सिंह, सह-प्राध्यापक डॉ. संजीत दीवान सहित चिकित्सक, शिक्षक, विद्यार्थी और स्टाफ मौजूद रहे। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत सीएम राइज स्कूल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव, चिंता और भावनात्मक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी गई।

राधारमण में 'माइंड मैनेजमेंट' पर व्याख्यान विद्यार्थियों को सिखाए सफलता के मंत्र

भोपाल। राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक सोच और तनाव प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'अपने मन को समझें, सफलता की राह बनाएं' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें इंजीनियरिंग और प्रबंधन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता माइंड मैनेजमेंट कोच, ग्राफोलॉजी एवं एनएलपी विशेषज्ञ तथा भावनात्मक बुद्धिमत्ता मार्गदर्शक प्रदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को मन की कार्यप्रणाली, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, तनाव प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ भावनात्मक संतुलन, सही सोच और प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता भी जरूरी है। राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किताबी और तकनीकी शिक्षा के साथ भावनात्मक समझ तथा चुनौतियों का सकारात्मक सामना करने की क्षमता भी आवश्यक है।

विशेषज्ञों ने आयुर्वेदिक तत्वों से युक्त डाबर रेड टूथपेस्ट के उपयोग पर दिया जोर

नई दिल्ली । दांतों और मसूड़ों की बेहतर देखभाल के लिए विशेषज्ञों ने नियमित ओरल हाइजीन अपनाने के साथ आयुर्वेदिक तत्वों से युक्त डाबर रेड टूथपेस्ट के उपयोग पर जोर दिया। डॉ. सोनिया दत्ता, एमडीएस, पीएचडी एवं प्रोफेसर इन पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के अनुसार आयुर्वेदिक परंपरा से जुड़े तत्वों के कारण डाबर रेड टूथपेस्ट को पारंपरिक मौखिक देखभाल के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इस टूथपेस्ट को इंडियन डेंटल एसोसिएशन की स्वीकृति भी प्राप्त है। उन्होंने केवल टूथपेस्ट का चयन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित देखभाल और सही आदतें दांतों तथा मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

वीआईटी के छात्रों ने सीएम यूथ संवाद में दिखाया तकनीकी नवाचार, स्टार्टअप टैलेंट

भोपाल। 'सीएम यूथ संवाद 2026' में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लेकर अपने तकनीकी नवाचारों और स्टार्टअप आइडियाज का प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़ और प्रो-वाइस चांसलर प्रो. टी.बी. श्रीधरन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। यूनिवर्सिटी ने अपने टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर से जुड़े तीन स्टूडेंट स्टार्टअप्स सेंटॉरिक्स, वेयॉस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेवियो को प्रदर्शित किया। सेंटॉरिक्स ने एआई आधारित ड्रोन इंटेलिजेंस तकनीक पेश की, जबकि वेयॉस ने हेल्थकेयर मैनेजमेंट से जुड़ी एआई तकनीक का प्रदर्शन किया।



भारत के समुद्री विकास में वैश्विक साझेदारी, युवा और महिलाएं होंगी अहम : सोनोवाल

नई दिल्ली। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'सागरमंथनः द ग्रेट ओशन्स डायलॉग 2026' के दूसरे दिन सऊदी अरब, बेल्जियम और भूटान के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन बैठकों में भारत के समुद्री क्षेत्र में निवेश, हरित शिपिंग, बंदरगाह विकास और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। सऊदी अरब के बंदरगाह प्राधिकरण मवानी के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में वधावन और गलाथिया खाड़ी बंदरगाह परियोजनाओं में निवेश, जहाज निर्माण, नाविक प्रशिक्षण और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर चर्चा हुई।

कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल - cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष / फेक्स क्रमांक 0755-2551403

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 17/सा/01/विविध/2019 (वर्ष 2026) भोपाल, दिनांक 08/10/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसारट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रू लाख में)	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_539242_1	सीहोर	मार्ग	इन्दौर नाका से सटेशन ब्रिज बाया गणेश मंदिर चौराहा, शुगर फेक्टरी चौराहा, लुनिया चौराहा, रेल्वे ब्रिज टू लेन हेतु सी.सी. मार्च निर्माण चैनेज 0 से 1+700 (ल. 1.70 कि.मी.) एवं पर पेव्ड शोल्डर एवं चैनेज 1+800 से 4+300 (ल. 2.50 कि.मी.) पर 4 लेन पेव्ड शोल्डर के साथ कुल ल. 4.30 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित।	प्रथम	2606.47	ईएमडी / समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन प्रस्तुत किये जाने है।
2	2026_PWDRB_539244_1	भोपाल (संधा. स. क्रं-2 भोपाल)	मार्ग	कलियासोत डेम से एन.एल.आई.यू. मार्ग ल. 6.50 कि०मी० का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य कलियासोत डेम से एन. एल.आई.यू. मार्ग भोपाल पर 33 के.व्ही. /11 के.व्ही./एल.टी. लाईन/डी.टी.आर. शिपिटंग सहित	द्वितीय	4097.82	ईएमडी / समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन प्रस्तुत किये जाने है।
				कुल योग		6704.29	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 28/10/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल

G-19722/26 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन

लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का अधिकार है, लेकिन इसकी रक्षा के नाम पर आम जनता की जिंदगी को मुश्किलों में डाल देना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले स्कूलों की कक्षाएं ऑनलाइन करने, परीक्षाएं स्थगित करने, मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने तथा रेलगाड़ियों को रद्द करने जैसी तैयारियों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका के चलते लाखों नागरिकों को होने वाली परेशानी का जिम्मेदार कौन है? प्रदर्शन करने वालों को भी देखना चाहिए कि उनके प्रदर्शन से आम जनजीवन प्रभावित नहीं हो। एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर सीजेपी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों की मांग मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे से जुड़ी है। उनकी मांगों से सहमति या असहमति अलग विषय है, लेकिन शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को नकारा नहीं जा सकता। इसी तरह प्रशासन की जिम्मेदारी भी है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखे और किसी अप्रिय घटना की आशंका को गंभीरता से ले। समस्या तब पैदा होती है, जब उसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़े, जिनका प्रदर्शन से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में स्कूलों ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर कक्षाएं ऑनलाइन करने और गतिविधियां स्थगित करने का फैसला लिया। कॉलेजों की परीक्षाएं आगे बढ़ा दी गईं। रेल सेवाओं पर भी असर पड़ा। उत्तर रेलवे के अनुसार, 10 अक्टूबर को सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे के बीच नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन पहुंचने वाली 38 ट्रेन रद्द की गईं। दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने का अनुरोध भी किया गया। इन फैसलों का सीधा असर विद्यार्थियों, अभिभावकों, नौकरीपेशा लोगों, कारोबारियों और दिल्ली आने वाले यात्रियों पर पड़ना स्वाभाविक है। कई लोगों की यात्रा जरूरी हो सकती है, तो विद्यार्थियों की परीक्षाओं और पढ़ाई का अपना महत्व है। उनकी परेशानियों को केवल सुरक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने इसी चिंता को रेखांकित किया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसी चीज को रोकने के लिए उतनी ही कार्रवाई होनी चाहिए, जितनी आवश्यक हो।अदालत की यह टिप्पणी प्रशासन के लिए स्पष्ट संदेश है कि सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यदि किसी इलाके में प्रदर्शन से यातायात प्रभावित होने की आशंका है, तो वहां अतिरिक्त पुलिस बल, यातायात का वैकल्पिक मार्ग, सीमित क्षेत्र में प्रतिबंध और प्रदर्शनकारियों के लिए निर्धारित व्यवस्था जैसे उपायों पर विचार किया जा सकता है। कुल मिलाकर सवाल सिर्फ एक प्रदर्शन या एक दिन की असुविधा का नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली का है। प्रदर्शनकारी अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें और प्रशासन सुरक्षा के नाम पर नागरिकों के अधिकारों का अनावश्यक संकुचन न करे। यदि कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका से विद्यार्थियों की पढ़ाई, यात्रियों की आवाजाही और शहर की सामान्य गतिविधियां बाधित होती हैं, तो प्रशासन को जवाब देना होगा कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक इंतजाम क्यों पर्याप्त नहीं थे। जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन है? यह सवाल प्रदर्शनकारियों और प्रशासन, दोनों से पूछा जाना चाहिए।



उपलब्धि

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

'न्याय की देवी' को शांति का नोबेल

नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंतत: एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है। नि:संदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

भारत के लिए भी इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार प्रसन्नता की बात है। नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। जब कानून निर्बलों की ढाल बनता है, जब न्याय सत्ता के भय से मुक्त होकर बोलता है और जब मानव-मर्यादा की रक्षा के लिए कोई व्यक्ति अपना पूरा जीवन समर्पित कर देता है, तब शांति केवल एक सुंदर कल्पना नहीं रहती, बल्कि मानव सभ्यता का जीवंत संकल्प बन जाती है।

नवनेथेम नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा इसी संकल्प का वैश्विक उद्घोष है। नवी पिल्लई की यह उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने शांति की परिभाषा को युद्धविराम, कूटनीतिक समझौतों और राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण घोषणाओं तक सीमित नहीं रहने दिया। उन्होंने जीवन और कार्य से यह संदेश दिया कि वास्तविक शांति वहीं जन्म लेती है, जहां अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने वाले व्यक्ति को संरक्षण मिलता है, जहां पीड़ित को न्याय की आशा दिखाई देती है। यदि नवी पिल्लई के जीवन को देखें तो यह पता चलता है कि 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारतीय तमिल मूल के परिवार में जन्मीं नवी पिल्लई का जीवन उस सामाजिक परिवेश में विकसित हुआ। वहां रंगभेद की नीतियां मनुष्य की गरिमा, स्वतंत्रता और समानता को चुनौती देती थीं। उनका परिवार भारतीय मूल की उस प्रवासी विरासत से जुड़ा था, जिसने दक्षिण अफ्रीका की सामाजिक संरचना में अनेक कठिनाइयों के बीच अपना स्थान बनाया। बचपन से ही असमानता और नस्लीय भेदभाव की वास्तविकताओं से परिचित होने के कारण उनके जीवन में न्याय का प्रश्न महज अकादमिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक अनुभव का हिस्सा बन गया था। उन्होंने कानून को अपना कार्यक्षेत्र बनाया और उसे अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। वर्ष 1967 में उन्होंने डरबन में अपना स्वतंत्र कानूनी कार्यालय स्थापित किया। रंगभेद के दौर में राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का पक्ष लेना साहस की मांग करता था। नवी पिल्लई ने इस चुनौती को स्वीकार किया और उन लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी हुईं, जिनकी आवाज तत्कालीन व्यवस्था में अक्सर दबा दी जाती थी। संघर्ष की धरती से अंतरराष्ट्रीय सम्मान के शिखर तक उन्होंने उन्हीं दबे लोगों की आवाज़ बनकर कार्य किया। दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश के रूप में उन्हें कार्य करने का अवसर मिला। नवी पिल्लई को यह सम्मान प्रदान करने का निर्णय इस विचार को रेखांकित करता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करना भी शांति स्थापना का एक अनिवार्य माध्यम है। सच में देखा जाए तो नवी पिल्लई का कार्य इसी अधूरेपन को दूर करने की दिशा में केंद्रित रहा है।



उनका विश्वास उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में रहा, जिसमें अपराध चाहे किसी व्यक्ति ने किया हो या किसी प्रभावशाली सत्ता के प्रतिनिधि ने, उसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित हो। उनके लिए कानून केवल व्यवस्था बनाए रखने का साधन नहीं, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने, भविष्य की हिंसा रोकने और मानवता के नैतिक विवेक को जीवित रखने का माध्यम रही है। इस दृष्टि से भी उनको नोबेल सम्मान सार्थक सोच का द्योतक है। निःसंदेह नोबेल समिति ने भी इस बात पर भी बल दिया है कि युद्ध अपराधों, मानवता के विरुद्ध अपराधों और नरसंहार के मामलों में अभियोजन की प्रभावी व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए आवश्यक है। जैसा कि सभी जानते हैं कि वर्ष 2008 से 2014 तक संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में नवी पिल्लई ने वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए कार्य किया है। इस पद पर उनकी भूमिका ने उन्हें दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्वतंत्रता, समानता, भेदभाव, हिंसा और नागरिक गरिमा से जुड़े प्रश्नों पर काम करने का अवसर दिया। मानवाधिकार उच्चायुक्त का दायित्व केवल उल्लंघनों पर चिंता व्यक्त करना नहीं था अपितु संस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की याद दिलाने और पीड़ितों के अधिकारों को वैश्विक विमर्श के केंद्र में बनाए रखने की भी पहल शामिल रही हैं। पिल्लई के नेतृत्व में मानवाधिकारों का प्रश्न इस व्यापक विचार से जुड़ा रहा कि किसी व्यक्ति की गरिमा उसकी राष्ट्रीयता, नस्ल, लिंग, धर्म अथवा सामाजिक स्थिति पर निर्भर नहीं हो सकती। मानवाधिकार किसी सरकार की कृपा से प्राप्त उपहार नहीं, बल्कि प्रत्येक मनुष्य की अंतर्निहित गरिमा से जुड़े अधिकार हैं। उनकी इस भूमिका का मूल्यांकन करते समय यह समझना आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का कार्य अनेक बार जटिल राजनीतिक परिस्थितियों में होता है। विभिन्न सरकारों और पक्षों के बीच मतभेद, आरोप-प्रत्यारोप तथा राष्ट्रीय हितों के टकराव के बावजूद मानवाधिकार संबंधी मानकों को प्रासंगिक बनाए रखना आसान नहीं होता। नोबेल शांति पुरस्कार के संदर्भ में उनके इस योगदान का विशेष महत्त्व है, और कमेटी ने इसे समझा यह बहुत अच्छी बात है। महात्मा गांधी के आदर्श और नवी पिल्लई की न्याय-दृष्टि पर आज पूरे विश्व में विवेचनाएँ हो रही हैं। कहते हैं महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस के माध्यम से अन्याय का प्रतिरोध करने का मार्ग दिखाया था। उनका जीवन इस विचार का प्रतीक बना कि किसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती देने के लिए हिंसा का सहारा लेना अनिवार्य नहीं है। सत्याग्रह की शक्ति इस विश्वास में निहित थी कि सत्य और न्याय के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा होना सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। पिल्लई ने कानून, न्यायिक संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही को मानवाधिकारों की रक्षा के महत्त्वपूर्ण साधन के रूप में अपनाया। शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की स्थापना भी है जिसमें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अवसर हो, पीड़ितों को न्याय मिल सके और प्रत्येक मनुष्य को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो, नवी का यह स्वप्न रहा। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है।

जहां न्याय जीवित रहता है, वहीं शांति की संभावना जीवित रहती है, जहां मानव-मर्यादा सुरक्षित रहती है, वहीं सभ्यता का भविष्य उज्ज्वल होता है। मानें तो नवी पिल्लई के जीवन और उनके नोबेल सम्मान का आज यही सबसे सार्थक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

(लेखक सीयूपी में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

श्री श्री रवि शंकर



स्थायी सुख की राह है... आत्मज्ञान

एक बार मैं एक देश के पूर्व राष्ट्रपति के निमंत्रण पर उनके घर गया। वे कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति पद से सेवानिवृत्त हुए थे। मेरे वहां पहुंचने पर उन्होंने अपने सेवक से हम सभी के लिए पेय पदार्थ लाने को कहा। सेवक को उन्हें लाने में थोड़ी देर हो गई। पूर्व राष्ट्रपति ने इसे व्यक्तिगत रूप से लेते हुए मुझसे कहा, 'देखिए, गुरुदेव। जब मैं राष्ट्रपति था, तब वह मेरे आदेश का तुरंत पालन करता था। अब वह मेरी बात का सम्मान नहीं करता।'

मैं मुस्कुराया और उनसे कहा, 'यह सब आपके अपने मन में है।'

आप अपनी प्रतिभा और कौशल विकसित करके या समाज में कोई ऊंचा पद प्राप्त करके जो सुख पाते हैं, वह कुछ समय तक ही टिकता है। जब तक आप यह नहीं जान लेते कि आप वास्तव में कौन हैं, तब तक स्थायी सुख एक दूर की संभावना ही बना रहता है।

बौद्धिक स्तर पर आप इन बातों को पहले से जानते हैं, लेकिन जब नकारात्मकता बाढ़ की तरह उमड़ती है, तब वह आपको पूरी तरह अपने प्रभाव में ले लेती है। केवल मन और बुद्धि के स्तर पर अपनी भावनाओं को नियंत्रित कर पाना संभव नहीं होता।

इसी कारण परामर्श या मनोचिकित्सा आरंभ में सहायक दिखाई दे सकती है, लेकिन लंबे समय में वह व्यक्ति को पूर्णतः मुक्त नहीं कर पाती। स्वयं पर केवल सकारात्मक विचार थोपना भी पर्याप्त नहीं है। कई बार इससे व्यक्ति फिर उसी स्थिति में लौट सकता है। अवसादरोधी दवाएं भी शुरुआत में राहत देती हुई प्रतीत हो सकती हैं, लेकिन लंबे समय में व्यक्ति उनके प्रति निर्भरता विकसित कर सकता है, बजाए इसके कि वह उस प्रवृत्ति से वास्तव में मुक्त हो।

निराशा और दुःख से बाहर निकालने की क्षमता आध्यात्मिक ज्ञान में है। बाहरी वैभव, धन, प्रशंसा और वाहवाही भीतर के असंतोष को दूर नहीं कर सकते। सुख की खोज में आत्म-अन्वेषण की सच्ची भावना आवश्यक है।



अपने भीतर मौजूद एक बिल्कुल अलग आयाम से जुड़कर आप दुःख को विदा कर सकते हैं। वह आयाम मौन की एक सघन अनुभूति है। आनंद की एक प्रबल झलक है। अनंतता की एक झलक है, जो आपके अपने स्वरूप में विद्यमान है। आपको केवल उससे जुड़ना है और इसका माध्यम है ध्यान।


ध्यान आपके भीतर सामंजस्य स्थापित करने में भी सहायक होता है। ध्यान के माध्यम से आप निरंतर सक्रिय और चंचल मन पर जैसे ब्रेक लगा सकते हैं। समय-समय पर थोड़े मौन के साथ ध्यान और सुदर्शन क्रिया जैसी विशेष श्वास-प्रक्रिया अपनाने से नकारात्मकता के स्रोत को जड़ से समाप्त करने में सहायता मिलती है।

किसी मशीन के साथ उसका संचालन-पुस्तक न हो तो उसका होना भी बहुत उपयोगी नहीं। इसी प्रकार आध्यात्मिक ज्ञान और साधनाएँ जीवन के लिए मार्गदर्शिका का काम करती हैं। मन की स्थिरता की ओर बढ़ने के लिए जीवन-ऊर्जा के मूल सिद्धांतों को समझना आवश्यक है। यही श्वास-प्रक्रियाओं या प्राणायाम का पूरा विज्ञान उपयोगी हो जाता है। जब प्राण या जीवन-ऊर्जा निरंतर उतार-चढ़ाव से गुजरती है, तब मन भी भावनाओं के उतार-चढ़ाव वाले झूले पर सवार हो जाता है।

श्वास के रहस्य को समझना जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकता है। सुदर्शन क्रिया जैसी श्वास-प्रक्रियाएं जीवन-ऊर्जा को स्थिर करती हैं और परिणामस्वरूप मन भी स्थिर होने लगता है। ध्यान के अभ्यास से भीतर का वह आयाम खुलता है, जो व्यक्ति को गहराई से समृद्ध करता है और जिसका प्रभाव धीरे-धीरे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई देने लगता है।

जैसे-जैसे शरीर में प्राण का प्रवाह बढ़ता है, व्यक्ति परिवर्तन को किसी थोपी हुई मानसिक धारणा के रूप में नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष अनुभव के रूप में महसूस करने लगता है। वह अधिक प्रसन्न, अधिक सृजनात्मक और अपने मन तथा भावनाओं पर अधिक नियंत्रण रखने वाला बनने लगता है।

संघर्ष से आती है जीवंतता




संकलित

दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित

प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है।

आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा कि लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और वे हम पर हावी हो जाए।

सटाका



आज की पाती

चला गया पर्दे का दबंग और जिंदगी का फकीर

नाना पाटेकर का 8 अक्टूबर 2026 को 75 वर्ष की आयु में गोवा स्थित आवास पर कार्डियक अरेस्ट के बाद निधन हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए सीपीआर की कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भारतीय सिनेमा ने 8 अक्टूबर को एक ऐसे कलाकार को खो दिया जिसकी पहचान केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि अपने दमदार व्यक्तित्व, बेबाक आवाज और सादगी भरे जीवन के कारण भी थी। नाना पाटेकर का जाना हिंदी और मराठी सिनेमा के उस दौर का अवसान है जिसमें अभिनेता केवल चेहरे से नहीं, अपने अभिनय की ताकत से पहचाना जाता था। 1978 में फिल्म 'गमन' से बड़े पर्दे पर कदम रखने वाले नाना ने लगभग पांच दशक के करियर में अलग-अलग रंगों के किरदार निभाए। उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। - नरेश वत्स, रोहतक

ट्रेंड

बीजेपी की जीत



चार उपचुनावों में बीजेपी की ज़बरदस्त जीत! लोकतंत्र में शोर-शराबा तो कुछ समय के लिए ही गूंजता है, लेकिन जनता के फैसले की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है। जनता का फैसला ही सबसे बड़ा जवाब है।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

टाटा की विरासत



रतन टाटा का जीवन नेतृत्व, असाधारण उद्यमशीलता और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से परिभाषित था। उन्होंने दिखाया कि सफलता का असली पैमाना उन लोगों के जीवन पर डाला गया प्रभाव और पीछे छोड़े गए मूल्य हैं। उनकी विरासत भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, भाजपा

अर्थव्यवस्था का कंट्रोल



मोदी जी की आर्थिक नीति का मकसद अर्थव्यवस्था का कंट्रोल अपने पसंदीदा करीबी पूंजीपतियों को सौंपना है, ताकि बदले में बीजेपी मुनाफे में अपना हिस्सा बनाए रख सके। उन्होंने आर्थिक उदारीकरण की नींव को बर्बाद कर दिया है।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

नवी पिल्लई को बधाई




जस्टिस नवी पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलने पर मेरी ओर से हार्दिक बधाई। मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय के प्रति उनका जीवन भर का समर्पण उनके साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

- कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक तय करेंगे: कार्नी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने क्यूबेक, अल्बर्टा और सस्केचेवान को देश से अलग होने की एलन मस्क की अपील को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक ही तय करेंगे। मस्क की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने कहा, ''कनाडा का भविष्य यहां के नागरिक, उनकी प्राथमिकताएं और क्यूबेक के लोगों की आकांक्षाएं तय करेंगी।'' कार्नी ने कहा कि कनाडा के नागरिकों को अपनी भाषा और संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें विदेशी सरकारों या बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उन्हें यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि वे तय कर सकती हैं कि हमें क्या करना चाहिए।'' मस्क ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर क्यूबेक के भावी प्रीमियर पॉल सेंट-पियरे प्लामोंडोन से संबंधित एक पोस्ट पर टिप्पणी करके कनाडा में अलगाववाद की बहस को हवा दे दी थी। अलगाववादी विचारधारा वाली प्लामोंडोन की पार्टी 'पार्टी क्यूबेकॉस' ने सोमवार को प्रांतीय चुनाव में जीत हासिल की थी। हालांकि, पार्टी क्यूबेकॉस (पीक्यू) की जीत को क्यूबेक की स्वतंत्रता के पक्ष में जनादेश नहीं माना जा सकता। पार्टी को लगभग 28 प्रतिशत मत मिले और वह क्यूबेक के सदन में बहुमत हासिल करने से पीछे रह गई।



ऑफ बीट

आखिर पानी गीला क्यों होता है?

बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो 'गीलापन' महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक-दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को 'आसंजन' (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु "गीली" है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे 'संसंजन' (कोहेज़न) कहा जाता है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com

पर भेज सकते हैं।

उपचुनाव में भी भाजपा ने मारी बाजी

नंदीग्राम में 1.22 लाख के भारी अंतर से जीती, सुवेंदु का 2016 का रिकॉर्ड भी टूट गया, कांग्रेस और टीएमसी की जमानत जब्त

कई राज्यों में अभी चुनाव परिणाम जारी नहीं किए गए, वहां पर मतगणना चल रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

भाजपा ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नया इतिहास रचते हुए नंदीग्राम और रेजीनगर में ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की है। नंदीग्राम में भाजपा ने 1.22 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की है। इसने फाल्टा के 1.09 लाख वोटों के अंतर और सुवेंदु अधिकारी के 2016 के लगभग 82,000 वोटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। रेजीनगर में भी भाजपा ने 72,710 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से शानदार जीत दर्ज की है। इस सीट पर हुमायूं कबीर के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की टीएमसी के उम्मीदवार रबीउल तीसरे स्थान पर खिसक गए और कांग्रेस से भी पीछे रह गए। 4 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की उपचुनाव वाली सीटों पर मतगणना चल रही है।



यहां पर हुए थे उपचुनाव

तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में इसी साल विधानसभा चुनाव हुए थे। तमिलनाडु में 2 विधायकों के पार्टी बदलने और इस्तीफा देने से 2 सीटें खाली हुईं। वहीं, पुडुचेरी में सीएम एन. रंगासामी के 2 सीटों पर जीत के बाद एक सीट छोड़ने से उपचुनाव हुआ। इसके अलावा, बंगाल में भी मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और हुमायूं कबीर ने 2-2 सीटों पर चुनाव जीता। इसके बाद उन्हें एक-एक सीट छोड़नी पड़ीं। असम में सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने विधायक बनने के लिए लोकसभा सीट से इस्तीफा दिया था।

असम और पुडुचेरी में भी खिला कमल

असम की नगांव लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार देवाशीष शर्मा की ने बड़ी जीत दर्ज की है। इसमें एआईयूडीएफ उम्मीदवार मोहम्मद बदरुद्दीन अजमल दूसरे स्थान पर रहे। इस बीच पुडुचेरी की थट्टनचावड़ी सीट पर एनआर कांग्रेस के अशोक आनंद जीत चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार ई. विनायगम को 8,482 वोटों से हराया।

तमिलनाडु उपचुनाव

सीएम विजय की पार्टी ने जीतीं दोनों सीटें


चेन्नई। तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (टीवीके) ने मदुरंतकम और धारापुरम विधानसभा उपचुनाव जीत लिए हैं। मरगथम कुमारवेल और सत्यभामा ने अपने-अपने डीएमके पार्टी के प्रतिद्वंद्वियों को हराया। इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। अब तमिलनाडु में मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सरकार की राजनीतिक स्थिति और मजबूत हो गई है। मरगथम कुमारवेल ने मदुरंतकम सीट 17,554 वोटों के अंतर से जीती। जबकि सत्यभामा ने धारापुरम में 10,196 वोटों से जीत हासिल की।



राज्यसभा की 11 सीटें

भाजपा के 8, सपा के 2 निर्विरोध निर्वाचित उत्तराखंड में भाजपा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की दस सीटें बिना मतदान के फाइनल हो गईं। भाजपा के 8और सपा के 2 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। 2 निर्दलीय प्रत्याशियों के पर्चे गुरुवार को खारिज होने के बाद इनका निर्वाचन साफ हो गया था। दो निर्दलीय उम्मीदवारों के पर्चे खारिज होने और नाम वापसी की अंतिम तिथि तक किसी के पीछे न हटने से 10 वैध उम्मीदवार रह गए। उत्तराखंड में भाजपा जीती है।



खबर संक्षेप

विजयन के खिलाफ एफआईआर का आदेश

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने सीएमआरएल रिश्वत मामले में ईडी की रिपोर्ट के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और अन्य लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार-रोधी कानून के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने वकील केएम शाहजहां की याचिका को मंजूरी दे दी। शाहजहां का तर्क था पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।




होमगार्ड ने पत्नी-बेटी की गला कसकर हत्या की

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के भोला खेड़ा में शुक्रवार तड़के एक होमगार्ड ने अपनी पत्नी और बेटी की गला कसकर हत्या कर दी। आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णानगर इंस्पेक्टर ने बताया कि रविंद्र शंकर होमगार्ड है।



पीएम मोदी के नाम पर होगा जेवर हवाई अड्डा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम 'नरेंद्र मोदी जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट' करने का प्रस्ताव पारित किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ है।




कैंची धाम में अब पंजीकरण अनिवार्य

हल्द्वानी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश व्यापारी सम्मेलन में प्रतिभाग किया। राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के सभागार में कैंची धाम में उमड़ रही भीड़ को लेकर कहा कि जाम से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले लोगों को सच में बड़ी परेशानी हो रही है। सरकार व्यवस्था को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास कर रही है।



फोन का ब्योरा और 'लोकेशन' दी, 5 अरेस्ट

मुंबई। मुंबई पुलिस ने फोन कॉल और मोबाइल उपभोक्ताओं का ब्योरा तथा उनकी मौजूदा 'लोकेशन' की जानकारी अवैध रूप से हासिल कर दूसरों को मुहैया कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 पुलिसकर्मियों समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार में सक्रिय था। पुलिसकर्मियों में एक झारखंड और दूसरा बिहार का है।



भारत मंडपम में यूपीएससी के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री

आप सभी युवा एक साथ राष्ट्र के भविष्य के मुख्य निर्माता और प्राथमिक लाभार्थी होंगे

स्मारक डाक टिकट, विशेष सिक्का और 100 अहम केस कानूनों का संकलन जारी किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के शताब्दी समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह 100 साल का उत्सव वास्तव में लाखों युवाओं की अपार आकांक्षाओं और संस्था पर प्रत्येक भारतीय के अटूट विश्वास का उत्सव है। उन्होंने बदलती पीढ़ियों, सरकारों, प्रौद्योगिकियों और पाठ्यक्रम के बावजूद संस्था की अटूट विश्वसनीयता की सराहना की और इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट, एक विशेष सिक्का और 100 अहम केस कानूनों का संकलन जारी किया। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता के बाद सामने आई विशाल चुनौतियों को याद करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने न केवल देश को स्वतंत्र बनाए रखने के लिए, बल्कि नवगठित राष्ट्र के सक्रिय शासन के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना की स्थापना की।

सरकारी पद की लालसा के बजाए जनसेवा की ओर आकर्षित हों

भारत मंडपम में किया गया कार्यक्रम का आयोजन



प्रधानमंत्री का स्वागत करते संस्थान के अधिकारी

संस्थान ने राष्ट्र के सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्रित किया

प्रधानमंत्री ने 1926 में ब्रिटिश राज के दौरान स्थापित इस संस्था की तुलना स्वतंत्रता के बाद के इसके विकास से करते हुए कहा कि इस प्रणाली ने सफलतापूर्वक अपना ध्यान एक स्वतंत्र राष्ट्र के सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्रित किया है। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि यूपीएससी ने अपने ऐतिहासिक कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन किया है।

विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटें

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में चयन आयोगों की महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तार से वर्णन करते हुए इस बात पर बल दिया कि आज भर्ती किए गए युवा एक साथ राष्ट्र के भविष्य के मुख्य निर्माता और प्राथमिक लाभार्थी होंगे। चयन प्रक्रिया को राष्ट्र और नागरिक को प्राथमिकता देने के दोहरे मापदंड पर परखा जाना चाहिए।

प्रशिक्षु अधिकारी मूल प्रेरणाओं को लिख लें

नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी मूल प्रेरणाओं को लिख लेना चाहिए ताकि भविष्य में आने वाली चुनौतियों और जिम्मेदारियों के समय वे आत्म-मूल्यांकन के लिए इनका उपयोग कर सकें। उन्होंने यूपीएससी और राज्य आयोगों को उम्मीदवारों के लिए इसी तरह की आत्म-निरीक्षण प्रणाली को संस्थागत रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया। मोदी ने कहा कि यूपीएससी और राज्य आयोग भी ऐसी प्रणाली विकसित करने पर विचार कर सकते हैं।

नए बदलाव की मांगें भी बढ़ेंगी

इस दौरान प्रधानमंत्री ने बताया कि राष्ट्र में ग्रामीण-शहरी विभाजन कम होने से युवाओं की अपेक्षाएं बढ़ेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरान नए बदलाव की मांगें भी बढ़ेंगी।

अंतर्निहित प्रेरणा का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए

प्रधानमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया में मूलभूत बदलाव का आग्रह करते हुए इस बात पर बल दिया कि चयन के मापदंडों में केवल अकादमिक ज्ञान का ही नहीं, बल्कि उम्मीदवारों की अंतर्निहित प्रेरणा का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए, ताकि वे केवल सरकारी पद की लालसा के बजाय जनसेवा की ओर आकर्षित हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि सही अंतर्निहित प्रेरणा वाले व्यक्तियों का चयन करने से प्रशासन के लिए तेजी से बदलती जन आकांक्षाओं के अनुरूप ढलना अत्यंत सरल हो जाता है।

'नागरिक देवो भव' के परम सिद्धांत पर चलें

प्रधानमंत्री ने अतीत की पुरातन 'माई-बाप' शासन प्रणाली को त्यागते हुए 'नागरिक देवो भव' के परम सिद्धांत पर आधारित एक आधुनिक प्रशासनिक युग की शुरुआत का उल्लेख किया, जिसमें नागरिक को ईश्वर के समान माना जाता है।

यूपी, पुडुचेरी, बंगाल, असम के नतीजे बता रहे लोकतंत्र ने फिर भीड़तंत्र को जवाब दिया

ईरानी बोलीं- भाजपा की ये जीत सुशासन और विकास का प्रमाण



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत भीड़तंत्र पर लोकतंत्र की विजय है। भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति इरानी ने शनई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष द्वारा इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई की घोषणा को संवैधानिक संस्थाओं पर हमला बताया और कांग्रेस पर पितृसत्ता विरोधी नारों के आचरण में विरोधाभास होने का आरोप लगाया। भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री ने जेएनयू में कांग्रेस सांसद के खिलाफ छात्राओं की शिकायतों की जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बावजूद कार्रवाई न किए जाने पर कांग्रेस नेतृत्व से जवाब मांगा।

नंदीग्राम में ऐतिहासिक प्रमाण

इरानी ने कहा कि आज भीड़तंत्र को लोकतंत्र ने जवाब दिया है। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की जीत का समाचार हम सबको हर्षित कर रहा है। पुडुचेरी में एनडीए के प्रतिनिधि की जीत पर भाजपा के कार्यकर्ता उनका अभिनंदन करते हैं। बंगाल और असम से ऐतिहासिक परिणामों की सूचनाएं आ रही हैं। नंदीग्राम, जो वामपंथी विचारधारा, जनता के खिलाफ हिंसा और औद्योगिक विकास को रोकने का ऐतिहासिक प्रमाण बना था, वहां आज सुशासन का संकल्प लेकर भाजपा की जीत हुई है। रेजीनगर में लगभग 71 प्रतिशत मतदाता अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, वहां भी भाजपा ने जीत विजय पताका फहराया।

कांग्रेस देश की संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ

ईरानी ने कहा कि इन सभी राज्यों के मतदाताओं के प्रति भाजपा के कार्यकर्ता आभार व्यक्त करते हैं। मैं पुनः कहती हूं कि आज एक बार फिर लोकतंत्र ने भीड़तंत्र को जवाब दिया है। यह बात इसलिए कह रही हूं, क्योंकि 15 जनवरी 2025 को कांग्रेस के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुले मंच से कहा था कि उनकी लड़ाई भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट के खिलाफ है। इंडियन स्टेट का अर्थ है हमारी संवैधानिक व्यवस्थाएं, जो लोकतंत्र की स्थापना, संरक्षण और समृद्धि में योगदान देती हैं। यह चर्चा का विषय होना चाहिए कि कांग्रेस के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष को आप सबके माध्यम से इंडियन स्टेट पर हमला करने की बात कैसे कह पाए?

प्रश्नपत्र लीक मामले में कार्रवाई

ईडी ने ओडिशा व बंगाल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ओडिशा में 2024 में उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के मामले में शुक्रवार को राज्य और पश्चिम बंगाल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। भुवनेश्वर स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने ओडिशा में 8 और पश्चिम बंगाल में 2 ठिकानों पर तलाशी ली। मामला अक्टूबर 2025 में ओडिशा पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है। पिछले साल 30 अक्टूबर को



प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों में पुलिस ने आंध्र प्रदेश-ओडिशा सीमा के पास इच्छापुरम में 114 अभ्यर्थियों को ले जा रही 3 बसों को रोका था। यह परीक्षा 5-6 अक्टूबर, 2025 को होनी थी। अभ्यर्थियों को 15 लाख से 30 लाख तक की रकम के बदले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का वादा किया गया था।

नवीन की महासचिवों के साथ बैठक

विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की, रणनीति भी बनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें 'विभिन्न संगठनात्मक मामलों' पर चर्चा की । यह बैठक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों और कॉजपा द्वारा 10 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन किए जाने के आह्वान के बीच हुई। भाजपा ने 'एक्स' पर बैठक पर कहा कि पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की और विभिन्न



संगठनात्मक मामलों तथा पार्टी की आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में क्या चर्चा हुई, इस बारे में पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। बताया गया कि बैठक में विपक्ष के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन और उसके विमर्श का मुकाबला करने के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा हुई।

कच्छ में खावड़ा के पास रिन्यूएबल एनर्जी पार्क में हादसा

क्रेन से निकाले गए शव

ट्रक और पिकअप की आमने-सामने टक्कर में 7 मजदूरों की मौत, 20 जख्मी

एजेंसी ▶▶ कच्छ

गुजरात के कच्छ जिले में खावड़ा के पास स्थित रिन्यूएबल एनर्जी पार्क में शुक्रवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने टक्कर में कम से कम 7 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसा सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ। खावड़ा पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर एमबी चावड़ा ने बताया कि ट्रक और बोलेरो कैंपर विपरीत दिशाओं से आ रहे थे। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सभी मजदूर बोलेरो कैंपर में सवार थे

हादसे के समय सभी मजदूर बोलेरो कैंपर में सवार थे। टक्कर के बाद मजदूर वाहन के मलबे में फंस गए। उन्हें क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। 20 से ज्यादा घायल मजदूरों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के पीछे संभावित लापरवाही के पहलुओं की भी जांच की जा रही है। कच्छ कलेक्टर अनिल राणावसिया ने कहा कि गुरुवार रात खावड़ा गांव के पास एक भीषण दुर्घटना हुई। एक कंपनी के 30-32 मजदूरों को ले जा रही पिकअप वैन एक ट्रक से टकरा गई।




11 छात्राओं ने के यौन उत्पीड़न के आरोप पर की गई कार्रवाई

कांग्रेस के सांसद और जेएनयू प्रोफेसर यूनिवर्सिटी से बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के लोकसभा सांसद और जवाहर लाल नेहरू के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम को यूनिवर्सिटी ने बर्खास्त कर दिया है। एक इंटरनल कमेटी ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच के बाद उन्हें कड़ी सजा देने की सिफारिश की। 11 महिला छात्राओं ने यूनिवर्सिटी की इंटरनल कमेटी के समक्ष प्रोफेसर के खिलाफ दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई थी। अंगोमचा बिमोल अकोइजम इनर मणिपुर से सांसद हैं, वे जेएनयू के सामाजिक व्यवस्था अध्ययन केंद्र में प्रोफेसर पद पर तैनात थे। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने उनकी सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। प्रोफेसर अकोइजम को तत्काल प्रभाव से यूनिवर्सिटी की सेवाओं से बर्खास्त किया जाता है।

इंटरनल कमेटी ने की थी यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच के बाद कड़ी सजा देने की सिफारिश



30 सितंबर को सौंपी गई रिपोर्ट

जेएनयू के सूत्रों ने बताया कि समिति की रिपोर्ट 30 सितंबर को हुई विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक में रखी गई थी और प्रोफेसर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया था।

राजनीति में कब आए ?

अकोइजम ने साल 2023 में मणिपुर हिंसा के बाद राजनीति में कदम रखा। साल 2024 के हुए लोकसभा चुनाव में अकोइजम कांग्रेस के टिकट पर 'इनर मणिपुर' सीट से मैदान में उतरे और जीत दर्ज की। उन्होंने यहां से भाजपा उम्मीदवार को 1 लाख से अधिक वोटों से हराया।

जेएनयू से आयोग ने मांगी थी रिपोर्ट

अकोइजम को हटाने की कार्रवाई से पहले दिल्ली महिला आयोग ने मामले पर जेएनयू प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी। आयोग ने 11 छात्राओं के आरोपों पर सिंतबर में यह रिपोर्ट मांगी गई थी।छात्राओं ने आरोप लगाया था कि उन्होंने मई 2026 में जेएनयू की वाइस चांसलर संतिश्री धुलिपुड़ी पंडित से प्रोफेसर की शिकायत की थी। छात्राओं ने आरोप लगाया कि उस समय उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं की।

प्रेमानंद महाराज का नया संदेश

निंदा और तिरस्कार को भगवान की कृपा मानिए और शांत रहें

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के संत प्रेमानंद महाराज ने साधकों और शिष्यों को विरोध होने पर संयम बरतने और चुप रहकर परिस्थितियों का सामना करने की सीख दी है। उन्होंने संदेश दियाजब समाज में अपमान, निंदा और तिरस्कार का सामना करना पड़े तो उसे भी भगवान की कृपा के रूप में स्वीकार करे। वीडियो सामने आने के बाद यह चर्चा का विषय बना है।



साधक को अहंकार से दूर रहना चाहिए

संत प्रेमानंद शिष्य रसिक दुलारी प्रकरण के बाद पहली बार केलिकुंज आश्रम पहुंचे। साधकों एवं शिष्यों को यह अहम सीख दी। उन्होंने समझाया कि जीवन में विपरीत परिस्थितियां आने पर व्यक्ति को धैर्य नहीं खोना चाहिए। विरोध या आलोचना का जवाब देने के बजाय अपने आचरण, साधना और भक्ति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अपमान में मन को शांत रखना अहंकार से दूर रहना साधक के लिए महत्वपूर्ण है।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को साफ कहा कि अमेरिका में काम कर रहे भारतीय पेशेवर अत्यधिक शिक्षित और कुशल हैं। वे वहां की अर्थव्यवस्था, तकनीकी क्षेत्र और नए आविष्कारों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उन्हें 'बंधुआ मजदूर' कहना किसी भी तरह से उचित नहीं है

एच-1बी वीजा पर जेडी वेंस के बयान से मचा बवाल

विदेशियों को बताया था 'बंधुआ मजदूर', भारत बोला- बयान अनुचित और अपमानजनक, अपना इतिहास न भूले अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को लेकर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की एक टिप्पणी पर भारत ने कड़ी नाराजगी जताई है। वेंस ने एच-1बी वीजा पर अमेरिका में काम करने वाले विदेशी कर्मचारियों को 'बंधुआ मजदूर' बताते हुए आरोप लगाया था कि विदेशी कंपनियां अमेरिकी कर्मचारियों की जगह कम वेतन पर बाहर से लोगों को बुला रही हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस बयान को न सिर्फ अनुचित, बल्कि बेहद अपमानजनक बताया है। मंत्रालय का कहना है कि इस तरह के शब्दों से गुलामी और औपनिवेशिक दौर की दर्दनाक यादें जुड़ी हैं। साथ ही, ऐसी टिप्पणियां अमेरिका की अर्थव्यवस्था और तकनीकी विकास में भारतीय पेशेवरों के योगदान को भी नजरअंदाज करती हैं।


उप राष्ट्रपति जेडी वेंस

अमेरिका की अर्थव्यवस्था और तकनीकी विकास में भारतीय पेशेवरों का योगदान महत्वपूर्ण

भारत ने गिनाए दोनों देशों को होने वाले फायदे

विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि कुशल पेशेवरों का एक देश से दूसरे देश में जाकर काम करना भारत और अमेरिका, दोनों के लिए फायदेमंद है। भारतीय प्रतिभाओं को अमेरिका में बेहतर अवसर मिलते हैं, वहीं अमेरिकी कंपनियों को भी अनुभवी और कुशल कर्मचारी मिलते हैं। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय पेशेवर अमेरिका में शोध, तकनीकी विकास, नए आविष्कार, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। इससे कंपनियों को कारोबार बढ़ाने और नए रोजगार पैदा करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, कंपनियों के शेयरधारकों को भी लाभ होता है। प्रतिभाशाली लोगों की आवाजाही दोनों देशों के साझा हितों से जुड़ी है। ऐसे में इस प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने वाले कदम दोनों देशों के लिए फायदेमंद नहीं हैं। मंत्रालय ने उम्मीद जताई कि इस मामले से जुड़े सभी पक्ष भारतीय पेशेवरों के योगदान और प्रतिभा के आदान-प्रदान से होने वाले लाभ को समझेंगे।

भारत की पूरे मामले पर नजर

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह इस पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रख रहा है। भारत का रुख स्पष्ट है कि भारतीय पेशेवरों के योगदान को नजरअंदाज करके या उनके लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करके दोनों देशों के बीच प्रतिभा और तकनीक के आदान-प्रदान के महत्व को कम नहीं किया जा सकता। भारत और अमेरिका के बीच तकनीक, शोध, कारोबार और रोजगार के क्षेत्र में गहरा जुड़ाव है।

स्वदेश लौटें भारतीय, मिलकर बनाएंगे नया भारतः वेम्बू

जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों से देश लौटने और भारत के तकनीकी भविष्य को मजबूत बनाने की अपील की है।



उनका कहना है कि भारतीयों ने अमेरिका की तकनीकी तरक्की में बड़ा योगदान दिया है, लेकिन अब वहां के एक बड़े वर्ग का नजरिया भारतीयों के प्रति बदलता दिखाई दे रहा है। इस मुश्किल दौर को एक साहसी और नए भविष्य की शुरुआत बनने देना चाहिए। विदेशों में हासिल किए गए अनुभव और तकनीकी ज्ञान का इस्तेमाल भारत को मजबूत बनाने के लिए किया जा सकता है।

वेंस ने वीजा को लेकर कंपनियों पर साधा था निशाना

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गुरुवार को एच-1बी वीजा पर काम करने वाले विदेशी कर्मचारियों और उन्हें नियुक्त करने वाली कंपनियों पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिए लाए गए कर्मचारियों और समान पदों पर काम करने वाले अमेरिकी नागरिकों के वेतन में 48,000 डॉलर तक का अंतर है। वेंस ने कहा कि कुछ कंपनियां विदेशों से कर्मचारियों को बुलाती हैं, अमेरिकी कामगारों की छंटनी करती हैं और कम वेतन देकर अपना मुनाफा बढ़ाती हैं। उन्होंने इसी संदर्भ में विदेशी कर्मचारियों को 'बंधुआ मजदूर' कहा और यह भी आरोप लगाया कि ऐसे लोगों को अमेरिका में काम करने की अनुमति ही नहीं मिलनी चाहिए।

खबर संक्षेप

जम्मूः खाई में गिरा वाहन, दो की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के जिला राजोरी के कालाकोट उपमंडल के अंतर्गत मोगला-तारयाठ क्षेत्र के केरी छब्बर इलाके में एक भीषण



सड़क हादसा सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यात्रियों से भरा एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, करीब 21 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सुंदरबनी उपमंडल के मार्चोला इलाके से एक ही परिवार के लगभग 30 लोग अपने एक रिश्तेदार के निधन पर शोक व्यक्त करने के बाद मोगला-तारयाठ की ओर जा रहे थे।

इजराइल में कैप्टन स्मित को बड़ा सम्मान

तेल अवीव। इजराइल ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को नागरिक वीरता के लिए राष्ट्रपति



पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने गुरुवार को इस सम्मान की जानकारी दी। कैप्टन मच्छार ने तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान में एक बड़ी विमानन आपदा को टालने में अहम भूमिका निभाई थी। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब कैप्टन मच्छार अबू धाबी के एक अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

नेपाल में नीचे जा गिरी स्कूल बस, 5 की मौत

काठमांडू। नेपाल के पश्चिमी शहर पोखरा में शुक्रवार सुबह एक स्कूल बस हादसे में पांच लोगों की मौत हो



गई। बस सुबह करीब 6:20 बजे कास्की जिले के पोखरा महानगरपालिका के वार्ड नंबर 28 स्थित ओखलेको भीर इलाके में सड़क से फिसलकर नीचे जा गिरी। यह बस कालिका इंग्लिश बोर्डिंग स्कूल की है। हादसे के समय बस में 17 छात्र, एक अन्य यात्री और चालक सवार थे। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। कास्की पुलिस अधीक्षक नवीन कार्की ने यह जानकारी दी।

मस्क ने भारत में स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर सवाल उठाए

मस्क को न्योते के बाद राहुल बोले- मैं एकाधिकार के खिलाफ, भाजपा ने पूछा- अब क्यों मेहरबान?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया। इसमें एलन मस्क के साथ उनकी बातचीत के अंश शामिल थे

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में ऐसा माहौल होना चाहिए, जहां हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित अवसर मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक संरक्षण वाले पूंजीवाद की व्यवस्था को खत्म करने, नवाचार और मेहनत पर आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। बता दें, स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर गुरुवार को सवाल उठाए थे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि स्टारलिंक को दुनिया के 165 से ज्यादा देशों में सेवा देने की मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी पिछले पांच साल से भारत सरकार के हर कानून और जरूरी शर्त का पालन कर रही है।

सरकार बोली- राष्ट्रीय सुरक्षा और मानकों को पूरा करना जरूरी


एलन मस्क

राहुल गांधी

हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित मौका

राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारत को ऐसे समान अवसर वाले माहौल की जरूरत है, जहां हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित मौका मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया। इसमें एलन मस्क के साथ उनकी बातचीत के अंश शामिल थे।

किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं: सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की



अनुमति नहीं देता है। सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 के दौरान कहा कि एक विशेष कंपनी को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन तीन कंपनियों को सैटकॉम लाइसेंस मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैटेलाइट संचार सेवा प्रदाता राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं और निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद ही अपना परिचालन शुरू कर सकते हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सिंधिया ने कहा कि उनकी पार्टी को यह भी नहीं पता कि वह बाएं जा रही है या दाएं।

कांग्रेस ने पहले किया था विरोध, अब पलटीः सूर्या

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने राहुल गांधी पर स्टारलिंक के भारत में प्रवेश को लेकर



विरोधाभासी रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष के नेता पीएम नरेंद्र मोदी का विरोध करने के लिए कंपनी का समर्थन कर रहे हैं। कांग्रेस ने पिछले साल भारत में स्टारलिंक के संभावित प्रवेश का विरोध किया था। उस दौरान उनके द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि यह कदम प्रधानमंत्री के करीबी व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के इरादे से उठाया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने उस समय राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी उठाई थीं।

भारत कोई 'बनाना रिपब्लिक' नहीं: माधव

भाजपा नेता राम माधव ने कहा कि एलन मस्क को ध्यान में रखना चाहिए कि भारत कोई बनाना



रिपब्लिक नहीं है, जहां वह जैसे चाहे बयान दे सकें। भारत में स्पेक्ट्रम और टेलीकॉम से जुड़े सभी मामले कानून और नियमों से चलते हैं। यह मोदी सरकार है और यहां सब कुछ पारदर्शी तरीके से और नियमों के अनुसार होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी सरकार पर ट्रंप और मस्क के सामने सरेंडर करने का आरोप लगाते थे, हमें सरेंडर वाली सरकार कहते थे। अब वह खुद क्यों सरेंडर हो गए हैं? वह इतनी जल्दी में क्यों हैं कि एलन मस्क को स्पेक्ट्रम मिल जाए?

वाणिज्य जहाजों पर हमला निंदनीय

समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए 25 देशों ने की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत और लाइबेरिया समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए गठित 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' का संयुक्त रूप से समन्वय कर रहे हैं। इस समूह की पहली बैठक


रणधीर जायसवाल

न्यूयॉर्क में हुई थी, जिसकी सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री और लाइबेरिया के विदेश मंत्री ने की थी। जायसवाल ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र और काला सागर क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हुए कई हमलों की भारत ने कड़ी निंदा की है। इस मुद्दे पर हुई हालिया बैठक में करीब 25 देशों ने हिस्सा लिया। इन देशों का संबंध वाणिज्यिक जहाजरानी उद्योग या समुद्री समुदाय से है। उन्होंने कहा कि सभी देशों का साझा हित यह सुनिश्चित करना है कि जहाजों पर हमले बंद हों और समुद्र में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा बनी रहे।

यूएनएमओजीआईपी की प्रासंगिकता खत्म

भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) को लेकर पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में भारत का रुख लगातार एक जैसा रहा है। जायसवाल ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए शिमला समझौते के बाद यूएनएमओजीआईपी की प्रासंगिकता खत्म हो चुकी है। 1996 की गंगा जल बंटवारा संधि के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा कि नदी और जल से जुड़े सभी मुद्दों पर संयुक्त नदी आयोग के ढांचे के तहत चर्चा की जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार पर संयुक्त कार्य समूह की बैठक नई दिल्ली में गुरुवार और शुक्रवार को हुई। बैठक का नेतृत्व संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों ने किया। इसमें व्यापार से जुड़े मुद्दों और दोनों देशों के द्विपक्षीय एजेंडे में शामिल विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

आईएमईसी पर बातचीत जारी

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) की अगली बैठक के बारे में जायसवाल ने कहा कि भारत इस पहल को काफी महत्व देता है और इससे जुड़े सभी पक्षों के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम आईएमईसी पहल को बहुत महत्व देते हैं और इससे जुड़े सभी पक्षों के साथ चर्चा कर रहे हैं। फिलहाल, मेरे पास यह जानकारी नहीं है कि आईएमईसी पर अगली बैठक कब होगी। हालांकि, इस पहल में भाग लेने वाले देशों के विवरण सहित कोई भी नई जानकारी उपलब्ध होने पर हम उसे साझा करेंगे।

कारवार में जहाजों और पनडुब्बियों की तैनाती बढ़ेगी

सीडीएस जनरल सुब्रमणि ने कारवार में किया प्रोजेक्ट सीबर्ड का उद्घाटन, 10 हजार कर्मी परिवार संग रहेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कारवार नौसैन्य बेस में प्रोजेक्ट सीबर्ड परियोजना का उद्घाटन किया है। जिसके तहत मुख्य रूप से परियोजना से जुड़े फेज-2 के तहत नौसेना के वरिष्ठ कर्मियों व रक्षा नागरिकों के लिए आवासीय परिसर के अलावा तैयार की गई अवसंरचना शामिल है।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस अवसंरचना में वरिष्ठ नौसैनिकों के लिए विवाहित आवास से जुड़ा 60 इकाइयों वाला एक टावर, समान संख्या के साथ रक्षा नागरिकों के लिए बनाया गया एक टावर, 156 डीएससी कर्मियों के लिए आवासीय परिसर और एक केजी स्तर का स्कूल शामिल है। इन तमाम परिसरों का निर्माण हैदराबाद स्थित एनसीसी लिमिटेड किया गया है। साथ ही मुख्य बुनियादी ढांचे का निर्माण सेमिंडिया प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड द्वारा किया गया है।

रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे

ये परियोजना सीबर्ड के चरण 2ए का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य कारवार में जहाजों और पनडुब्बियों की तैनाती को बढ़ावा देना है। इस बेस पर 10 हजार वर्दीधारी और नागरिक कर्मी अपने परिवारों के साथ रह सकेंगे। स्थानीय अर्थव्यवस्था, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उत्तरी कन्नड़ क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम में रक्षा मंत्री बोले

मन में मर्यादा न हो, तो शक्ति अधूरी राष्ट्रीय चेतना के बगैर विकास अधूरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे पास मिसाइल हों, लेकिन मन में मर्यादा न हो, तो शक्ति अधूरी है। हमारे पास एआई हो लेकिन राष्ट्रीय चेतना न हो, तो विकास अधूरा है। यही हमारी विशेषता है। यही भारत की शक्ति है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को दिल्ली में स्थित राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने लोगों संवाद करते हुए अध्यात्म पर अपने विचार रखे।


राजनाथ सिंह

बड़प्पन सामर्थ्य में नहीं

यह मन का कलुष ही होता है, जो आए दिन राष्ट्र-विरोधी नारे लगाता है, और यह मानस की शुद्धि ही होती है जो राष्ट्र को अपना सर्वस्व मान बैठता है। बड़प्पन केवल शक्ति और सामर्थ्य में नहीं, बल्कि सहनशीलता, उदारता और सबको साथ लेकर चलने की क्षमता में भी होता है। हमारे धर्मशास्त्रों, पुराणों से लेकर आज तक, हमारे संविधान, हमारी भारतीय न्याय संहिता, ये सब हमारे समाज के मानस की शुद्धि का कार्य करते हैं। ये हमें बताते हैं कि क्या उचित है, क्या अनुचित है। ये हमें दिशा देते हैं। ये हमें सभ्य बनाए रखते हैं।

पितृपक्ष में बलिदानियों का भी करें स्मरण

राजनाथ सिंह ने कहा कि जब हम पितृपक्ष में तर्पण करते हैं, तो हमें केवल अपने पूर्वजों का ही स्मरण नहीं करना चाहिए। हमें उन बलिदानियों का भी स्मरण करना चाहिए, जिन्होंने हमारी रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए। जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, वह कभी नहीं गिरता। जो राष्ट्र अपने बलिदानियों को स्मरण करता है, वह सदैव आगे बढ़ता है।

भारत-केन्या के बीच पहली नौसेना स्टाफ वार्ता

समुद्री सुरक्षा, प्रशिक्षण, पेशेवर संपर्क और सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नैरोबी

भारत और केन्या ने पहली बार नौसेना स्टाफ वार्ता (नेवी स्टाफ टॉक्स) आयोजित की। केन्या के शहर मोम्बासा में हुई इस बैठक में दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा, प्रशिक्षण और पेशेवर आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 5 से 7 अक्टूबर तक चली इस वार्ता की संयुक्त अध्यक्षता भारतीय नौसेना के कमोडोर कार्तिक श्रीमल (विदेश सहयोग) और केन्याई नौसेना के उप कमांडर ब्रिगेडियर संकाले किसवा ने की। दोनों पक्षों ने नौसैनिक संबंधों को मजबूत करने और समुद्री साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।


बैठक करते कार्तिक श्रीमल और संकाले किसवा

नौसैनिक सहयोग रक्षा संबंधों का हिस्सा

केन्या के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक ने दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच साझा हितों वाले क्षेत्रों की समीक्षा करने और सहयोग बढ़ाने के नए अवसर तलाशने का मौका दिया। भारत और केन्या हिंद महासागर क्षेत्र में लंबे समय से साझा समुद्री हित रखते हैं। इसलिए नौसैनिक सहयोग दोनों देशों के व्यापक रक्षा संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच लगातार बढ़ता संपर्क आपसी समझ को मजबूत करता है और पेशेवर तथा परिचालन सहयोग को आगे बढ़ाने के नए अवसर पैदा करता है। यह शिष्टाचार मुलाकात भारत-केन्या समुद्री साझेदारी की मजबूती और सुरक्षित तथा स्थिर समुद्री माहौल को बढ़ावा देने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यह 'फूट डालो और राज करो' नीति का हिस्सा

आजादी के बाद पहली बार बदलेगा पाकिस्तान का नक्शा!

आसिम मुनीर की चार सूबों को नए राज्यों में बांटने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटिश पत्रिका की एक रिपोर्ट ने पाकिस्तान की नापाक चाल की पूरी तरह से पोल खोल कर रख दी है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के अघोषित तानाशाह जनरल आसिम मुनीर पाकिस्तान के नक्शे को पूरी तरह बदलने की योजना बना रहे हैं। इसके तहत देश के चार मुख्य प्रांतों को तोड़कर 15 या उससे ज्यादा छोटे राज्यों में बांटने की तैयारी चल रही है। मुनीर का तर्क है कि ये प्रांत प्रशासन चलाने के लिए बहुत बड़े हैं और इसी वजह से देश की हालत खस्ताहाल है, स्थिति ऐसी है कि महंगाई आसमान छू रही है और विकास दर भारत से आधी है। इसलिए बेहतर शासन के लिए इन्हें छोटे हिस्सों में बांटना जरूरी है।


आसिम मुनीर

असली निशाने पर पंजाब और सिंध

मुनीर के असली निशाने पर पंजाब और सिंध प्रांत को बांटना है। इसका कारण है कि पाकिस्तान की राजनीति में पंजाब और सिंध ऐसे राज्य हैं जहां दो पुरानी पार्टियां पीएमएल(एन) और पीपीपी का लंबे समय से दबदबा रहा है। साल 1947 में पाकिस्तान के बनने के बाद से देश चार प्रमुख प्रांतों पंजाब, सिंध, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बंटा हुआ है। इनमें सबसे बड़ा सूबा पंजाब है, जिसकी आबादी 12.8 करोड़ है।

बर्बादी के लिए पाक सेना जिम्मेदार

मुनीर के आंखों में खटकने वाली बात यह है कि सैन्य तानाशाही के दौर में भी इन सूबों ने सत्ता के खिलाफ एक वैकल्पिक केंद्र के रूप में खुद को बचाया है। यही वजह है कि अब आसिम मुनीर की नजरें इन्हीं बड़े गढ़ों पर टिकी हैं, ताकि इन्हें तोड़कर इनकी ताकत खत्म की जा सके। मुनीर भले ही देश की खराब आर्थिक हालत का रोना रो रहे हों, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि पाकिस्तान की बर्बादी के लिए खुद पाकिस्तानी सेना ही जिम्मेदार है। कुल मिलाकर, सेना देश के टैक्स के पैसों पर ऐश करती है, देश की सबसे कीमती जमीनों पर उसका कब्जा है और वह ऐसे बिजनेस चलाती है जो अपने सामने किसी टिकने नहीं देते।

अपनी ताकत मजबूत करना चाहते मुनीर

मुनीर की यह योजना सुधार की आड़ में 'फूट डालों और राज करों' की है। इसका असली मकसद देश का विकास करना नहीं, बल्कि अपनी ताकत को और ज्यादा मजबूत करना है। पाकिस्तान की कठपुतली सरकार की योजना के तहत इन नए छोटे राज्यों की कमान या तो चुने गए नेताओं के पास होगी या फिर सीधे सरकार यानी सेना प्रमुख के चहेते नुमाइंदों के हाथों में।

खबर संक्षेप



अग्रसेन जयंती पर विद्या अग्रवाल का सम्मान

औबेदुल्लागंज। 11 अक्टूबर को औबेदुल्लागंज अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में तैयारी चल रही है। जयंती का मुख्य आकर्षण गरबा डांस, बच्चों के गेम, अंताक्षरी कार्यक्रम रखे गए हैं। इसी उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज मिसरोद द्वारा भोपाल में कार्यक्रम रखा गया, जिसमें वरिष्ठ महिला पुरुष का स्वागत समारोह किया गया, जिसमें अग्रवाल समाज के अध्यक्ष औबेदुल्लागंज की विद्या अग्रवाल का स्वागत अग्रवाल समाज मिसरोद द्वारा किया गया। समारोह में संजय अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, संजीव मित्तल, रानी मित्तल हरि अग्रवाल, आरती अग्रवाल उपस्थित रहे। बच्चों को गेम खिलाए गए, इनाम दिए गए।

वन विभाग में 19 वनपाल को बनाया वनरक्षक

भोपाल। वन विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया में की गई गड़बड़ी के मामले लगातार सामने आ रही है। खंडवा, रीवा एवं शिवपुरी के बाद अब छतरपुर वृत में भी गड़बड़ी प्रमाणित हो गई है। 19 वनपालो के पदोन्नति आदेश निरस्त कर पुनः वनरक्षक बना दिया गया है। पदोन्नति प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आने के बाद वनपाल पद पर पदोन्नति करने के आदेश निरस्त कर उन्हें वनरक्षक के पूर्व पद पर पदस्थ किया गया है। मप्र वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वन विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया की उच्च स्त्ररीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की करने की मांग की पात्र वन कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने की गुहार लगाई है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि कई वन वृतों में पदोन्नति प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़िया की है।

शुभांक

कल्याणः	1235		
दिनः	380	19	478
रातः	369	81	380
ताराः			
दिनः	490	39	270
रातः	678	13	148

जहर के खाली रेपर मिले, अनुमान पहले खाया जहर फिर लगाई फांसी

एसबीआई कॉलोनी के सर्वेंट क्वार्टर में युवक व किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-7 अरेरा कॉलोनी की एसबीआई कॉलोनी के सर्वेंट क्वार्टर में गुरुवार रात युवक और 16 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने एक ऑडियो मैसेज अपने दोस्त को भेजा था। अनहोनी की आशंका होने पर दोस्त सर्वेंट क्वार्टर पहुंचा। इस दौरान पता चला कि युवक और किशोरी ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और दोनों शवों को पीएम के लिए भेज दिया। निरीक्षण के दौरान घटनास्थल से जहर के खाली रेपर मिले हैं। इससे अनुमान है कि फांसी लगाने से पहले दोनों ने जहर भी खाया था। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है।

ई-7 अरेरा कॉलोनी स्थित एसबीआई कॉलोनी की घटना

पुलिस ने दोनों शव पीएम के लिए मर्चूरी भेजे, पीएम रिपोर्ट के बाद हो सकेगा मौत के सही कारणों का खुलासा



घटनास्थल से नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

पुलिस और एफएसएल की टीम को घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को घटनास्थल से जहर के खाली रेपर जरूर मिले है। पुलिस ने बताया कि 16 साल की किशोरी इलाके की एक मल्टी में रहती थीं वह दसवीं कक्षा की छात्रा थी और करीब एक साल से अमन के साथ रिलेशन में थी। पुलिस का कहना है कि अमन के परिजन के भोपाल पहुंचने पर बयान दर्ज किए जाएंगे।

दोस्त को ऑडियो मैसेज भेजने के बाद की आत्महत्या

पुलिस के अनुसार अमन पिता तारा बहादुर (22) ई-7 अरेरा कॉलोनी की एसबीआई कॉलोनी में सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। वह पिता के साथ 11 नंबर इलाके में चाइनीज का ठेला लगाता था। परिवार में उसका बड़ा भाई, माता पिता हैं। सभी एक सप्ताह से नेपाल अपने पैतृक गांव गए हुए है। अमन यहां सर्वेंट क्वार्टर में अकेला था। उसने गुरुवार रात अपने दोस्त को ऑडियो मैसेज किया। मैसेज सुनकर दोस्त को अनहोनी की आशंका हुई और वह अमन के सर्वेंट क्वार्टर पहुंचा। सर्वेंट क्वार्टर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो दोस्त ने खिड़की से झांककर देखा। इस दौरान उसने अमन और उसकी नाबालिग दोस्त की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम एफएसएल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और दोनों शवों को पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के नेताओं ने रात भर की रैकी, सुबह आरोपियों को धरदबोचा

अमरनाथ कॉलोनी के पास कलियासोत नदी किनारे बनाई डेयरी, मवेशी काटते पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित अमरनाथ कॉलोनी के पास दामखेड़ा कलियासोत नदी किनारे कैचमेंट में अवैध रूप से बनाई गई डेयरी में गोकसी का मामला सामने आया है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार सुबह तीन लोगों को गोकसी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा है, जबकि उनके चार अन्य साथी सफेद रंग की स्विफ्ट कार में मांस लेकर भागने में सफल हो गए। सूचना मिलते ही बजरंगदल के कार्यकर्ता और पुलिस की टीम भी पहुंच गई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल से मवेशियों के अवशेष बरामद किए है। आरोपियों के खिलाफ गौवध अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अवैध रूप से बनाई गई डेयरी को नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम की मदद से तोड़ दिया गया।

पुलिस के अनुसार हिंदूवादी नेता रामजी पाठक (46) नगर निगम कॉलोनी, छोला में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह ठेकेदारी करते हैं। कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि अमरनाथ कॉलोनी, दामखेड़ा के पास कलियासोत नदी किनारे कैचमेंट में बनाई गई डेयरी में गोकसी चल रही है। बार बार सूचना मिलने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अमित मीना, जयसिंह ठाकुर, सचिन रायकवार, बलबान सिंह सहित दर्जनभर कार्यकर्ताओं को एकत्रित किया। गुरुवार रात में ही सभी कलियासोत नदी किनारे बैठे रहे। इस दौरान वह रैकी करते रहे कि डेयरी में आखिरकर चल क्या रहा है। सुबह करीब 7 बजे के उन्होंने देखा तो डेयरी के पीछे छह-सात लोग खड़े नजर आए। सभी ने मिलकर दबिश दी तो चार लोग सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार से भाग निकले, जबकि तीन लोगों को रंगेहाथ दबोच लिया।

पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

संदेह हकीकत में बदलते ही बोला धावा, तीन को पकड़ा, चार फरार



गब्बर नाम से बनाई डेयरी, नगर निगम और जिला प्रशासन ने तोड़ी

गोकसी की जानकारी मिलते ही बाद में बड़ी मात्रा में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इधर, हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम भी पहुंच गए थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृत मवेशियों के अवशेष बरामद किए है। घटनास्थल से गब्बर यादव, मुन्ना यादव, आशिफ खान को गिरफ्तार किया गया है।

पहले भी कार्रवाई के बावजूद संचालन का आरोप

स्थानीय स्तर पर डेयरी के खिलाफ पहले भी नगर निगम की कार्रवाई होने की बात कही जा रही है। आरोप हैं कि कार्रवाई के बाद दोबारा डेयरी शुरू कर दी गई थी। शुक्रवार को विरोध के बाद नगर निगम ने पुलिस की मौजूदगी में डेयरी को ढहा दिया। पुलिस अवशेषों की जांच, आरोपियों से पूछताछ पर मामले की जांच कर रही है। अन्य लोगों की भूमिका और अवशेषों को ठिकाने लगाने के संबंध में जांच के बाद स्थिति साफ होगी।


गोवंश के हत्यारों को किसका संरक्षण, है, उनकी उजागर करें पहचान

कोलार स्थित दामखेड़ा में गोवंश की हत्या और तस्करी आखिर किसके संरक्षण से संचालित हो रही थी। यहां विधायक भी और पार्षद भी भाजपा के है। गोवंश की हत्या करने वाले तस्करों को किसका संरक्षण मिल रहा था। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। गोवंश की सुरक्षा केवल भाषणों और दावों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच हो, दोषियों और उन्हें संरक्षण देने वालों की पहचान की कर विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो।

राजकुमार सिंह, प्रदेश सचिव, मप्र कांग्रेस कमेटी

अवैध डेरी पर चलाया बुलडोजर, होगी सख्त कार्रवाई

दामखेड़ा में गौकशी के स्थान पर बनी अवैध डेरी पर बुलडोजर चला कर जमीदोज कर दिया गया है। गौ कसी करने वालों में राशिद, गब्बर और मुन्ना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, अन्य अपराधियों की तलाश जारी है। इस मामले में जो भी अन्य लोग शामिल होंगे, उन्हें भी गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने को पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है। प्रदेश में मोहन यादव की सरकार है। गौ कसी करने वाले अपराधियों पर कठोर कार्रवाही की जाएगी।



रामेश्वर शर्मा, विधायक, हुजूर

अवैध निर्माण ध्वस्त किया

पुलिस की मौजूदगी और निगरानी में कार्रवाई की गई। मौके पर बनी अवैध डेयरी को हटाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया गया है। अतिक्रमण के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

शैलेंद्र सिंह भदौरिया अतिक्रमण विरोधी अधिकारी, नगि

सार्वजनिक छुट्टी के दिनों में वारदात की

सतपुड़ा भवन के एनआईसी ऑफिस से एसी के कॉपर पाइप, केबल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सतपुड़ा भवन के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र से कॉपर पाइप और केबल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राकेश कुमार पटेल, गगन विहार कॉलोनी होशंगाबाद रोड पर रहते हैं और सतपुड़ा भवन में सुरक्षा अधिकारी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि सतपुड़ा भवन के प्रथम तल पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) का ऑफिस हैं। ऑफिस में एयर कंडीशनरों (एसी) के बाहरी गलियारे में लगे कॉपर पाइपों को अज्ञात चोरों द्वारा काट लिया गया। उक्त वारदात 12-13 और 14 सितंबर को होने की आशंका है। दरअसल, इन तीन दिन में सार्वजनिक अवकाश थे। लिहाजा ऑफिस में कर्मचारियों और अधिकारियों की आवाजाही नहीं थी। कॉपर पाइप काटकर ले जाने के कारण एयर कंडीशनर और उपकरण बंद हो गए हैं। इस कारण शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई है। सुरक्षा उपाय किए जाने के बाद भी इस प्रकार की चोरी की घटना दौबारा न हो इसलिए शिकायत की गई।

कलेक्टर ने सेल्फ डिफेंस भी किया था बर्खास्त

पूर्व पार्षद का स्पोर्टस गन लाइसेंस रहेगा बर्खास्त, सेल्फ डिफेंस बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मार्च माह में राजधानी के 130 शूटर्स के लाइसेंस और कारतूस कोटे को लेकर की गई जांच में तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 69 लाइसेंस बर्खास्त किए थे। शूटर्स को स्पोर्टस लाइसेंस बर्खास्त करने के बाद उनके सेल्फ डिफेंस केटेगरी के लाइसेंस भी निरस्त कर दिए गए थे। इसमें कोहेफिजा के पूर्व पार्षद मोहम्मद सऊद का गन लाइसेंस पहले स्पोर्टस गन लाइसेंस सस्पेंड किया गया, जिसके बाद सेल्फ डिफेंस लाइसेंस को भी बर्खास्त कर दिया गया था।

हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद किया बहाल

पूर्व पार्षद ने आदेश के खिलाफ जबलपुर हाईकोर्ट का रुख किया, बुधवार को कोर्ट ने सेल्फ डिफेंस लाइसेंस को बहाल करने का आदेश हाईकोर्ट में मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ जारी किया है।

वरिष्ठ नेताओं और पार्षदों से संवाद करेंगे

औबेदुल्लागंज भाजपा में असंतोष विधायक पटवा करेंगे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा अपने सहज, सरल और मिलनसार स्वभाव के कारण क्षेत्र में अलग पहचान रखते हैं। आम जनता से निरंतर संवाद, कार्यकर्ताओं से नि य मि त मुलाकात और लोगों की समस्याओं को सुनने की उनकी शैली उनकी लगातार चार बार की चुनावी सफलता का प्रमुख आधार मानी जाती है। प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके पटवा आज भी क्षेत्र में सक्रिय हैं और जनता के बीच उनकी मौजूदगी बनी हुई है। हालांकि, वर्तमान में औबेदुल्लागंज भाजपा के भीतर चल रही चर्चाओं और कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ते असंतोष को देखते हुए विधायक सुरेंद्र पटवा की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि उन्हें नगर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं, पूर्व पदाधिकारियों और नगर परिषद के पार्षदों से सीधे संवाद कर मौजूदा परिस्थितियों की वास्तविक जानकारी लेनी चाहिए, ताकि किसी भी तरह की गलतफहमी को दूर कर संगठन में समन्वय स्थापित किया जा सके। पटवा को गुमराह करने वाले एवं गलतफहमी फैलाने वालों को दूर किया जा सके।



शासकीय भूमि मामले से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

औबेदुल्लागंज नगर परिषद में शासकीय भूमि की कथित बिक्री का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले को लेकर कांग्रेस लगातार जांच और कार्रवाई की मांग उठा रही है। वहीं, भाजपा के भीतर भी इस मुद्दे को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। सोशल मीडिया पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को लेकर वायरल हो रहे पोस्टरों और आरोप-प्रत्यारोप ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। इसके अलावा, पूर्व मंडल अध्यक्ष और पूर्व महामंत्री को लेकर भी पार्टी के भीतर असंतोष की चर्चाएं हैं। ऐसे में जरूरी है कि इन सभी मुद्दों पर तथ्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट हो और संगठन के भीतर चल रहे मतभेदों को बातचीत से सुलझाया जाए।

वरिष्ठ नेताओं से संवाद कर निकालना होगा समाधान

विधायक सुरेंद्र पटवा की सहज कार्यशैली और क्षेत्र में उनके राजनीतिक अनुभव को देखते हुए उनसे अपेक्षा की जा रही है कि वे औबेदुल्लागंज के वरिष्ठ भाजपा नेताओं, वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों और नगर परिषद के पार्षदों के साथ बैठक कर वास्तविक स्थिति को समझें। संगठन में यदि मनमुटाव, गलतफहमी या संवाद की कमी है, तो उसे दूर करने के लिए पहल की जानी चाहिए। सभी पक्षों को सुनना तथ्यों पर निर्णय संगठन को मजबूती के लिए जरूरी होता है।

नगर परिषद चुनाव से पहले संगठन की एकजुटता चुनौती

आगामी नगर परिषद चुनाव को देखते हुए औबेदुल्लागंज भाजपा के लिए संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। चुनाव से पहले यदि कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच आपसी मनमुटाव दूर नहीं हुआ, तो इसका असर पार्टी की चुनावी तैयारियों पर पड़ सकता है। ऐसे में विधायक सुरेंद्र पटवा के सामने चुनौती केवल मौजूदा विवादों की जानकारी लेने की नहीं, बल्कि सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की भी है। संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं की बात सुनकर, निष्पक्ष संवाद स्थापित कर और मतभेदों का समाधान निकालकर ही पार्टी को मजबूत बनाया जा सकता है।

साबुदाना खिचड़ी प्रसाद का किया वितरण

खिचड़ी प्रसाद वितरण करने से देवी माता की होती है कृपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

समर्थ हिंदू समाज कल्याण समिति, भोपाल द्वारा नवरात्रि के अवसर पर साबुदाना खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है। साबुदाना की खिचड़ी प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक कालीघाट मंदिर के बाहर, लिली टॉकीज चौराहा, भोपाल नवरात्रि में खिचड़ी वितरण और फलाहारी खिचड़ी का विशेष धार्मिक, सामाजिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत महत्व है।

धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माता को भोग और प्रसाद नवरात्रि में साबूदाना या समा के चावल की खिचड़ी देवी को भोग (प्रसाद) के रूप में चढ़ाई जाती है। माना जाता है कि भोग लगाने के बाद इसे प्रसाद के रूप में बांटने से देवी की कृपा, सुरक्षा और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त



होती है। सामूहिक एकता और सेवा भंडारे या प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण करने से समाज में समानता, भाईचारा और धार्मिक सौहार्द की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम आयोजक नरेश जोशी, दिलीप भोले, अक्षय जोशी, अनुज श्रीवास, गोविंद लोकेश मीणा, गुलशन जोशी मुख्य यजमान हीरो हिंदू अध्यक्ष हीरो फैंस क्लब, नानक दादलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, मधु घनश्यानी, प्रकाश मीणा, राजकुमार ददवानी, रवि ललवानी, समीर रजनी व नरेंद्र तहेलियानी ने शामिल होने का आग्रह किया है।

मरीजों और परिजनों तक पहुंचेगा मानसिक स्वास्थ्य का संदेश

भोपाल। एम्स भोपाल का मनोचिकित्सा विभाग शनिवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विभिन्न गतिविधियां का आयोजन कर रहा है। मानसिक रोग का स्वयं अनुभव कर चुके लोगों को उपचार और स्वस्थ होने की अपनी यात्रा साझा करने का अवसर मिलेगा। उद्देश्य है नीति, कानून, प्रशिक्षण और समुदाय-आधारित देखभाल की ओर बदलाव में उनकी आवाज को जगह देना है। एम्स भोपाल के मनोचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ विजेंद्र सिंह ने बताया कि भारत सरकार के टेली मानस कार्यक्रम (फोन पर मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवा) की हेल्पलाइन सभी राज्यों में चौबीसों घंटे गोपनीय परामर्श और सहयोग देती है, जिसके नंबर 1800-891-4416 या 14416 हैं। डॉ विजेंद्र सिंह ने बताया कि मनोचिकित्सा विभाग ने पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता भी रखी है।

कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए दिव्यांगजनों का परीक्षण

दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के लिए शिविर आयोजित, 465 हितग्राहियों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भारत सरकार की एडीआईपी एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों के लिए संयुक्त शिविर लगाया गया। शिविर में 465 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिसमें क्षेत्र के दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। शिविर का आयोजन जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज, नगर परिषद औबेदुल्लागंज, नगर परिषद मंडीदीप एवं रायसेन जिले के सामाजिक न्याय विभाग तथा एलिम्को की टीम के संयुक्त सहयोग से किया गया। शिविर में एलिम्को उज्जैन की टीम एवं जिला मेडिकल बोर्ड रायसेन के चिकित्सकों ने हितग्राहियों का परीक्षण किया। इस दौरान पात्र दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिह्नित किया गया।

दिव्यांगों को कृत्रिम अंग एवं आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध होंगे



शिविर में 267 बुजुर्गों को कुल 40 उपकरणों के लिए तथा 40 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के लिए चिह्नित किया गया। वहीं, 123 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए गए। पंजीयन कराने वाले हितग्राहियों में नगर परिषद मंडीदीप के 76, नगर परिषद औबेदुल्लागंज के 18 तथा जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के ग्रामीण क्षेत्रों के 371 हितग्राही शामिल रहे। शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से परीक्षण कराने का अवसर मिला। पात्र हितग्राहियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत कृत्रिम अंग एवं आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की आगामी कार्रवाई की जाएगी। यह शिविर दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों की जरूरतों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। शिविर का आयोजन क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा एवं कलेक्टर रायसेन के मार्गदर्शन में किया गया।

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में आयोजन

कानून विशेषज्ञों ने छात्राओं को साइबर फ्रॉड सहित कई तरीके के क्राइम से बचने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल के सहयोग से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा न्याय प्राप्त करने के विभिन्न उपायों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल के सचिव एवं न्यायिक अधिकारी



सुनीत अग्रवाल और कादम्बिनी शिक्षा समिति के चेयरमैन दिनेश शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर हीरो ज्ञानचंदानी, निदेशक, एसएचजीसी तथा घनश्याम बूलचंदानी, सचिव, शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कानून की जानकारी मिली

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि न्यायिक अधिकारी से सीधे संवाद करने तथा उनके माध्यम से कानूनी व्यवस्था को समझने का अवसर छात्राओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भोपाल के न्यायाधीश एवं सचिव सुनीत अग्रवाल ने छात्राओं को विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी देते हुए उन्हें अपने अधिकारों और कानून के प्रति जागरूक किया तथा छात्राओं को कानूनी प्रावधानों, महिला सुरक्षा, तथा जरूरत पड़ने पर विधिक सहायता की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

स्कूल के सामने भी कच्ची शराब की बिक्री

औबेदुल्लागंज व आसपास एक दर्जन स्थानों पर बेची जा रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज और आसपास के क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध रूप से कच्ची शराब बनाए जाने और बेचने का कारोबार चल रहा है। अर्जुन नगर में करीब 15 स्थानों और पटेल चौराहे पर तीन स्थानों पर शराब बिक्री होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। तामोट, जेथर और केसलवाड़ा क्षेत्र में कच्ची शराब बनाए जाने की चर्चा है। ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम कुमड़ी, पंचायत तजपुरा में स्कूल के सामने भी कच्ची शराब की बिक्री की बात सामने आ रही है।

फोन करते ही अवैध शराब घर पहुंच रही

नगर में अवैध शराब की होम डिलीवरी को लेकर भी स्थानीय लोगों में चर्चा है। आरोप है कि एक फोन करने पर शराब घर तक पहुंचाई जा रही है। इतना ही नहीं, इस काम में नाबालिग बच्चों के इस्तेमाल किए जाने के भी आरोप हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि औबेदुल्लागंज के पशु चिकित्सालय क्षेत्र में बोलेरो वाहन से शराब लाकर उतारे जाने की गतिविधियां होती हैं। शराब के अवैध कारोबार में कुछ महिलाओं के सक्रिय होने की बात भी सामने आ रही है।

एनएचएम का सर्वे: मप्र का हर आठवां व्यक्ति डिप्रेशन, तनाव और अनिद्रा का शिकार

मत लो तनाव: भोपाल में 15 % आमजन तो 36% कर्मचारी तनाव और अनिद्रा के शिकार, अवसाद के मामले 40 से 50% तक बढ़े

भोपाल में सभी तरह के जॉब करने वाले करीब 12 लाख, इनमें 30 प्रतिशत लोग कॉर्पोरेट से जुड़े

सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

राजधानी के 36% कर्मचारी और 15% आम लोग मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से परेशान हैं। पिछले 8 साल में कॉर्पोरेट कर्मियों में चिंता और अवसाद की दर में 45 से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भोपाल में सभी तरह के जॉब करने वालों की करीब 12 लाख संख्या है। इनमें करीब 30 फीसदी कॉर्पोरेट से जुड़े तो 50 हजार के आसपास सरकारी कर्मी हैं। वहीं एनएचएम के सर्वे में मप्र में मानसिक बीमारियों का आंकड़ा बढ़



रहा है। प्रदेश की 13.9% आबादी किसी न किसी मानसिक बीमारी से जूझ रही है। इनमें से 90.7% तो ऐसे हैं, जिन्हें इसका इलाज भी नहीं मिल पाता। प्रदेश में करीब एक करोड़ 12 लाख (यानी हर 8वां व्यक्ति) मानसिक रोगी है। इनमें 12 लाख गंभीर मानसिक रोगों जैसे सिजोफ्रेनिया और बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित हैं।

मेंटल हेल्थ दुरुस्त रखने के लिए ये करें

- **नियमित व्यायाम:** शारीरिक गतिविधि मास्तिष्क में एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) को बढ़ाती है।
- **संतुलित आहार:** पोषक तत्वों से भरपूर भोजन मस्तिष्क के विकास और कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक है।
- **पर्याप्त नींद:** अच्छी नींद मस्तिष्क को रीचार्ज करती है और तनाव कम करने में मदद करती है।
- **सामाजिक जुड़ाव:** परिवार और दोस्तों से जुड़े रहने से भावनात्मक समर्थन व ताकत मिलती है।
- **नशे से बचाव:** शराब और नशीली दवाओं से दूरी बनाकर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है।

मानसिक रोग बढ़ाने वाले दो बड़े कारण

पहला: 10.33 प्रतिशत लोग शराब का सेवन करते है।

दूसरा: 34.33 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन करते है।

कॉर्पोरेट में 50 प्रतिशत बढ़ा तनाव

चिंता और अवसाद की दर पिछले पांच वर्षों में कॉर्पोरेट कर्मचारियों में 45 से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका बड़ा कारण अति आशावादी या अति प्रतिबद्धता के साथ लंबे समय तक स्क्रीन पर बिताना है। तनाव बढ़ाने में कॉर्पोरेट में गलाकाट प्रतिस्पर्धा भी एक बड़ी वजह है। इसलिए काम के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक की जरूरत है। कार्य जीवन में तनाव का प्रमुख कारण भविष्य की चिंता, आर्थिक अस्थिरता व असंतुलन है।



डॉ जेपी अग्रवाल, विभागाध्यक्ष मनोरोग रोग विभाग, जीएमसी

वर्कप्लेस में फीलिंग्स शेयर करें

तनाव का बड़ा कारण अंदर ही अंदर प्रेशर झेलना है। इसलिए सबसे बेहतर है कि वर्कप्लेस में खुद को सलीके से व्यक्त जरूर करें। परिणाम से न घबराएं, कोई आपकी जान लेने वाला नहीं है। वर्कप्लेस में खुद को व्यक्त करना सीखिए। कई बार बातें मन में रखने से प्रेशर क्रिएट होता है। अपने बॉस या साथियों के साथियों के साथ शेयरिंग कीजिए।



डॉ समीक्षा साहू, मनोरोग विशेषज्ञ, हमीदिया अस्पताल

योग, ध्यान से रहें सेहतमंद

अब कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय आ गया है। इस विषय में सबसे पहले विचार करने वाले देशों में भारत अग्रणी है। यहां भगवतगीता, पंतजलि योग सत्र, आयुर्वेद, अष्टांग योग जैसे ग्रंथों के अध्ययन से अपना मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रख सकते है।



डॉ राकेश पाण्डेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता, आयुष मेडिकल एसोसिएशन

खबर संक्षेप

गांजा तस्कर को 8 माह का सश्रम कारावास

भोपाल। गांजा की तस्करी के आरोपी चंदन उर्फ चंदू निवासी ग्राम फंदा खुर्द भोपाल को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/ 20 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 8 माह के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक मनोज त्रिपाठी एवं विक्रम सिंह द्वारा प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार पुलिस थाना खजूरी सड़क को मुखबिर ने 13 अगस्त 2023 को जरिये फोन सूचना दी कि एक व्यक्ति पिपलिया जोड़ ग्राम फंदा खुर्द पर खड़े होकर किसी का इतजार कर रहे है जिनके पास गांजा रखा है जिन्हें पकड़ा गया तो उनके पास से गांजा मिल सकता है। पुलिस के उप निरीक्षक ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पिपलिया जोड़ ग्राम फंदा खुर्द पर ग्राहक का इंतजार करते हुए अ भियुक्त को पकड़ कर उसके झोले की तलाशी ली तो झोले के अंदर सफेद 1 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा अवैध रुप से रख हुआ मिला। पुलिस थाना खजूरी सड़क भोपाल के उप निरीक्षक ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरूद्व एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/ 20 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना में घटनास्थल का नक्शा,पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए। विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की विवेचना के बाद जिला न्यायालय में अभियुक्त के खिलाफ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

तराई करते समय फर्स्ट फ्लोर से गिरा बुजुर्ग मौत

भोपाल। अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित मिनाल गेट के पास निर्माणाधीन दुकान की तराई करते समय बुजुर्ग फर्स्ट फ्लोर से गिर गया। करीब 25 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। उसे पास ही स्थित अस्पताल ले जाया गया, वहां करीब 1 घंटे चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 63 साल के विनोद मिश्रा सेमरा कला अशोका गार्डन में रहते थे। वह मजदूरी कहते थे। उनका काम मिनाल में चल रहा है। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे के आसपास वह निर्माणाधीन दुकान के फर्स्ट फ्लोर पर तराई कर रहे थे। तराई करते समय बैलेंस बिगड़ा और वह सड़क पर गिरे थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां उनकी मौत हो गई।

3 से 4 करोड़ का नुकसान, दमकल से पहले पहुंचा पानी का टैंकर, अतिक्रमण ने रोका रास्ता

खौलते तेल से उठीं लपटें, डीजल भट्टी से भड़की आग चार मंजिल तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हादसे के बाद भी नहीं चेता प्रशासन, जली दुकानों के सामने फिर सुलग रहीं भट्टियां

न्यू मार्केट में भीषण आग ने दुकानदारों की सालभर की कमाई और दीपावली की तैयारियों को राख कर दिया। खेड़ापति हनुमान मंदिर के पीछे बालाजी छोले-भटूरे की दुकान से उठी लपटें चार मंजिल तक पहुंच गईं। मोबाइल, कपड़े, बर्तन और रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानों में रखा सामान जल गया। दुकानदारों के मुताबिक, करीब 3 से 4 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हादसे के बाद अब सवाल उठ रहा है कि बाजार में आग बुझाने के इंतजाम कितने पुख्ता हैं और आपात स्थिति में दमकल की पहुंच इतनी मुश्किल क्यों है।

खौलते तेल से उठीं लपटें, ऊपर तक फैली आग



प्रत्यक्षदर्शी और मोबाइल दुकान में काम करने वाले कुबेर कुमार के मुताबिक, छोले-भटूरे बनाते समय डीजल भट्टी पर खौलते तेल में भटूरे डालने के दौरान अचानक आग भड़क गई। लपटें ऊपर लगे बैनर और फ्लैक्स तक पहुंचीं, जिसके बाद आग तेजी से फैलती चली गई। दुकान में उस समय 60 से ज्यादा लोग मौजूद थे। आग देखते ही लोग बाहर भागे। दुकान में रखे फर्नीचर, पर्दे और ऊपर लगे पोस्टर-फ्लैक्स ने आग को फैलने का मौका दिया। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, दुकान में रखे दो-तीन गैस सिलेंडर बाहर निकाल दिए गए थे।



बड़ा सवाल

बाजार में सैकड़ों रेहड़ियों और अतिक्रमण के बीच आपातकालीन वाहन आसानी से कैसे पहुंचेंगे? पहले भी आग लगने के बावजूद रास्तों को बाधामुक्त रखने और आग से बचाव के इंतजामों की नियमित जांच क्यों नहीं हुई?

चार साल पहले भी लगी थी आग

स्थानीय लोगों के मुताबिक, चार साल पहले भी इसी तरह आग लगने की घटना हुई थी। इसके बावजूद बाजार में आग से बचाव और दमकल की आसान पहुंच को लेकर सवाल बने हुए हैं। नगर निगम के फायर ऑफिसर सौरभ पटेल के मुताबिक, आग डीजल भट्टी से भड़की थी। उन्होंने सिलेंडर ब्लास्ट की पुष्टि नहीं की है।

दमकल से पहले पहुंचा पानी का टैंकर

आग लगने के बाद मौके पर पहले पानी का टैंकर पहुंचा। प्लास्टिक की पाइप से आग बुझाने की कोशिश की गई। दुकानदारों का कहना है कि दमकल को घटनास्थल तक पहुंचने में 30 से 40 मिनट लग गए। संकरी सड़क और रास्ते में लगी रेहड़ियों के कारण दमकलों को आगे बढ़ने में परेशानी हुई। दुकानदार संजय कुमार के मुताबिक, फायर कंट्रोल रूम को सूचना देने के बाद घटनास्थल की लोकेशन समझाने में भी समय लगा। जबकि माता मंदिर फायर स्टेशन घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर है।

हादसे के बाद भी नहीं चेता प्रशासन, जली दुकानों के सामने फिर सुलग रहीं भट्टियां

न्यू मार्केट में गुरुवार को भीषण आग से कई दुकानें जलकर खाक हो गईं, लेकिन हादसे के बाद भी प्रशासन की कार्रवाई जमीन पर नजर नहीं आ रही है। जली हुई दुकानों के ठीक सामने अब भी छोले-भटूरे की दुकान संचालित हो रही है। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं दिख रहे हैं। गैस सिलेंडर के बजाय डीजल भट्टी पर छोले-भटूरे बनाए जा रहे हैं और उससे उठती आग की लपटें एक और हादसे की आशंका बढ़ा रही हैं। बड़े हादसे के बाद भी बाजार में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।



सोमवार को जांच के बाद कार्रवाई का दावा

फायर सेफ्टी अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि सोमवार को छोले-भटूरे की दुकानों की जांच की जाएगी। इसके बाद नियमों के अनुरूप कार्रवाई करते हुए दुकानों को बंद कराने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुकानों में फायर सेफ्टी के इंतजाम, आने-जाने के रास्ते और आपात स्थिति में दमकल वाहनों के पहुंचने की व्यवस्था की भी जांच होगी। इस संबंध में बैठक के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

हादसे के बाद कार लेकर भागा ड्राइवर

सड़क पार करते कैंटीन संचालक को कार ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन ढाबा के सामने गुरुवार रात करीब 9 बजे के आसपास सड़क पार कर रहे कैंटीन संचालक को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कैंटीन संचालक को गंभीर चोट आई थी। उन्हें एम्स पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और ड्राइवर का पता लगा रही है। टक्कर मारने के बाद कार मंडीदीप की तरफ तेजी से निकली थी।

पुलिस के अनुसार 58 साल के शिव शंकर कुशवाहा, गगन सोसाइटी एसआरके यूनिवर्सिटी के पास मिसरोद में रहते थे। वे ईडन गार्डन कॉलोनी में चाय नाश्ते की कैंटीन का संचालन करते थे। गुरुवार रात करीब शिव शंकर एक्टिवा से घर लौट रहे थे। इस दौरान नर्मदापुरम सड़क पर विराट शोरूम के सामने उनकी एक्टिवा का पेट्रोल खत्म हो गया। उन्होंने एक्टिवा सर्विस लेन में खड़ी की और खाली बोतल लेकर वृंदावन ढाबे के पास इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पहुंचे।

स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, दो घायल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित इमलिया रोड पर चौकसे ढाबा और पेट्रोल पंप के बीच मुख्य सड़क पर स्कूल बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर पीछे बैठी महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक घायल हुए हैं। पुलिस टक्कर मारने वाली बस और चालक की तलाश कर रही है। 45 साल की रामफली बाई मूलतः डिंडोरी की रहने वाली थी और हाल ही में लांबाखेड़ा में गोपाल उर्फ रामजी यादव के साथ रह रही थी। वे मजदूरी करती थी। गुरुवार सुबह रामफली मजदूरी करने गई थी। शाम को वे प्रमोद और एक अन्य के साथ बाइक से लांबाखेड़ा लौट रही थी। इमलिया रोड पर चौकसे ढाबा और पेट्रोल पंप के बीच पहुंचते ही पीछे से आ रही स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों लोग सड़क पर गिर गए थे। सड़क पर गिरने के कारण रामफली बस की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रमोद और साथी को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था, वहां से इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई।

पेट्रोल लेकर वापस जा रहे थे कि हो गया हादसा

वहां बोतल में पेट्रोल लेकर एक्टिवा की तरफ जा रहे थे। उन्होंने एक सड़क पार कर ली थी, जबकि मंडीदीप की तरफ जाने वाली सड़क पर पहुंचे ही थे कि बागसेवनिया की तरफ से आ रही कार के ड्राइवर ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें पैर हाथ और सिर में गंभीर चोट आई थीं। राहगीरों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से एम्स पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद शिव शंकर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस कार की तलाश में जुटी हुई है।

अपहरण और गुमशुदगी का केस दर्ज

संदिग्ध हालात में वकील लापता पांच दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित इसरानी मार्केट में रहने वाला युवा वकील



संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने वकील की बहन की सूचना पर गुमशुदगी और अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

लगातार पांच दिन से वकील का कोई सुराग नहीं मिलने से अन्य वकीलों में आक्रोश की स्थिति निर्मित है। इधर पुलिस का कहना है कि घर और आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार गरिमा रामनानी इसरानी मार्केट हनुमानगंज में रहती हैं और जिला कोर्ट में प्रेक्टिस करती हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उनका बड़ा भाई विशाल रामनानी (29) उनके साथ इसरानी मार्केट हनुमानगंज में रहता हैं और जिला कोर्ट में प्रेक्टिस करता है। 5 अक्टूबर की शाम विशाल शाम को 6-7 बजे ऑफिस से घर लौटा था। मुझे काम होने के कारण मैं रात करीब दस बजे घर लौटी। विशाल घर पर था और कुछ ही देर बाद घूमने जाने का कहकर निकल गया।

आखिरी बार वह राजू सरदार के साथ कॉलोनी में घूमते हुए 11 बजे के आसपास देखा गया था। रात करीब 12 बजे विशाल को कॉल किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद हो चुका था।

आरोपी ने लिंक भेजकर 12 रुपए

साइबर ठग ने कनेक्शन काटने की धमकी देकर ठगे 3.5 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र सी सेक्टर शाहपुरा में बिजली कनेक्शन काटने का मैसेज कर साइबर ठग ने लिंक भेजी और 12 रुपए ट्रांसफर करने को कहा। बाद में आरोपी ने खाते से साढ़े तीन लाख रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया। घटना 4 अक्टूबर की बताई जा रही है। फरियादी ने शिकायत साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर की थी। वहां से केस डायरी चूनाभट्टी पुलिस को सौंप दी गई।

दरअसल, अंकिता सोनी पिता कैलाश चंद्र सोनी (38) मकान नंबर सी-236 सी सेक्टर शाहपुरा, चूनाभट्टी में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पिता के फोन पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने बिजली विभाग से बात करने की बात कही। इसके बाद वाट्सएप मैसेज आया, जिसमें बिजली बिल भुगतान न होने पर रात साढ़े 9 बजे बिजली काटने की सूचना दी। बिजली न कटे इसके लिए शीघ्र भुगतान के लिए मोबाइल नंबर दिया गया। उनके पिता के नंबर मैजेस और लिंक भेजी। उसमें 12 रुपए भुगतान करने के लिए कहा। अंकिता सोनी ने अपने क्रेडिट कार्ड से 12 रुपए का भुगतान किया जो असफल रहा। इसके बाद उनके नंबर पर क्रेडिट कार्ड से भुगतान कंफर्म करने बैंक से अलर्ट मैसेज आया। जिसमें भुगतान पर अंकिता से सहमति मांगी गई। अंकिता ने सहमति नहीं दी। बावजूद इसके उनके क्रेडिट कार्ड पैसे कट गए। उन्हें दो बार पैसे कटने का मैसेज आया था।

श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ प्रचारक के समर्पण को किया स्मरण

विनोद जी का जीवन क्षण-क्षण और कण कण राष्ट्र को समर्पित था : विस्पुते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक विनोद जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रकार्य, संगठननिष्ठा और समाज के प्रति अनुपम उदाहरण था। उनके जीवन का क्षण-क्षण और कण-कण राष्ट्र को समर्पित था। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौधिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने वरिष्ठ प्रचारक विनोद जी की स्मृति में समाजसेवा न्यास परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। सभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, मध्यभारत प्रांत के संघचालक, क्षेत्र घुमंतू कार्य प्रमुख गोरेलाल तथा अन्य वरिष्ठजनों ने संस्मरण साझा करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

विनोद जी का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण था: चौहान

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विनोद जी के साथ निकटता से कार्य करने के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता से जुड़े अनेक वैचारिक निर्णयों और योजनाओं में विनोद जी की दृष्टि एवं मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहता था। संत रविदास महाकुंभ, टंट्या मामा भील और भीमा नायक से जुड़े कार्यों तथा योजनाओं में उनकी अंतर्दृष्टि का विशेष योगदान रहा।



प्रतिज्ञा को जीवन में उतारना विनोद जी से सीखना चाहिए : अशोक पांडेय

मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पांडेय ने विनोद जी को कार्यकर्ता की चिंता, समाज के प्रति संवेदना, जीवन की प्रमाणिकता और भविष्य को देखने वाली दूरदृष्टि का प्रतिरूप बताया। उन्होंने कहा कि विनोद जी का जीवन अनुकरणीय है। उनका प्रत्येक कार्य समाज और संगठन के प्रति समर्पण की भावना से प्रेरित था।

नेक्स्ट जनरेशन के ऑटोनॉमस व्हीकल्स की तकनीक पर चर्चा

विज्ञान और तकनीक तभी सार्थक, जब उनका अनुप्रयोग समाज के हित में हो: डॉ. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनआईटीटीटीआरमें विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए डॉ. राजेश तिवारी, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, यूनिवर्सिटी ऑफ़ नॉटिंघम का व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. तिवारी ने कहा कि विज्ञान और तकनीक तभी सार्थक हैं, जब उनका अनुप्रयोग समाज के हित में हो। डॉ. तिवारी ने स्वायत्त वाहनों, उन्नत नेविगेशन तकनीकों, मल्टी-सेंसर आधारित पोजिशनिंग प्रणालियों तथा वाहन-से-वाहन



संचार की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. चन्द्र चारू त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान एवं तकनीक का वास्तविक उद्देश्य समाज के हित में उपयोगी समाधान विकसित करना होना चाहिए।

11 अक्टूबर से होगी शुरुआत, दो यात्री भी ले सकेंगे ग्रुप टिकट का लाभ

त्योहारी सीजन: भोपाल-इंदौर मेट्रो के टिकट पर मिलेगी अतिरिक्त छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

त्योहारों के सीजन में भोपाल और इंदौर मेट्रो से सफर करने वालों को किराये में बचत का मौका मिलेगा। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) ने यात्रियों के लिए विशेष छूट योजना शुरू करने का फैसला किया है।

यात्रियों के लिए यह सुविधा 11 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। इसके तहत सिंगल जर्नी टिकट पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

31 दिसंबर तक सिंगल जर्नी टिकट पर दी जाएगी 25 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट



डिजिटल टिकट से आसान होगा सफर

भोपाल और इंदौर मेट्रो में यात्री मोबाइल ऐप से डिजिटल टिकट ले सकते हैं। भुगतान के लिए यूपीआई, क्यूआर कोड और ई-वॉलेट की सुविधा उपलब्ध है। इससे टिकट खरीदने में समय बचेगा और नकद भुगतान की जरूरत कम होगी। मेट्रो प्रबंधन का उद्देश्य यात्रियों को किफायती सफर उपलब्ध कराने के साथ डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देना है।

रिटर्न टिकट पर 30%, ग्रुप टिकट पर 35% छूट

नई व्यवस्था में रिटर्न टिकट पर कुल 30 प्रतिशत और ग्रुप टिकट पर 35 प्रतिशत छूट मिलेगी। इससे पहले रिटर्न टिकट पर 5और ग्रुप टिकट पर 10 प्रतिशत छूट दी जा रही थी। हालांकि, 20 रुपये के सिंगल जर्नी टिकट पर 25 प्रतिशत छूट लागू नहीं होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रुप टिकट के नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब इसका लाभ लेने कम से कम आठ यात्रियों की जरूरत नहीं होगी। केवल दो यात्री भी ग्रुप टिकट लेकर छूट का फायदा उठा सकेंगे। इससे परिवार और दोस्तों के साथ मेट्रो में सफर करना किफायती होगा।

ई-वॉलेट रिचार्ज पर बोनस का भी लाभ

एमपी मेट्रो मोबाइल ऐप के जरिए ई-वॉलेट रिचार्ज करने पर पहले से ही 8 से 15 प्रतिशत तक बोनस राशि मिलती है। नई टिकट छूट के साथ इस सुविधा का लाभ लेने पर यात्रियों को अधिक बचत हो सकती है। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार, दोनों सुविधाओं को मिलाकर अधिकतम लगभग 44 प्रतिशत तक का लाभ मिल सकता है।



पेंटिंग बनातीं जनजातीय चित्रकार बालमति।

बालमति के चित्रों में नजर आई जंगल-पहाड़ों की छटा

78वीं शलाका जनजातीय कला प्रदर्शनी 30 अक्टूबर तक सजेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय 'लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा' में गोण्ड जनजाति की युवा चित्रकार बालमति तेकाम के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। बहुल डिंडौरी जिले के पाटनगढ़ में जन्मी बालमति जंगल-पहाड़ों पर आधारित चित्रों को अपने कल्पना के रंग से सुंदर रूप देती हैं। बालमति के गांव की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति का भी आपके जीवन पर गहरा प्रभाव रहा।





आपके चित्रों में दिखती घड़वा शिल्प की झलक

बालमति बस्तर और अबूझमाड़ की वन्य-कलाओं की अच्छी जानकार रही हैं। महाराष्ट्र की वारली चित्रकला के अतिरिक्त घड़वा शिल्प, बांस से बने जनजातीय सजावटी उत्पाद से भी बालमति का जुड़ाव रहा और उनकी चित्रकला में इसकी झलक भी दिखाई देती है। बालमति के चित्रों में प्रकृति, परिवेश और जंगल का जीवन प्रमुखता से प्रकट होता है।



मंच पर दिखा

फैशन का जलवा

तुलसी बनीं मिस भोपाल

रैंप पर बिखरे फैशन के रंग, ग्लेम-2026 में 55 प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रैंप पर आत्मविश्वास से भरे कदम, आकर्षक परिधानों की चमक और प्रतिभा के शानदार प्रदर्शन के बीच 'मिस/मिस टीन एंड मिस्टर मध्यप्रदेश ग्लेम-2026', 'मिस भोपाल ग्लेम-2026' एवं 'लिटिल स्टार मिस इंडिया' का ग्रैंड फिनाले होटल हयात में आयोजित किया गया। 55 मॉडल्स प्रतिभागियों से सजे फैशन शो में फैशन, व्यक्तित्व और रचनात्मकता का अद्भुत संगम दिखा।समारोह के मुख्य अतिथि एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेन्मेंट के प्रबंध संचालक और सेलिब्रिटी प्रमोटर हरिओम जटिया ने विजेताओं को क्राउन पहनाकर सम्मानित किया।



चार चरणों में सजा फैशन शो

फैशन शो को चार चरणों में विभाजित किया गया था। पहले चरण में इंडियन ब्राइडल, दूसरे में वेस्टर्न, तीसरे में परफॉर्मेंस और चौथे चरण में रेड कार्पेट ड्रेसेस के साथ प्रश्नोत्तर राउंड आयोजित किया गया। मॉडल्स ने नृत्य प्रस्तुतियां देकर रंग और उत्साह का संचार भी किया। तुलसी देशमुख ग्लेम श्रेणी में विजेता बनीं।





ट्रैवल मार्ट में अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों ने चखा मप्र के पारंपरिक स्वाद का जायका, विभिन्न श्रेणियों में मिले पुरस्कार

गाइड, गाइडलाइंस और गियर के रूप में 'थ्री जी' से बदलेगी मप्र पर्यटन की तस्वीर...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मप्र ट्रैवल मार्ट 2026 के तीसरे दिन सचिव डॉ. इलैयाराजा ने कहा कि वर्ष 2028 के लिए एक सशक्त पर्यटन रोडमैप तैयार किया जाएगा, ताकि मप्र पर्यटन निवेश, सुगम व्यावसायिक प्रक्रियाओं और विविध पर्यटन अनुभवों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान बनाए। इसके लिए हम 'थ्री जी' पर काम कर रहे है, जिनमें गाइड, गाइडलाइंस और गियर शामिल हैं। प्रक्रियाओं को सरल बनाना और निवेशकों को अनुकूल नीतिगत वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। मप्र पर्यटन नीति का उद्देश्य बड़े निवेशकों के साथ-साथ स्थानीय उद्यमियों, ग्रामीण समुदायों और होमस्टे संचालकों को भी पर्यटन अर्थव्यवस्था से जोड़ना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पर्यटन का लाभ प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचेगा।

मप्र ट्रैवल मार्ट 2026: तीसरा दिन


मां की रसोई में विभिन्न व्यंजनों को प्रस्तुत किया गया था।

मां की रसोई' लाइव फूड काउंटर का उठाया लुत्फ

ट्रैवल मार्ट में अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों ने 'मां की रसोई' लाइव फूड काउंटर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यहां मेहमानों ने मप्र के अलग-अलग इलाकों के पारंपरिक खाने और खास स्वाद का आनंद लिया। मिलेट ब्रेड, घर की बनी चटनियां, मट्ठे के आलू, चक्की का साग, निघौना, उड़द की दाल जैसे पारंपरिक व्यंजनों ने मेहमानों का दिल जीता।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए सम्मानित

- सर्वश्रेष्ठ स्टॉल डिजाइन (9 वर्ग मीटर से अधिक) प्रथमः एमपी एस्केप्स।
- सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण-अनुकूल स्टॉल, प्रथमः वैन वाइब। पर्यावरण के प्रति संवेदनशील स्टॉल प्रस्तुति के लिए।
- सर्वश्रेष्ठ कला एवं शिल्प प्रदर्शनी- प्रथमः मध्यप्रदेश की पारंपरिक कढ़ाई कला,जरी जरदोजी में ताजवर खान
- सर्वश्रेष्ठ स्टॉल डिजाइन (9 वर्ग मीटर) प्रथमः कूनो क्षेत्र की वन्यजीव संपदा के लिए कूनो रिसॉर्ट।
- सर्वश्रेष्ठ टेबल स्पेस- प्रथमः टूरिज्म विलेज धोबा।
- सर्वश्रेष्ठ स्टॉल डिजाइन (6 वर्ग मीटर)- प्रथमः बांस से निर्मित पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों बैम्बू राज।



दाल-बाफले में घुला मालवा का पारंपरिक स्वाद



मध्यप्रदेश के पारंपरिक स्वाद के साथ मेहमानों को दाल बाफले, भटे का भरता और चूरमा के लड्डू का भी स्वाद मिला। बुरहानपुर की मावा जलेबी और रबड़ी, मावा बाटी, दूध का हलवा जैसे पारंपरिक मिष्ठानों ने भोजन को मिठास से भर दिया।

177 स्टॉल्स के माध्यम से दिखा मप्र का पर्यटन



ट्रैवल मार्ट 2026 एग्जिबिशन में हॉस्पिटैलिटी, हस्तशिल्प और ग्रामीण पर्यटन की अनूठी झलक भी देखने को मिली। आयोजन में लगाए गए 177 स्टॉल्स के माध्यम से मध्यप्रदेश सहित देश-विदेश के पर्यटन स्थलों, होटल एवं रिसॉर्ट, ट्रैवल-टूर ऑपरेटर्स, होमस्टे, पारंपरिक कला और हस्तशिल्प को व्यावसायिक मंच उपलब्ध कराया गया।

भारत भवन में आज से शुरू होगा दो दिवसीय बुकारू चिल्ड्रन्स लिट्रेचर फेस्टिवल

देश-विदेश के 24 लेखक, चित्रकार और कहानीकार बच्चों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बच्चों की कल्पनाओं को पंख देने, उनकी सृजनात्मकता को नई उड़ान प्रदान करने और उन्हें स्क्रीन की आभासी दुनिया से निकाल पुस्तकों के जीवंत संसार से जोड़ने के उद्देश्य से बहुकला केंद्र भारत भवन में शनिवार, 10 अक्टूबर से दो दिवसीय 'बुकारू फेस्टिवल ऑफ चिल्ड्रन्स लिटरेचर' का आयोजन किया जा रहा है। मप्र संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित यह उत्सव बाल साहित्य, कला, कहानी और कल्पनाशीलता के विविध रंगों से बच्चों को परिचित कराएगा। फेस्टिवल की जानकारी शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं भारत भवन के न्यासी सचिव शिवशेखर शुक्ला, संयोजक वेंकटेश मुथुस्वामी तथा स्वाति राय ने दी। मुथुस्वामी ने बताया कि यह आयोजन 4 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार किया गया है। सभी गतिविधियों को पांच आयु वर्गों में विभाजित किया गया है, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी कल्पनाशीलता और जिज्ञासा के अनुरूप उत्सव का हिस्सा बन सके।



पांच तरह की होंगी गतिविधियां

उत्सव में कहानी ट्री, ऑडिटोरियम सत्र, कार्यशालाएं और डूडल वॉल जैसी गतिविधियां बच्चों को साहित्य से सहज और रोचक ढंग से जोड़ेंगी। कुल 42 सत्रों में देश-विदेश के 24 लेखक, चित्रकार, कहानीकार बच्चों से संवाद करेंगे। अहमदाबाद की आरती खटवानी भाटिया, करीमनगर के आफताब यूसुफ शेख, बेंगलुरु की अलंकृता अमाया, भोपाल के अतुल वाधवानी और पूजा बापट सहित विभिन्न शहरों के साहित्यकार एवं रचनाकार इसमें सहभागिता करेंगे। डेनमार्क, पुर्तगाल और नीदरलैंड से भी वक्ता इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। शनिवार को उत्सव का शुभारंभ सुबह 11.30 बजे होगा और गतिविधियां शाम 4 बजे तक चलेंगी।

आंचलिक विज्ञान केंद्र में हर शनिवार-रविवार रात्रि आकाश दर्शन

भोपाल। ब्रह्मांड की रहस्यमयी दुनिया को करीब से निहारने का मौका एक बार फिर मिलने जा रहा है। आंचलिक विज्ञान केंद्र में रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम के तहत आगंतुक उन्नत दूरबीनों से चंद्रमा की सतह, बृहस्पति और उसके गैलीलियन चंद्रमाओं, शनि के आकर्षक वलयों और शुक्र ग्रह का अवलोकन कर सकेंगे। हर शनिवार और रविवार शाम 5.45 से 6.45 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, परिवारों और खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों को अंतरिक्ष की दुनिया को करीब से जानने का अवसर मिलेगा।

कोई बनी गांधारी तो किसी ने रावण बन खूब हंसाया

नूतन कॉलेज में दो दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 'एथेना-2026' का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाकाव्य केवल अतीत की कहानियां नहीं, बल्कि उनमें समाहित भावनाएं, संघर्ष और जीवन मूल्य आज भी समाज को नई दृष्टि देते हैं। इसी विचार को केंद्र में रख नूतन कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के दो दिवसीय वार्षिक साहित्यिक महोत्सव 'एथेना-2026' में महाभारत और रामायण पात्रों के रुप में छात्राओं ने मंच पर जीवंत प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। किसी ने गांधारी के रूप में मंच पर प्रश्नों की झड़ी लगा दी वहीं द्रौपदी के रूप में सभागार को अपने



सवालों से शर्मसार कर दिया। इस महोत्सव में रावण और शूर्पणखा के रूप में भी छात्राओं ने अंग्रेजी में डॉयलाग्स बोलकर पूरे परिसर को तालियों की गड़गड़ाहट से सराबोर कर दिया।

इन्होंने निभाई स्त्री महापात्रों की भूमिका

इस अवसर पर जान्हवी खरे ने द्रौपदी, जागृति तिवारी ने अंबा, अक्षिता सिंह ने गांधारी, शीमा रईस ने सत्यवती, प्रज्ञा जैन ने गंगा और उष्मा ने हिडिंबा की भूमिका निभाई। छात्राओं ने नृत्य और नाटकीय अभिव्यक्ति के माध्यम से इन पात्रों के जीवन से जुड़े भावनात्मक पहलुओं और संघर्षों को मंच पर साकार किया।

एनआईडी मप्र को मानव संसाधन की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों के लिए मिले चार सम्मान

भोपाल। राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी एमपी) को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), मध्य प्रदेश की ओर से आयोजित मानव संसाधन की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों की प्रतियोगिता-2026 में चार सम्मान प्राप्त हुए हैं।

संस्थान ने दो श्रेणियों में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दो अन्य श्रेणियों में उपविजेता रहा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विभिन्न संगठनों में अपनाई जा रही अभिनव और प्रभावी मानव संसाधन कार्यप्रणालियों को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना और उत्कृष्ट पहलों को साझा करने के लिए मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता के पहले संस्करण में कर्मचारी कल्याण, सतत अधिगम एवं कौशल विकास, नेतृत्व, विविधता एवं समावेशन, महिला नेतृत्व तथा कम लागत में अधिक प्रभाव उत्पन्न करने वाली मानव संसाधन पहलों जैसी श्रेणियां शामिल थीं।

रवींद्र भवन में करुणेश नाट्य समारोह के समापन दिवस पर नाटक 'सहयात्रा' का मंचन

तलाक की जटिल वास्तविकता दर्शाता 'सहयात्रा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

समकालीन समाज में वैवाहिक कलह, मानसिक असंगति, अहंकार के टकराव और तलाक की जटिल वास्तविकता आज के समाज का जीवंत रूप बन चुका है। तलाक और वैवाहिक कलह की इसी कहानी को तीन अलग अलग भागों में मंच पर प्रस्तुत करता नाटक 'सहयात्रा' का मंचन करुणेश नाट्य समारोह के समापन दिवस पर देखने को मिला। रवींद्र भवन में मंचित इस नाटक की कहानी तीन अलग-अलग जोड़ों की आपस में जुड़ी कथाओं के रुप प्रस्तुत की गई। समापन समारोह में रंगकर्मी बिशना चौहान और अविजित सोलंकी को उनके समर्पण के लिए चन्द्रहास तिवारी सम्मान से सम्मानित भी किया गया।



जब पति को मान लेती है 'लूजर'

नाटक में पहला खंड श्रीकार (एक आदर्शवादी चित्रकार) और नेहा (एक महत्वाकांक्षी और उच्च शिक्षित पेशेवर) पर केंद्रित है। समय के साथ, नेहा श्रीकार की पारंपरिक महत्वाकांक्षा और व्यावसायिक लगन की कमी से निराश होकर उसे एक लूजर के रूप में देखने लगती है और अंततः दोनों के बीच बनी गहरी खाई उन्हें अलग होने के लिए मजबूर कर देती है।

अपनी पत्नी को 'अपवित्र' मान कर बना लेता है दूरी

नाटक के दूसरे खंड में राघवेन्द्र उच्च शिक्षित व्यक्ति है, जबकि करुणा कॉलेज में अर्थशास्त्र की लेक्चरर है। त्रासदी तब आती है जब घर लौटते समय अजनबियों द्वारा करुणा का यौन उत्पीड़न किया जाता है। अपनी पत्नी को भावनात्मक समर्थन देने के बजाय, राघवेन्द्र अपनी दबी हुई संकीर्ण मानसिकता के आगे घुटने टेक देता है, उसे अपवित्र मानकर उससे दूरी बना लेता है।

पारिवारिक हस्तक्षेप बनता है तलाक का कारण

धनंजय और मंजिरी के इर्द-गिर्द घूमती इस कहानी में दिखाया कि पारिवारिक हस्तक्षेप और जिम्मेदारियों के भारी बोझ के कारण एक-दूसरे से दूर हो जाते हैं और तलाक के लिए अदालत पहुंच जाते हैं।



दुनियाभर में दृश्यम 3 का दबदबा 350 करोड़ पार हुई कमाई

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके बावजूद यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार शुरुआत की थी। अब फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। इतने दिनों बाद भी फिल्म का जलवा बरकरार है। सातवें दिन फिल्म ने 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 245.50 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, फिल्म का टोटल ग्रॉस कलेक्शन 294.60 करोड़ रुपए हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 383.60 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया है। 'दृश्यम 3' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'हनुमान अंश' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए 2 महीने से भी ज्यादा का समय हो चुका है। शायद यही वजह है कि इसकी कमाई अब काफी घट गई है। फिल्म अब लाखों में कमाई कर रही है।

लाइफ Style

कटरीना

खुद को स्वीकार करने से आता है आत्मविश्वास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कटरीना कैफ ने प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को लेकर निशाना बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि अगर आप लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देते हैं तो क्या नुकसान हो सकता है। अभिनेत्री कटरीना कैफ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया से अपने आपको बचाने के बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है, न कि हर किसी को खुश करने की कोशिश करने से।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे आलोचना पर ज्यादा ध्यान देने से आप जिंदगी में आगे बढ़ने से रुक सकते हैं। यूके में अपने कॉस्मेटिक ब्रांड की पहली सालगिरह के मौके पर हुए एक इवेंट के दौरान, कटरीना ने कहा 'हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर चल रही बातें हमारे आत्म-मूल्य को प्रभावित न करें। वहां बहुत सारी राय होती हैं। अगर आप उन सभी के अनुसार चलने लगते हैं, तो आप खुद फैसले नहीं ले पाएंगे।' अभिनेत्री ने कहा कि दूसरों की बातों पर प्रतिक्रिया देने से व्यक्ति को आगे बढ़ने में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे समय भी होते हैं जब दुनिया आपकी तारीफ करती है, दूसरे समय में आपको वास्तव में खुद का सबसे बड़ा चीयरलीडर बनना पड़ता है।' कटरीना ने जिंदगी के कई चरणों को स्वीकार करने के सलाह दी। उन्होंने माना कि आत्मविश्वास और खुद के बारे में सोच हमेशा एक जैसी नहीं रहती। कई बार लोग खुद को सबसे अच्छा महसूस करते हैं, जबकि दूसरे समय में, उन्हें खुद के बारे में अच्छा महसूस करने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अभिनेत्री ने यह बातें उस मामले के बाद कहीं, जब वह हाल ही में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पति विक्की कौशल के साथ नजर आईं थीं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था।



हॉलीवुड मसाला



मार्वल ने जारी किया नई सीरीज का लोगो

लॉस एंजिल्स। मार्वल ने 'जोडियाक' नाम की एक नई लाइव-एक्शन सीरीज का ऐलान किया है। इसे 2028 में डिज्नी प्लसपर दिखाया जाएगा। इसका प्रोडक्शन 2027 में लंदन में शुरू होना है। कास्टिंग कुछ हफ्तों में शुरू होने की उम्मीद है। मार्वल ने कहानी और कलाकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मार्वल टेलीविजन और मार्वल एनिमेशन के न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन पैनल ने कन्फर्म किया कि 'जोडियाक' एक स्पाई थ्रिलर होगी। मेकर्स ने इसे एक नई ग्लोबल जासूसी सीरीज बताया है। उन्होंने दर्शकों को बताया, 'जो लोग कॉमिक्स के बारे में जानते हैं, अगर वे इस टाइटल डिजाइन को ध्यान से देखें, तो उन्हें कुछ सुराग मिलेंगे कि हम किस दिशा में जा रहे हैं।' मार्वल टेलीविजन के चीफ ब्रैड विंडरबाम बताया कि प्रोडक्शन 2027 में लंदन में होगा।



इश्क, दर्द और एक्शन से भरपूर है गुरमीत-ईशा की फिल्म

मुंबई। गुरमीत चौधरी जल्द ही फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है। फिल्म 'तुम मेरे हो' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ एक्ट्रेस ईशा बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, गुरमीत इस फिल्म के जरिए पहली बार बतौर निर्माता भी अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। दोनों एक्टर्स फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इससे पहले गुरमीत और ईशा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर में रोमांस, इमोशन और एक्शन की झलक देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत में खूबसूरत लव स्टोरी शुरू होती दिखती है, लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है। उसके बाद कई मोड़ देखने को मिलते हैं, जिसमें हार्ट-ब्रेक और एक्शन से भरे सीन्स नजर आते हैं।



सिरकटा के बाद नए भूत से होगा 'विक्की' का सामना!

मुंबई। सितारों के साथ चलने वाली लंबी-चौड़ी टीम को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि, कुछ कलाकार हैं जो अपनी टीम का खर्च निर्माताओं पर नहीं थोपते हैं। उनमें अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। उनके साथ केवल चार लोग ही होते हैं, वह खुद निर्माता भी हैं तो खुद को निर्माता का एक्टर भी मानते हैं। अपनी फ्रेंचाइज फिल्म स्त्री 3 को लेकर राजकुमार ने कहा कि बिल्कुल वह आ रही है। अगले साल शूट शुरू करने की योजना है। कहानी पर काम चल रहा है। ऐसा नहीं है कि लाने के लिए बस फिल्म लेकर आ रहे हैं। राजकुमार राव कहते हैं, मुझे कभी अपनी टीम छोटी करनी ही नहीं पड़ी। मेरे साथ चार लोग ही रहते हैं, जिनमें मेकअप और हेयर के लिए दो लोग, एक असिस्टेंट और एक सिक्योरिटी से होते हैं। पांच साल से यही है। मुझे लगता है कि कलाकार को निर्माता का एक्टर होना चाहिए। किसी चीज को लेकर जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए।



सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड टॉम के नाम

लॉस एंजिल्स। सबसे ज्यादा फिल्में करने के रिकॉर्ड्स पर आंकड़े कई तरह के हैं। कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ। लेकिन, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और फिल्म फैक्ट्स की मानें तो सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड हॉलीवुड एक्टर टॉम लंदन के नाम है। उन्होंने अपने करियर में कुल 2000 से ज्यादा फिल्में की हैं। इसकी शुरुआत साल 1903 की लघु फिल्म द ग्रेट ट्रेन रॉबरी से हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ वे बी-वेस्टर्न फिल्मों में ज्यादा नजर आए। ये 1930-50 के दशक में ऐसी फिल्में होती थीं, जो कम बजट में बनती थी और छोटी होती थीं। टॉम ने ऐसी कई सारी फिल्में कीं। वहीं, वे सहायक और विलेन की भूमिकाओं में ज्यादा नजर आए। एरिक रॉबर्ट्स की बात करें तो उनका नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर आता है। एरिक ने कई फिल्मों में काम किया है और वे अभी भी सिनेमा की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 1978 में किंग ऑफ द जिप्सीज से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वहीं, इसके बाद से वे बेस्ट ऑफ द बेस्ट, द डार्क नाइट, द स्पेशलिस्ट, स्टार 80, द एक्सपेंडेबल्स, द एंबुलेंस, द परफेक्ट समर और स्टैंड योर ग्राउंड जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

टीवी मसाला



नाना को याद कर भावुक हुए अमिताभ साझा किया केबीसी का वीडियो

नई दिल्ली। नाना पाटेकर के निधन पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने दुख का इजहार किया है। उन्होंने उनके साहस की तारीफ की है। इसके अलावा उन्होंने उनके कामों के बारे में बताया है। अमिताभ ने भारतीय सिनेमा और समाज में उनके बेमिसाल योगदान को याद किया है। अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट शेयर किया है। इसमें उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'स्तब्ध! हर दूरे दिन उनका और हमारा संपर्क मैसेज द्वारा रहता था। आज उनका मैसेज नहीं आया!' इस वीडियो में बोलते हुए, अमिताभ बच्चन ने पाटेकर को एक असाधारण कलाकार, दोस्त, शुभचिंतक और बेहतरीन समाज सेवक बताया, जिन्होंने उन्हें जानने वाले हर व्यक्ति पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा, 'उनकी बेबाकी, सादगी और सच बोलने की हिम्मत उन्हें दूसरों से अलग बनाती थी। कुछ लोग हमारी जिंदगी से चले जाते हैं, मगर उनकी आवाज, समाज सेवा और उन्होंने जो सीख दी, वह हमारे भीतर बनी रहती है।' नाना के साथ बिताए पलों को याद करते हुए, बच्चन ने पाटेकर के समर्पित समाज सेवा कार्यों, खासकर महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित गांवों में किसानों से से जुड़ने और उनकी मदद करने के काम का जिक्र किया। बच्चन ने आगे कहा, 'उनकी बातों ने न केवल हमें प्रभावित किया, बल्कि उन्होंने जो पैसा कमाया, उसे नेक कामों में लगाया, जो समाज सेवा की उनकी झलक है।' नाना पाटेकर हाल ही में फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए केबीसी के सेट पर पहुंचे थे। उनके साथ फिल्म के दूसरे कलाकार भी थे।

ओटीटी पर धमाका करने आ रही नई सीरीज

नई दिल्ली। चार यारों के साथ अब ओटीटी पर मस्ती दोगुनी होने वाली है। हाल ही में एक नई सीरीज की अनाउंसमेंट हुई है, जो कॉमेडी और उथल-पुथल से भरी होगी। इसमें एक्टर और यूट्यूबर पुरव झा भी मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरीज 'चार यार' है। विनय वाइकुल ने सीरीज को डायरेक्ट किया है, जबकि संबित मिश्रा और सौरभ सावंत ने इसे लिखा है। शुक्रवार को सीरीज का ऐलान किया गया है। 'चार यार' का पहला पोस्टर आउट हो गया है। यह 8 एपिसोड की सीरीज 23 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। प्राइम वीडियो पर आ रही 'चार यार' सीरीज में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अय्यूब और प्रयाक मेहता लीड रोल्स में हैं, वहीं सई ताम्हणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज की कहानी चार दोस्तों के इर्द गिर्द घूमती है, जो 2000 के शुरुआती वक्त पर सेट है।



अपनी 'गर्ल गैंग' संग वेकेशन पर निकलीं आलिया, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर खास दोस्तों के साथ एक शानदार वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में आलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी गर्ल-गैंग के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। कहीं वो दोस्तों के साथ कार में हंसते-खिलखिलाते सेल्फी ले रही हैं, तो कहीं किसी खूबसूरत लोकेशन पर रेड ड्रेस में अपना एलिगेंट लुक फ्लॉन्ट करती दिखीं। तस्वीरों में उनकी दोस्तों के साथ खास बॉन्डिंग और वेकेशन वाइब साफतौर पर दिख रही है। तस्वीरों से भी ज्यादा चर्चा आलिया के दिए कैप्शन की हो रही है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जी ले जरा कैप्शन में लिखे इस फ्रेज को देखते ही फैन्स और नेटिजन्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



दोस्तों के साथ 'जी ले जरा'

दरअसल, फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के एक साथ दिखने की खबरें थीं। ऐसे में आलिया का दोस्तों के साथ 'गर्ल्स ट्रिप' की तस्वीरों पर यह कैप्शन देना फैन्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल को बढ़ा रहा है। सोशल मीडिया पर आलिया की ये तस्वीरें आते ही वायरल हो गई हैं और उनके फैन्स कमेंट सेक्शन में उनके लुक और उनकी गर्लगैंग की बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, यहां न तो रणबीर कपूर नजर आए और न ही उनकी बेटी राहा।

कैकेयी और मंथरा की झलक आई सामने, लारा-शीबा के चेहरे पर दिखा दंभ

नई दिल्ली। रामायण के मेकर्स नमित मल्होत्रा ने फिल्म से रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता, और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स से पर्दा उठा दिया है। यह पोस्टर महाकाव्य के दो अहम किरदारों को सामने लाते हुए उन घटनाओं की तरफ इशारा करता है कि कैसे ये भगवान राम का भाग्य हमेशा के लिए बदल देंगी। रामायण के मेकर्स ने फिल्म के दो बेहद अहम किरदारों के दो नए कैरेक्टर पोस्टर्स को रिलीज कर दिया है। बता दें कि यह रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स हैं, जिसमें दर्शक इस महाकाव्य के दो बहुत ही खास किरदारों से रूबरू हो पा रहे हैं। पोस्टर्स ने कहानी के टर्निंग प्वाइंट की ओर इशारा किया है। रानी कैकेयी की दो इच्छाएं जो राजा दशरथ और उनके बेटे भगवान राम के लिए सब कुछ बदल देती



हैं, वहीं रानी के इस कदम के पीछे मौजूद मंथरा की बातें होती हैं, जो ऐसी घटनाओं का सिलसिला शुरू करती है, जिससे पूरे राज्य का भविष्य बदल जाता है। यह दोनों नए पोस्टर्स अरुण गोविल के राजा दशरथ के रूप में जारी किए गए पोस्टर के बाद सामने आए हैं।

शानदार पारंपरिक पोशाक

अरुण गोविल जिन्होंने कई पीढ़ियों के दिलों में भगवान राम के रूप में टीवी पर अपनी पहचान बनाई, वह अब अयोध्या के राजा दशरथ के रूप में रामायम की दुनिया के जरिए लौट रहे हैं। पोस्टर में शाही अंदाज में लारा दत्ता के कैकेयी अवतार को पेश किया गया है, जिसमें शानदार पारंपरिक पोशाक और गहनों में वह अयोध्या की रानी के तौर पर नजर आ रही हैं। वहीं, शीबा चड्ढा का मंथरा के किरदार में लुक बेहद अलग है, जिसमें वे अपने हाथों में अपनी कुछ चीजें पकड़ी हुई नजर आ रही हैं। मेकर्स ने पोस्टर्स को शेयर करते हुए लिखा, 'एक रानी। एक मां। पिता के प्यार को धोखा देने वाली दो इच्छाएं, जो राम के भाग्य को हमेशा के लिए बदल देंगी। एक भरोसेमंद साथी। एक शातिर दिमाग, जिसकी फुसफुसाहट एक मां के प्यार को पूरे राज्य के सबसे काले दौर में बदल देगी।

हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी देखने को मिलेंगी

जिंदगी का सफर थमा, मगर पर्दे पर आने बाकी हैं नाना के पांच किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ने दुनिया से अलविदा कह दिया, लेकिन जाने के बाद भी वह अपने अभिनय का जादू दिखाएंगे। दरअसल, नाना की पांच फिल्में रिलीज होना अभी बाकी है। इन फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी जैसी अलग-अलग कहानियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

शक्ति शालिनी

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में 'शक्ति शालिनी' को उनकी आखिरी बड़ी पर्दे की फिल्म माना जा रहा है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में मैडॉक फिल्म्स और विशाल जेठवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शक्ति नाम की एक आम महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शालिनी नाम की बदला लेने वाली आत्मा की रक्षक बन जाती है। नाना के किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में उनके किरदार को एक तांत्रिक बताया गया है। फिल्म पहले 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज की तारीख में बदलाव हो सकता है।



वेदांता

नाना पाटेकर की पांचवीं आने वाली फिल्म 'वेदांता' है। राजेश्वर पांडे राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में नाना के साथ विक्रांत मैसी, संदीप धर और मुकेश तिवारी भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी, नाना के किरदार और इसकी रिलीज की तारीख के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। उनकी बाकी आने वाली फिल्मों के मुकाबले इस प्रोजेक्ट के बारे में अब तक कम जानकारी सामने आई है।

ईठा

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लोक कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। विठाबाई तमाशा और लावणी जैसी लोक कलाओं से जुड़ी एक प्रसिद्ध कलाकार थीं। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ रणदीप हुड्डा, अनंत जोशी और नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

द कन्फेशन ऑफ मैरी

'द कन्फेशन ऑफ मैरी' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें नाना फादर बेनेडिक्ट नाम के एक कैथोलिक पादरी का किरदार निभा रहे हैं। उन पर एक महिला की हत्या का आरोप लगता है। फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। यह फिल्म केरल में 1966 में हुए मदथारुवी हत्याकांड से प्रेरित है। इस मामले में मरियाकुट्टी नाम की महिला की हत्या हुई थी और एक पादरी पर आरोप लगे थे। फिल्म में नाना पाटेकर के अलावा आदिल हुसैन, आशीष विद्यार्थी, गौतम रोड़े और नेहा महाजन समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया था। फिल्म के सह-निर्माता सुभाष काले ने यह भी बताया था कि नाना ने अपनी मौत से कुछ समय पहले एक लाइन की डबिंग करने के लिए मुंबई लौटने वाले थे।

कुकू की कुंडली

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में रोमांटिक कॉमेडी 'कुकू की कुंडली' भी शामिल है। शरण शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भुवन बाम और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। नाना पाटेकर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक ऐसे रिश्ते पर आधारित है, जिसमें कुंडली की वजह से परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। कुंडली को लेकर पैदा हुए मतभेदों का असर कपल और उनके परिवारों पर पड़ता है।

भारत में जन्मे न्यूजीलैंड के ओपनर जीत रावल ने छोड़ा बल्ला

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड



भारत में जन्में न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज जीत रावल ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अहमदाबाद के विद्यानगर स्कूल में पार्थिव पटेल के सलामी जोड़ीदार रहे रावल किशोरावस्था में न्यूजीलैंड चले गए थे।

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 24 टेस्ट मैच खेलने वाले 38 वर्षीय रावल ने नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स क्रिकेट एसोसिएशन से कहा, 'मैंने पूरे सम्मान के साथ यह फैसला किया है। मुझे शांति और बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है।' उन्होंने कहा, 'मेरे बचपन का सपना निश्चित रूप से न्यूजीलैंड की तरफ से खेलना था। यह केवल मेरा सपना ही नहीं था बल्कि मेरे पिता का भी सपना था। हमें मौका दिखा और वह परिवार के साथ न्यूजीलैंड आ गए ताकि मैं अपना सपना पूरा कर सकूं।' रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से 24 टेस्ट मैच में 30.07 की औसत से 1143 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 24 शतक और 50 अर्धशतकों की मदद से 10432 रन बनाए।

रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ नवंबर 2016 में क्राइस्टचर्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में जनवरी 2020 में खेला था।

22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में 5 मैचों की टी20 सीरीज

न्यूजीलैंड को झटका, भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर चैपमैन और फाउल्क्स

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड



न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और जैक फाउल्क्स चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज चैपमैन पिछले महीने यूरोपीय टी20 लीग के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके बाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं। तेज गेंदबाज फाउल्क्स के दाहिने कूल्हे में हाल ही में कैंटरबरी में अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई थी। चैपमैन ने अब तक 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। यह 32 वर्षीय बल्लेबाज भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी कर सकता है लेकिन फाउल्क्स की वापसी की कोई निश्चित समयसीमा नहीं है।

क्लार्कसन और टिकनर को मौका

ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को इन दोनों खिलाड़ियों के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने स्वीकार किया कि टी20 सीरीज से पहले दो प्रमुख खिलाड़ियों का चोटिल होना टीम के लिए बड़ा झटका है। वॉल्टर ने कहा, "मार्क और जैक के लिए मुझे बहुत दुख है और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमें खुशी है कि हम जोश और ब्लेयर की विशेषज्ञता का फायदा उठा सकते हैं। यह दोनों खिलाड़ी इस सीरीज में खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' टी20 सीरीज का आखिरी मैच एक नवंबर को हैमिल्टन में खेला जाएगा।


खबर संक्षेप



आज से सीनियर हॉकी चैंपियनशिप


झांसी। देश भर की 29 टीम शनिवार से शुरू होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगी। हॉकी इंडिया ने घोषणा की कि टूर्नामेंट का फाइनल 21 अक्टूबर को खेला जाएगा। पंजाब इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए टीम को तीन डिवीजन में बांटा गया है, जिनमें डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी शामिल हैं। डिवीजन ए में 12 टीमें शामिल हैं, जिन्हें तीन-तीन टीमों के चार पूल में बांटा गया है। पूल ए में पंजाब, तमिलनाडु और बंगाल, जबकि पूल बी में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और पुडुचेरी शामिल हैं। पूल सी में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और चंडीगढ़, जबकि पूल डी में मणिपुर, हरियाणा और दिल्ली शामिल हैं। पूल चरण के बाद 18 अक्टूबर को क्वार्टर फाइनल होंगे। सेमीफाइनल 19 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके बाद तीसरे स्थान का मैच और फाइनल 21 अक्टूबर को होंगे। डिवीजन बी में दो पूल में 10 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

एसए20 नीलामीः 16.89 करोड़ में बिके के राउल्स



डरबन। दक्षिण अफ्रीका की टी-20 लीग एसए20 के पांचवें सीजन की नीलामी में 18 साल के युवा क्रिकेटर जेसन राउल्स ने सबको चौंका दिया। महज एक टी-20 मैच का अनुभव रखने वाले इस खिलाड़ी पर फ्रेंचाइजी ने इतनी बड़ी बोली लगाई कि वह नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। उन्हें अपनी टीम में शामिल करने के लिए एमआई केप टाउन और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आखिरकार जोबर्ग सुपर किंग्स ने बाजी मारते हुए राउल्स को करीब 16.89 करोड़ रुपए में खरीद लिया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि राउल्स अभी केवल 18 साल के हैं और अपनी पढ़ाई भी पूरी कर रहे हैं। इतने कम अनुभव के बावजूद उन पर लगी करोड़ों की बोली ने क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा है।

चाइना स्मैशः सेमीफाइनल में हारे मानव-मानुष



बीजिंग। मानव ठक्कर और मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के लिम जोंगहून और ओह जुनसंग के हाथों सीधे गेम में हार गई। भारत की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को केवल 20 मिनट में कोरियाई टीम से 8-11 6-11 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। मानुष मिश्रित युगल के सेमीफाइनल से भी आगे बढ़ने में नाकाम रहे। उनकी और दीया चिताले की जोड़ी को गुरुवार को चीनी ताइपे की लिन युन-जू और चेंग आई-चिंग की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

दूसरे टी20 में भारत की 6 विकेट से हार, वेस्टइंडीज ने सीरीज में की बराबरी

रांची में उलटफेर, 500+ स्कोर वेस्टइंडीज का ऐतिहासिक रन चेज

कप्तान होप ने 45 गेंद में ठोके 102 रन

एजेंसी ▶▶| रांची



कप्तान शाइ होप के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 मैच में शुक्रवार को जीत के लिए रिकॉर्ड 250 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारत के 5 विकेट पर 249 रन के जवाब में वेस्टइंडीज के लिए होप ने 45 गेंद में 6 चौकों और 9 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए। वहीं शेरफान रदरफोर्ड ने 37 गेंद में 84 रन बनाए। इन दोनों पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने 18. 3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने पहला मैच लखनऊ में 8 विकेट से जीता था ।

सैमसन ने खेली आक्रामक पारी

भारत के लिए संजू सैमसन 82 रन की आक्रामक पारी के साथ फॉर्म में लौटे जबकि श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा ने भी उपयोगी पारियां खेली। सैमसन ने 21 गेंदों में अपना नौवां टी20 अर्धशतक जमाया। उन्होंने ईशान किशन (22 गेंदों में 43 रन) के साथ 97 रन की साझेदारी की । दोनों ने 11 ओवर के बाद 12 की रनरेट से भारत को एक विकेट पर 139 रन तक पहुंचाया। अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे ईशान ने अपनी पारी में 6 चौके और दो छक्के लगाए। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने इस साझेदारी को तोड़ा और लगातार दो विकेट लिए।

होप की शानदार पारी टीम इंडिया पर पड़ी भारी

होप और रदरफोर्ड ने भारत के स्पिन आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। पहले टी20 में अर्धशतक जमाने वाले होप ने उसी लय को कायम रखते हुए शतक जड़ा। उन्होंने अक्षर पटेल को छक्का लगाकर दूसरा टी20 शतक पूरा किया और टीम को जीत तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने उनका पूरा साथ दिया और सिर्फ 54 गेंद में 120 रन की साझेदारी की।

स्कोर बोर्ड

भारत	रन	गेंद	4	6
अभिषेक का मोती बो चेस	20	12	2	1
सैमसन का पूरन बो स्प्रिंगर	82	41	9	4
ईशान किशन बो चेस	43	22	6	2
शिवम दुबे बो चेस	07	10	1	0
अय्यर का हेटमायेर बो स्प्रिंगर	40	18	3	3
तिलक वर्मा नाबाद	44	18	3	3
नमन धीर नाबाद	04	01	1	0

अतिरिक्त : 9 रन, योग : 20 ओवर में 249/5 रन
गेंदबाजी : हुसैन 3-0-46-0, शेफर्ड 3.4-0-47-0, चेस 4-0-24-3, मोती 2-0-21-0, जोसेफ 3-0-39-0, स्प्रिंगर 4-0-64-2, पॉवेल 0.2-0-7-0

वेस्टइंडीज	रन	गेंद	4	6
शाइ होप नाबाद	102	45	6	9
पूरन का बिश्नोई बो यादव	04	02	1	0
हेटमायेर बो यादव	00	01	0	0
पॉवेल बो यादव	24	13	4	1
रदरफोर्ड का सैमसन बो कुलदीप	84	37	7	7
रोमारियो शेफर्ड नाबाद	34	13	3	3

अतिरिक्त : 4 रन, योग : 18.3 ओवर में 252/4 रन
गेंदबाजी : मयंक यादव 3-0-36-3, अर्शदीप 4-0-45-0, अक्षर 3.3-0-63-0, दुबे 2-0-30-0, कुलदीप 4-0-53-1, नमन 2-0-25-0

ज्वेरेव और शेल्टन तीसरे दौर में



एजेंसी ▶▶| शंघाई

अमेरिकी ओपन चैंपियन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव और अपना 24वां जन्मदिन मना रहे बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन के फाइनल में शेल्टन को हराने वाले शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वू यिबिंग को 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया। दूसरी तरफ शेल्टन ने इस एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट में डेनियल अल्टमायर पर 6-3, 7-6 (6) से जीत हासिल करके शानदार तरीके से अपना जन्मदिन मनाया।



इस बीच नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को वॉकओवर मिला, जिससे वह तीसरे दौर में पहुंच गए। उनके प्रतिद्वंदी एलेक्स मोलकान ने किसी अज्ञात बीमारी के कारण मैच से नाम वापस ले लिया था। एक अन्य मैच में क्वालीफायर रेई सकामोटो ने 23वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

कैंसर से उबरने के बाद टेस्ट में मेडिनसन ने की 10 साल बाद वापसी

33 गेंद में जीरो, ऑस्ट्रेलिया के ओपनर का अनचाहा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| डरबन



ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 9 अक्टूबर से डरबन में शुरू हुआ। इसके साथ ही एक नई ओपनिंग जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ने उतारी। मगर नतीजा वही रहा, जो पिछले कुछ मैचों में रहा था, नाकामी।

10 साल फिर से टेस्ट मैच खेलने उतरे निक मेडिनसन 33 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके और मार्को यानसन के शिकार बन गए। गेंद उनके बल्ले से लगकर स्टंप्स बिखेर गई। यह 26 साल में किसी भी टेस्ट ओपनर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इससे पहले साल 2000 में जिम्बाब्वे के ट्रेवर ग्रिपर वेस्ट इंडीज के सामने 36 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके थे। मेडिनसन ने 2016 में साउथ अफ्रीका के सामने ही टेस्ट डेब्यू किया था। तीन मैच खेलने के बाद वे बाहर कर दिए थे।

18 महीने बाद खेला फर्स्ट क्लास क्रिकेट

मेडिनसन का 33 गेंद में जीरो पर आउट होना एक टेस्ट पारी में किसी भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। रिकॉर्ड माइक व्हाइटनी के नाम है, जो 1981 में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंद में बिना खाता खोले आउट हुए थे। मेडिनसन 18 महीने बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेल रहे थे। इससे पहले वे इस फॉर्मेट में आखिरी बार मार्च 2025 में खेले थे। टेस्टिकुलर कैंसर के चलते उन्हें खेल से दूरी बनानी पड़ी। उन्होंने कैंसर से उबरने के लिए सर्जरी कराई और नौ सप्ताह तक कीमोथैरेपी ली।

बिना रन बनाए सर्वाधिक गेंद खेलकर आउट होने वाले ओपनर

बल्लेबाज	गेंद	विरोधी टीम	मैदान	साल
डैरिन मरे (न्यूजीलैंड)	39	श्रीलंका	ड्यूनेडिन	1995
ट्रेवर ग्रिपर (जिम्बाब्वे)	36	वेस्टइंडीज	किंग्स्टन	2000
निक मेडिनसन (ऑस्ट्रेलिया)	33	दक्षिण अफ्रीका	डरबन	2026

मेगन शट ने वनडे में पूरे किए 150 विकेट

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन



ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। शुक्रवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड पर बांग्लादेश महिला टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में शट ने वनडे क्रिकेट में 150 विकेट पूरे किए। शट इस खास मुकाम तक पहुंचने वाली सिर्फ तीसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गई हैं। वह इस लिस्ट में दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पेरी (166 विकेट) और पूर्व तेज गेंदबाज कैथरीन फिट्जपैट्रिक (180 विकेट) के साथ शामिल हो गई हैं। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में उतरते समय, 33 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने सीरीज की पहली ही गेंद पर फरगाना हक का विकेट लिया और फिर तीसरे ओवर में शर्मिन सुल्ताना का विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की।

खेल मंत्री से मिले पैरा निशानेबाज

नई दिल्ली। आगामी आइची-नागोया पैरा एशियाई खेलों के लिए चयन प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पैरा निशानेबाजों ने शुक्रवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की और खेल प्रशासन में कथित खामियों को लेकर अपनी चिंताएं उनके सामने रखीं।



तीन निशानेबाजों के एक प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री से मुलाकात की और अपना आरोप दोहराया कि भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले खेलों के लिए चार ऐसे निशानेबाजों को शामिल करने के उद्देश्य से चयन के नियमों में ढील दी, जो निर्धारित मानदंडों पर खरे नहीं उतरते थे। एशिया में तीसरी रैंकिंग पर काबिज पैरा पिस्टल निशानेबाज संदीप कुमार ने पहले चयन प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि महाद्वीपीय रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद रुद्रांश खंडेलवाल को उनसे और मौजूदा एशियाई नंबर एक आकाश पर तरजीह देते हुए चुन लिया गया।

बिहार सरकार

न्यायालय जिला नियोजनालय सिवान

अति अल्पकालीन आम–सूचना

एतद् द्वारा नीचे अंकित विपक्षी/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम 2016 के अन्तर्गत जब्त वाहनों के अधिहरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है:–

SL. NO.	THANA NAME	CASE NO	ADHIHARAN CASE NO	VECHICLE TYPE	REG. NO./ CHESIS NO./ ENG.NO	VIHICLE OWNER DETAILS
01	SIWAN MUFFASIL	141/2022	07/2023-24	SCOOTY	Reg. No-MP13FN8603 Che No-ME4JF913BLD030258 Eng No-JF91ED0029884	SUMAN CHADHAAR S/O- DUKHDEV CHADHAAR AT-DHANCHA BHAWAN 178 AMAR NAGAR MADHYA PRADESH-456001

उपरोक्त वादों की सुनवाई की अगली तिथि 27-10-2026 निर्धारित करते हुए विपक्षी/प्रतिवादी एवं सम्बद्ध व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में निर्धारित तिथि तक स्वयं तथा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संसोधन) नियमावली–2022 के नियम 12(क) के अन्तर्गत प्रपत्र–IV भरकर जप्त वाहन के अवमुक्ति हेतु वाहन के नवीनतम बीमाकृत मुल्य का 10 से 50 प्रतिशत राशि शस्ति के मद में चालान के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित तिथि तक अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है और तदोपरान्त एक पक्षीय सुनवाई करते हुए राजसात आदेश पारित कर दिया जायेगा, जिसके लिए पूर्ण रूप से आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

PR. No. 013368 (Excise) 2026-27

जिला नियोजन पदाधिकारी, सिवान

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

योजना की विस्तृत जानकारी www.mphousing.in/www.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

सैफायर पार्क सिटी कटारा हिल्स भोपाल में विभिन्न श्रेणी के डुप्लेक्स भवन यथा स्थिति विक्रय हेतु उपलब्ध

MP Online Help Line 0755-6720200

क्र.	भवन का प्रकार	संख्या	भूखण्ड का अनुमानित क्षेत्र (व.मी.)	निर्मित क्षेत्रफल (व.मी.)	भवनों का अनुमानित मूल्य (रु. लाख)	धरोहर राशि (रु. लाख)	आवेदन शुल्क (रुपये)
1.	HIG Villa-B (3BHK)	B-49, B-51, B-52, B -57, B-58 (5 भवन)	93.75	135.71	71.67	10.75	1770/-
2.	HIG Villa-C (3BHK)	C-109	81.25	118.91	62.65	9.39	1770/-

नोट : (1). इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य कर लें। (2) मण्डल तथा शासन के नियम/शर्तें लागू होंगे। (3). ऑफर स्वीकृत उपरांत स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कराने पर धरोहर राशि 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि वापिस की जावेगी। (4) मंडल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, लीजरेंट तथा कार्प्स फण्ड इत्यादि पृथक से देय होंगे। (5) आवेदन शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 04.11.2026 सायं 5:00 बजे तक।** (6) ऑफर डालने की अंतिम तिथि 05.11.2026 सायं 5:00 बजे तक। (7) ऑफर दिनांक 06.11.2026 को सायं 03:00 बजे ऑनलाइन खोले जायेंगे।

संपर्क :- सुनील कुमार बंसोड़ (सहायक यंत्री) मो. 9981619135, नरेन्द्र मीना (उपयंत्री) मो. 9301302433, उमाकांत बाथम (संपदा प्रबंधक) मो. 9755705929

एम.सी. घनघोरिया (कार्यपालन यंत्री) संभाग-02, भोपाल, मो. 9425148302

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in

म.प्र. माध्यम/128483/2026



भोपाल की 14 वर्षीय इनारा किदवई ने जीते तीन स्वर्ण पदक



भोपाल। राजधानी की 14 वर्षीय इनारा किदवई ने बठिंडा (पंजाब) में हाल ही में संपन्न 35वीं अखिल भारतीय जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने इस वर्ष की राष्ट्रीय प्रतियोगिता (नेशनल्स) के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इससे पूर्व अगस्त माह में भोपाल में आयोजित 13वीं वेस्ट ज़ोन शूटिंग चैंपियनशिप में भी इनारा ने स्कीट के सभी आयु वर्गों में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे।

■ 35वीं अखिल भारतीय जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप

पद्मश्री लोहिया को केंद्रीय मंत्री मंडाविया और डॉ. मुरुगन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पैरा स्विमर पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया को तीसरी बार इंग्लिश चैनल पार करने पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और केंद्रीय राज्य मंत्री सूचना व प्रसारण एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने नई दिल्ली में सम्मानित किया।

लोहिया शुक्रवार को ही लंदन से दिल्ली पहुंचे और उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय खेल मंत्री स्वयं लोहिया की व्हीलचेयर धकाकर लाए और उन्हें सम्मानित किया। गौरतलब है कि सत्येंद्र सिंह लोहिया ने 24 सितंबर को तीसरी बार इंग्लिश चैनल पार करने का कीर्तिमान बनाया था।





सत्येंद्र सिंह ने विगत 24 सितंबर को तीसरी बार इंग्लिश चैनल पार करने का कीर्तिमान बनाया

इससे पहले वे फरवरी में न्यूजीलैंड की कुक स्ट्रेट पार कर अपना लोहा मनवा चुके हैं।लोहिया इंग्लिश चैनल पार करने वाले एशिया के पहले पैरा स्विमर हैं। वह मूल रूप से ग्वालियर के रहने वाले हैं। फिलहाल वह इंदौर में जीएसटी विभाग में पदस्थ हैं। सिंह ने 2007 में तैराकी शुरू की थी, तब से लेकर आज तक उन्होंने 7 राष्ट्रीय और 3 अंतर्राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में भाग लिया है और राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 20 पदक जीते हैं, जिसमें 5 स्वर्ण पदक शामिल हैं।



38 देशों के कुल 88 खिलाड़ी अहमदाबाद में लेंगे हिस्सा

भोपाल के कमल चावला और मो. उजैर को द्वितीय कॉमनवेल्थ क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में वाइल्ड कार्ड एंट्री

भोपाल। विश्व चैंपियन कमल चावला और उनके स्टूडेंट मोहम्मद उजैर को द्वितीय कॉमनवेल्थ क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में वाइल्ड कार्ड इंट्री मिली है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता वीर सावरकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित की जा रही है। इस चैंपियनशिप का आयोजन बिलियर्ड्स एंड स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएसएफआई) डब्ल्यूसीबीएस एवं डब्ल्यूपीए द्वारा किया जा रहा है। पिछले छह महीनों में दोनों खिलाड़ियों के शानदार और संभावनाओं से भरे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें वाइल्ड कार्ड एंट्री प्रदान की गई है। कमल चावला और उजैर इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हेबॉल पूल स्पर्धा में भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में 38 कॉमनवेल्थ देशों के कुल 88 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। स्पर्धा में हेबॉल पूल, स्नूकर, 10 बॉल पूल, ब्लैक बॉल पूल, कैरम बॉल पूल के इवेंट खेले जाएंगे। दोनों खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अच्छे प्रदर्शन का परिणाम है। उनकी भागीदारी से भोपाल और मध्य प्रदेश में क्यू स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ उभरते हुए खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

सनी, जतिन और मुर्तजा करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

भोपाल संभाग के तीन खिलाड़ियों का भारतीय वेटरन क्रिकेट टीम में चयन







हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ (बीडीसीए) से जुड़े तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों सनी भटनागर, जतिन सक्सेना और मुर्तजा अली का भारतीय 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की वेटरन क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। तीनों खिलाड़ी आगामी आईएमसी ओवर-40 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह विश्व कप 17 अक्टूबर से 1 नवंबर तक गुयाना में आयोजित होगा। घोषित भारतीय टीम में कप्तान आनंद नायर के साथ पंकज धुलधोये, सोमेश नायर, नासिर खान, जतिन सक्सेना, जितेंद्र लिखार, अमित पॉल, मुर्तजा अली, सुदेश टी., जिगर मेहता, अमित मिश्रा, भूपेंद्र यादव, अनूप फुलपर, शलभ श्रीवास्तव, पवन आनंद, सनी भटनागर और एस. टिकियानी शामिल हैं।

विश्व कप में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर रहेंगी निगाहे

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के सनी भटनागर, जतिन सक्सेना और मुर्तजा अली का भारतीय टीम में चयन स्थानीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें विश्व कप में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर रहेंगी। इन तीनों खिलाड़ियों के चयन पर भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, सचिव शांति कुमार जैन,उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ सुशील सिंह ठाकुर, आदित्य विजय सिंह, प्रदीप देशमुख, जुनैद किदवई, राशिद खान, अविनाश पाठक, मुजीब उद्दीन आदि खिलाड़ियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट स्पर्धा

कैंपियन ने सेंट जोसेफ कोलार को 89 रन, डीपीएस नीलबड़ ने डीपीएस कोलार को 80 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डॉ. गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में कैंपियन स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंट जोसेफ कोलार को 89 रन से पराजित किया। कैंपियन स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.4 ओवर में 173 रन बनाए। जवाब में सेंट जोसेफ कोलार की टीम 22.1 ओवर में 84 रन पर सिमट गई। कैंपियन के अर्नव सिंह पुंडीर ने 68, अक्षत कुमार सिंह ने 39 रन बनाए, रुद्र शिवहरे नाबाद 23, ऋषित तेजचंदानी ने 19 रन बनाए। कैंपियन स्कूल ने 173 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में सेंट जोसेफ कोलार के पृथ्वीराज विश्वकर्मा ने 36, शौर्य शर्मा ने 11 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सके और पूरी टीम 84 रन पर आउट हो गई। कैंपियन के अर्नव वर्मा ने 3 विकेट, अर्नव पुंडीर और आकुल वाघमारे ने 2-2 विकेट हासिल किए। रुद्र शिवहरे, अक्षत कुमार सिंह और शौर्य शर्मा ने भी विकेट लेकर टीम की जीत में योगदान दिया। इस प्रकार कैंपियन स्कूल ने 89 रन से शानदार जीत दर्ज की।



रजबीते सिंह का शतक

दूसरे मुकाबले में डीपीएस नीलबड़ ने डीपीएस कोलार को 80 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीपीएस नीलबड़ ने तय 25 ओवर में 7 विकेट पर 223 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीएस कोलार की टीम 25 ओवर में 4 विकेट पर 143 रन ही बना सकी। डीपीएस नीलबड़ के रजबीत सिंह ने शानदार शतकीय पारी खेली। युग रघुवंशी ने 39, राघव गोहिल ने 24 रन तथा शुभमोय डॉन ने 23, जतिन मंधानी ने 15 रन बनाए। इस प्रदर्शन के दम पर नीलबड़ की टीम 223 रन तक पहुंचने में सफल रही। जवाब में डीपीएस कोलार के पुनीत पांडे ने 18, रिदय माहेश्वरी ने नाबाद 68, धैर्य अदलखा ने 33, आराध्य साहनी ने 16 रन बनाए। हालांकि, बड़े लक्ष्य के सामने टीम 143 रन ही बना पाई।



Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick-start variant in Madhya Pradesh. Price is subject to change without prior notice. ^ Cash discount offer applicable only on TVS XL100 Heavy Duty i-touchstart variant. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत विक्रेता – भोपाल : कोहिनूर टीवीएस, 7389901018, 7554245855, कोहिनूर टीवीएस, 7389924459, 7389924456, अट्रेक्टिव टीवीएस, इंद्रपुरी भोपाल, 8370003697, 8370002230, कोहिनूर टीवीएस, 9870326564, 9111018733, भोपाल टीवीएस, 0755–4948300, 9926526466, संकल्प टीवीएस, मो. 7898987990, 7898987984, सक्सेस टीवीएस, मो. 9826717528, 8889655523, रायसेन : सिद्धीसारथी टीवीएस, 9238234860, 9303816415, सीहोर : ममता टीवीएस, 9201826868, राजगढ़ : श्री सांवरिया टीवीएस, 9039551201, 7748099834, जीपीडी टीवीएस, 9753055245, 7974190962, मंगल टीवीएस, 9171112384, 9171112386, विदिशा : यूरेका टीवीएस, 07592–403859, 9806974281, तारणम् टीवीएस, 9243122422, 9827399444, अशोकनगर : श्री विनायक टीवीएस, 7879041038, 7999608681, गुना : वंदना टीवीएस, 9755364517, 7694000571, श्री हरिगिरधर टीवीएस, 9425710114, 9425710113, बैतूल : ओम शक्ति टीवीएस, 9340291652, 7049027410, नर्मदापुरम : श्री ओम शक्ति टीवीएस, 9340249811, 9329914754, इटारसी : आई लक्ष्मी टीवीएस, 9244377833, लक्ष्मी टीवीएस, 9425366960, 8959091939, हरदा : श्री विद्यासागर टीवीएस, 7697255552, अधिकृत डीलर भोपाल : मानपुर 9981997535, 9981641501, 9713681500, करोंद 7772005953, हर्राखेड़ा 9893548735, ईंटखेड़ी 8120928303, फंदा 9806175382, नेहरूनगर 7723977850, 9893231841, बैरागढ़ 9827081627, 79871 बैरसिया 07565–292222, 7580876776, 9754784161, बंगरसिया 9131494312, 9826934463, देहगांव 9893932299, उदयपुरा 9893509802, सुल्तानपुर 8120053803, अधिकृत डीलर अशोकनगर : बहादुरपुर 9591155334, राजपुर 6266358545, ईसागढ़ 8878682065, 9425798779, मुंगावली 8839740541, 9806374388, अधिकृत गुना : आरोंन 8085808501, बमौरी 7987068010, फतेंहगढ़ 6265242811, मक्सूदनगढ़ 9424849214, राघौगढ़ 9669843208, जामनेर 7770960853, अधिकृत डीलर रायसेन : गैरतगंज 9425653354, 7999934324, देहगांव 6264514663, मंडीदीप 9893016056, 9009085515, ओबेदुल्लागंज 7987999256, 9713470480, सि 6266504460, बैगमगंज 8770809631, बरेली 9009222227, उदयपुरा 9893509802, अधिकृत डीलर राजगढ़ : छापीहेड़ा, 8109238402, जीरापुर, 7581071198, 6166386978, खिलचीपुर 9893624685, कुरावर 9981241802, माचलपुर, 9685505767, सारंगपुर, 7000013615, 7000822287, तलेन 9926922770,अधिकृत डीलर विदिश बासोदा 8989029329, 9584494644, गुलाबगंज 9993944799, 9993182352, ग्यारसपुर 9752535692, 6260403349, लटेरी 9074929908, शमशाबाद 9755106709, सिरोंज 8770963822, कुरवाई 9617457020, अधिकृत डीलर नर्मदापुरम : बाबई 7828641086, बनखेड़ी 8602257406, बुदनी 9827005454, डोलरिया 9977220337, 9329770107, सिवनी मालवा 6264865638, शाहगंज 8461890106, सोहागपुर 7000862026, अधिकृत डीलर बैतूल : आमला 6261272636, आठनेर 9425623807, चिचोली 9179178890, चोपना 9977653785, घोड़ाडोंगरी 9407521428, भैंसदेही 9977711439, बोरदेही 8103102158, मुलताई 7999214602, अधिकृत डीलर सीहोर : 9977707427, चांदबड़ 8719082045, लाड़कुई 9229651220, नसरूल्लागंज 9977877877, श्यामपुर 9201826868, श्यामपुर 7566784778, 9981241802, अमलाहा 9009959500, अधिकृत विक्रेता हरदा : टिमरनी 9755930630.

Benefits u ₹550 ** T&C apply as p

dentsu/har bh

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930